RNI NO. DELHI/2012/48369
वर्ष 8 अंक 269
नई दिल्ली, बुधवार, 5 अगस्त, 2020
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



आलिया भट्ट को प्रिय हैं बिल्लियां
विविध-12

# अवधपुरी प्रभु आवत जानी, भई सकल सोभा कै खानी

## सदियों का इंतजार हुआ खत्म-उत्साह में उमगती, दीयों से जगमगाती, फूलों से महकती, कलश से पावन जल छलकाती और मंगलगान गाती राम की नगरी ने धरा भव्य-दिव्य रूप

**कमलेश श्रीवास्तव।** अयोध्या



श्री रामजन्मभूमि मंदिर निर्माण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भूमिपूजन की पूर्व संध्या पर रोशनी में नहाई रामनगरी अयोध्या

**त्रेता** युग का दृश्य मंगलवार को अयोध्या में सजीव हो उठा जब राम मंदिर निर्माण के एक दिन पहले राम नगरी अयोध्या में दीपावली मनाई गई। अयोध्या के मठ मंदिरों धार्मिक स्थलों चौक चौराहों दुकानों मकानों प्रतिष्ठानों पर राम मंदिर के शिलान्यास से पहले अयोध्या दीप मालाओं से जगमगा उठी।

लाखों की संख्या में राम भक्तों ने मंदिर निर्माण के पूर्व संध्या पर दीपावली मना कर अपने संकल्पों को दोहराया। लगभग साढ़े तीन लाख से अधिक दीपों के प्रज्वलन के साथ साथ रंगोली सजाई गई, कलश सजाएं गए, घरों, मंदिरों, दुकानों पर बंदनवार सजाए गए। राम भक्तों ने कीर्तन करके प्रसाद वितरण भी किया। यह सभी खुशियां भूमि पूजन के दिन भी दोहराई जाएंगी। पूरी अयोध्या का नया स्वरूप भव्यता के साथ अपने आराध्य के भव्य मंदिर की आधारशिला रखने आ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत और राम मंदिर के भव्य निर्माण के उल्लास में डूबी हुई है। प्रधानमंत्री के अयोध्या आगमन पर जिला प्रशासन, नगर निगम और भारतीय जनता पार्टी के संगठन ने राम नगरी को भव्य बना दिया है। साकेत महाविद्यालय से लेकर सरयू तट तक दर्जनों स्वागत द्वार बनाए गए हैं। पूरी अयोध्या को लाइटों से सजा दिया गया है।

भगवान श्री राम जब 14 वर्ष का वनवास काटकर अयोध्या आए थे, अयोध्या के लोगों ने भगवान का स्वागत दीपों से किया था। वैसे ही 500 वर्षों के संघर्ष के समाप्त होने और भव्य मंदिर निर्माण की खुशी में पूरी अयोध्या को झिलमिल झिलमिल लाइटों से सजा दिया गया है। सरजू पुल से ( शेष पेज 9 )

### पीएम 32 सेकेंड में रखेंगे राम मंदिर की आधारशिला

**संवाददाता।** अयोध्या



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी भगवान राम के भव्य मंदिर निर्माण के लिए 11:30 अयोध्या के साकेत महाविद्यालय पहुंचेंगे। इसके बाद वह हनुमानगढ़ी पहुंचकर हनुमान जी का दर्शन पूजन करने के उपरांत रामलला का दर्शन पूजन करेंगे। श्री राम जन्मभूमि में भव्य मंदिर निर्माण का मुहूर्त मात्र 32 सेकंड है। यह मुहूर्त 12:44:08 सेकेंड पर लगेगा और 12:44:40 सेकंड पर समाप्त हो जाएगा। 32 सेकंड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भव्य मंदिर निर्माण के लिए आधारशिला रखनी है। वैसे तो यह पूजा सुबह से ही प्रारंभ हो ( शेष पेज 9 )

### अब काशी, मथुरा की बारीः विनय कटियार

**अयोध्या।** राम मंदिर आंदोलन के अग्रणी नेताओं में शामिल भाजपा के वरिष्ठ नेता विनय कटियार ने कहा है कि राममंदिर का काम पूरा होने जा रहा है। अब मथुरा, काशी बाकी है। मैं इस काम के लिए कूच करूंगा। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन होने के बाद क्या ( शेष पेज 9 )

### भूमि पूजन से पहले योगी के घर दीवाली



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अयोध्या** में बुधवार को भव्य राम मंदिर के लिए भूमि पूजन होगा लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लखनऊ स्थित घर में एक दिन पहले दीपोत्सव का जश्न शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खुद अपने आवास पर मंगलवार को भी दीये जलाए।

मुख्यमंत्री जब अयोध्या में राम मंदिर निर्माण की तैयारियों का जायजा लेने अयोध्या पहुंचे थे तो उन्होंने वहां साधु संतों के साथ आम लोगों से चार व पांच अगस्त को दीपोत्सव मनाने की अपील की थी। उन्होंने कहा था कि अयोध्या और भगवान राम के बगैर दिवाली की कल्पना नहीं की जा सकती है। इसी कारण उन्होंने खुद इसकी शुरुआत अपने सरकारी आवास से की है। मुख्यमंत्री आवास पर बुधवार को भी दीपोत्सव होगा। सालों के इंतजार और लंबी अदालती जंग के बाद आये इस धार्मिक उत्सव के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अगर महानायक बनने जा रहे हैं तो सीएम योगी आदित्यनाथ भी इस आयोजन के सारथी की भूमिका में होंगे। मुख्यमंत्री ने एक ट्वीट में लिखा कि अवधपुरी में श्रीराम मंदिर की स्थापना के लिए दादागुरु ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज और पूज्य गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज आजीवन समर्पित रहे। आज जबकि यह स्वप्न साकार हो रहा है तो हुतात्माद्वय को असीम संतोष की अनुभूति हो रही होगी।

### भूमि पूजन राष्ट्रीय एकता व सांस्कृतिक समागम का कार्यक्रम बनेः प्रियंका वाड्रा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**अयोध्या** में राम मंदिर निर्माण के लिए पांच अगस्त को भूमि पूजन पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह द्वारा सवाल उठाये जाने के एक दिन बाद पार्टी महासचिव व उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि यह कार्यक्रम राष्ट्रीय एकता, बंधुत्व और सांस्कृतिक समागम का कार्यक्रम बने। प्रियंका ने मंगलवार को जारी अपने बयान में कहा कि दुनिया और भारतीय उपमहाद्वीप की संस्कृति में रामायण की गहरी और अमिट छाप है।

भगवान राम, माता सीता और रामायण की गाथा हजारों वर्षों से हमारी सांस्कृतिक और धार्मिक स्मृतियों में प्रकाशपुंज की तरह आलोकित हैं। भारतीय मनीषा रामायण के प्रसंगों से धर्म, नीति, कर्तव्यपरायणता, त्याग, उदात्तता, प्रेम और सेवा की प्रेरणा पाती रही है। उत्तर से दक्षिण, पूरब से पश्चिम तक रामकथा अनेक रूपों में स्वयं को अभिव्यक्त करती चली आ रही है।

## आदित्य ठाकरे ने दी सफाई, बिहार सरकार ने कहा, हो सीबीआई जांच

### सुशांत व उनकी मैनेजर दिशा की हत्या हुई, किसी को बचाने का प्रयास कर रही सरकारः नारायण राणे

सुशांत सुसाइड मिस्ट्री



सुशांत की फाइल फोटो

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई/पटना

**अभिनेता** सुशांत सिंह राजपूत की मौत में हर रोज नया मोड़ आ रहा है। मामले को लेकर जहां महाराष्ट्र की राजनीति में उबाल आ रहा है, वहीं बिहार सरकार ने सीबीआई जांच की सिफारिश कर दी है।

अपना नाम उछलने पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के बेटे आदित्य ठाकरे ने सफाई देते हुए कहा कि इस मामले से उनका कोई लेना देना नहीं है। बेवजह उन पर कीचड़ उछाला जा रहा है। वहीं, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता नारायण राणे ने प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि सुशांत और उनकी मैनेजर दिशा की हत्या हुई है। सरकार किसी को बचाने का प्रयास कर रही है।

मायानगरी के उभरते सितारे की मौत पर गहराते रहस्य को देखते हुए मामले की सीबीआई जांच की मांग तेज हो गई है। मामले में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को कहा कि सुशांत सिंह राजपूत के पिता केके सिंह की ओर से पटना में दर्ज कराई गई एफआईआर पर सुशांत की मौत की सीबीआई से जांच कराने के लिए राज्य सरकार ने अनुशंसा भेज दी है। नीतीश ने कहा कि बिहार पुलिस ने अभिनेता सुशांत की मौत की जांच शुरू कर दी है लेकिन मुम्बई पुलिस ने सहयोग करने के बजाय जांच कर रहे बिहार के आईपीएस अधिकारी को जबरन क्वॉरंटीन कर दिया। यह उचित नहीं है। यहां प्राथमिकी होने पर जांच करना बिहार पुलिस का कानूनी कर्तव्य बनता है। उभरते हुए सितारे 34 वर्षीय सुशांत 14 जून को मुंबई के बांद्रा स्थित अपने घर में मृत पाए गए थे। सुशांत के पिता ने पटना के राजीव नगर थाना में भादंस की धारा 306, 341, 342, 380, 406 और 420 के तहत 25 जुलाई को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। राजपूत के पिता ने सुशांत की मित्र रिया और उसके परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ अभिनेता को खुदकुशी के लिए उकसाने के आरोप लगाए हैं।

वहीं, रिया के वकील सतीश मानशिंदे ने कहा कि बिहार सरकार अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले की सीबीआई जांच की सिफारिश नहीं कर सकती है, जबकि यह मामला राज्य पुलिस के जांच क्षेत्राधिकार से बाहर का है। मुंबई पुलिस अबतक 56 लोगों के बयान दर्ज कर ( शेष पेज 9 )

## यूपीएससी नतीजेः हरियाणा के प्रदीप सिंह ने किया टॉप



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**संघ** लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने मंगलवार को सिविल सेवा परीक्षा, 2019 के परिणाम घोषित कर दिए हैं। भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के अधिकारी प्रदीप सिंह ने इस परीक्षा में शीर्ष स्थान हासिल किया है। यूपीएससी के अनुसार जतिन किशोर ने द्वितीय और प्रतिभा वर्मा ने तृतीय स्थान हासिल किया है। किशोर और प्रतिभा भी सेवारत अधिकारी हैं। सिंह हरियाणा, जबकि किशोर दिल्ली और वर्मा उत्तर प्रदेश से हैं।


सिंह ने सोनीपत से फोन पर बताया कि यह एक सपने के साकार होने जैसा है। वह हमेशा आईएएस अधिकारी बनना चाहते थे। अब वह समाज के कमजोर वर्गों के लिए काम करेंगे। भारतीय राजस्व सेवा के 2019 बैच के ( शेष पेज 9 )

### आईएएस बने राहुल मोदी

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने सिविल सेवा परीक्षा 2019 का परिणाम घोषित किया तो कोई पहली, दूसरी या तीसरी रैंक हासिल करके चर्चा बटोर रहा है तो कोई सिपाही से अफसर बनने के लिए। लेकिन, इस प्रतिष्ठित परीक्षा में 420वीं रैंक हासिल करने वाले एक उम्मीदवार दूसरी वजहों से ही चर्चा में हैं। यूपीएससी के परिणाम में 420वीं रैंक पाने वाले का नाम राहुल मोदी है और यह संयोग ही है कि यह भारतीय राजनीति के दो कट्टर प्रतिद्वंद्वियों कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नामों का अनूठा संयोजन है। इसके अलावा, इससे पहले यह नाम 'क्या कहना' फिल्म में सुना गया था। इस फिल्म में अभिनेता सैफ अली खान ने एक अमीर बिगड़ैल राहुल मोदी नाम का किरदार निभाया था।

## देश में कोरोना के 52,050 नए रोगी, 803 और मौतें

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**देश** में कोरोना वायरस से संक्रमित 52,050 नए मरीज सामने आने के बाद कुल संक्रमितों की संख्या 18,55,745 हो गई। इसके साथ ही मंगलवार तक 12 लाख से ज्यादा लोग स्वस्थ भी हो चुके हैं। मंगलवार सुबह आठ बजे तक जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटे में संक्रमण से 803 लोगों की मौत हुई जिससे मृतकों की संख्या बढ़कर 38,938 हो गई। देश में अब तक 12,30,509 लोग स्वस्थ हो चुके हैं और 5,86,298 मरीजों का इलाज चल रहा है। आंकड़ों के अनुसार मरीजों के स्वस्थ होने की दर बढ़कर 66.31 फीसदी हो गई है जबकि मृत्यु दर में गिरावट आई है और यह 2.10 फीसदी है। कुल संक्रमितों में विदेशी नागरिक भी शामिल है। मंगलवार लगातार छठा दिन है जब संक्रमण के मामले 50,000 से ज्यादा आए हैं। वैज्ञानिक एवं आईसीएमआर के मीडिया समन्वयक डॉक्टर लोकेश शर्मा ने बताया कि दो अगस्त तक 2,08,64,750 नमूनों की जांच हुई है जिनमें से 6,61,892 नमूनों की जांच सोमवार को हुई। एक दिन में अब तक जांच की यह सर्वाधिक संख्या है। शर्मा ने कहा, जुलाई में प्रतिदिन औसतन 3,39,744 जांच के साथ महीने भर में 1,05,32,074 जांच की गई जो कि अब तक एक महीने में हुई जांच के हिसाब से सबसे ज्यादा है। देश में सरकारी क्षेत्र में 917 और निजी क्षेत्र में 439 जांच लैब हैं जहां कोविड-19 की जांच हो रही है।

पिछले 24 घंटे में कुल 803 लोगों की मौत हुई जिनमें से सबसे ज्यादा 266 लोगों की मौत महाराष्ट्र में हुई। वहीं तमिलनाडु में 109, कर्नाटक में 98, आंध्र प्रदेश में 63, पश्चिम बंगाल में 53, उत्तर प्रदेश में 48, तेलंगाना में 23, गुजरात में 22, पंजाब में 19, दिल्ली में 17, मध्य प्रदेश में 14, राजस्थान में 12, जम्मू-कश्मीर में 11 और ओडिशा में 10 लोगों की मौत हुई। हरियाणा और झारखंड में सात-सात, असम, पुडुचेरी और उत्तराखंड में चार-चार, छत्तीसगढ़ और गोवा में तीन-तीन, अंडमान-निकोबार द्वीपसमूह और केरल में दो-दो तथा बिहार और त्रिपुरा में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई। देश में अब तक कुल 38,938 लोगों की मौत हुई है जिनमें से महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा 15,842, तमिलनाडु में 4,241, दिल्ली में 4,021, कर्नाटक में 2,594, गुजरात में 2,508, उत्तर प्रदेश में 1,778, पश्चिम बंगाल में 1,731, आंध्र प्रदेश में 1,537 और मध्य प्रदेश में 900 लोगों की मौत हुई। वहीं राजस्थान में 715, तेलंगाना में 563, पंजाब में 442, हरियाणा में 440, जम्मू-कश्मीर में 407, बिहार में 330, ओडिशा में 207, झारखंड में 125, असम में 109, उत्तराखंड में 90 और केरल में 84 लोगों की मौत हुई।

छत्तीसगढ़ में 61, पुडुचेरी और गोवा में 56-56, त्रिपुरा में 28, चंडीगढ़ में 19, हिमाचल प्रदेश में 14, अंडमान-निकोबार द्वीपसमहू में 10, लद्दाख और मणिपुर में सात-सात, मेघालय और नगलैंड में पांच-पांच, अरुणाचल प्रदेश में तीन, दादरा-नगर हवेली तथा दमन-दीव में दो तथा सिक्किम में एक व्यक्ति की मौत हुई। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि मरने वाले में 70 फीसदी से ज्यादा लोग अन्य बीमारियों के भी शिकार थे। मंत्रालय ने कहा कि वे अपने आंकड़ों का मिलान भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के साथ कर रहे हैं और राज्यवार आंकड़े पुष्टि और मिलान का विषय है।

### बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 37,687 | ↑ 748 | |
| निफ्टी | 11,095 | ↑ 203 | |
| सोना | 54,830 | ↑ 97 | /10g |
| चांदी | 66,855 | ↓ 5 | /kg |

### क्विक न्यूज

#### जीएन साईबाबा की पैरोल याचिका खारिज

**नागपुर।** नागपुर केंद्रीय जेल के अधिकारियों ने मंगलवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर जी. एन. साईबाबा के पैरोल के आवेदन को खारिज कर दिया। उन्होंने अपनी मां के अंतिम संस्कार में हिस्सा लेने के लिए पैरोल पर छुट्टी देने का आवेदन दिया था। साईबाबा नक्सलवादियों के साथ संबंध रखने का दोषी पाए जाने के बाद नागपुर जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं। उनकी बीमार मां की मौत एक अगस्त को हो गई थी। बंबई उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ ने पिछले मंगलवार को साईबाबा की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। उन्होंने अपने स्वास्थ्य के आधार पर और कैंसर से पीड़ित अपनी मां से मिलने के लिए जमानत देने का आग्रह किया था।

### बीएसएफ जवान ने दो साथियों की हत्या की

**पायनियर समाचार सेवा।** रायगंज (पश्चिम बंगाल)

**पश्चिम** बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले में मंगलवार सुबह सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक जवान ने अपने दो साथियों को कथित तौर पर गोली मारकर उनकी हत्या कर दी। पुलिस ने कहा कि बीएसएफ कांस्टेबल उत्तम सूत्रधार ने इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह भट्टी और कांस्टेबल अनुज कुमार से झगड़े के बाद उनकी गोली मारकर हत्या कर दी। उन्होंने कहा कि रायगंज थाना क्षेत्र में भारत-बांग्लादेश सीमा के पास भाटुन गांव में यह घटना घटी। दोनों को एक स्थानीय अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, सूत्रधार ने अपने साथियों को गोली मारने के बाद अपने वरिष्ठ के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। वह अब पुलिस हिरासत में है। उसका दोनों से किसी मुद्दे पर झगड़ा हुआ था।

## मुंबई में पानी ने मचाई तबाही, तीन की मौत-रेड अलर्ट

- कोविड अस्पताल व थाने में भरा पानी, कांदिवली में एक्सप्रेसवे पर भूस्खलन से जाम
- ट्रेनें और सड़क यातायात बाधित, सरकारी दफ्तरों में करनी पड़ी छुट्टी

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई



भारी बरसात के बाद मुंबई के कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालत पैदा हो गए

**मुंबई** में सोमवार रात और फिर मंगलवार को दिन में हुई लगातार तेज बारिश ने भारी तबाही मचाई है। उपनगर सांताक्रूज में जहां घर ढहने के बाद उफनते नाले में 35 साल की महिला और उसके तीन बच्चे बह गए, वहीं कांदिवली में भूस्खलन से काफी नुकसान हुआ है।

कई जगह जलजमाव के कारण लोकल ट्रेन और यातायात सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। कोविड-19 के मरीजों का इलाज कर रहीं नर्सों और अन्य चिकित्सा कर्मियों को भी अस्पताल पहुंचने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, शहर के कई इलाकों में सोमवार रात से 200 मिमी से अधिक बारिश हो चुकी है और अगले 48 घंटों में भी ऐसे ही बारिश जारी रहने की संभावना है। विभाग ने अगले दो दिन के लिए रेड अलर्ट जारी कर दिया है। दमकल सेवा के एक अधिकारी ने बताया कि मंगलवार सुबह साढ़े 11 बजे धोबीघाट इलाके में भारी बारिश के कारण नाले से सटा एक मंजिला घर ढह गया। इसी के साथ यहां रहने वाली महिला और एक से सात साल के उसके तीन बच्चे नाले में बह गए। पुलिस ने किसी तरह दो साल की बच्ची को बचा लिया लेकिन अन्य तीन का पता नहीं चला। कोरोना वायरस के मद्देनजर केवल आवश्यक सेवाओं में लगे लोगों के लिए चलाई जा रही, मुंबई और उपनगर में लोकल ट्रेन सेवाएं भी पटरियों पर पानी भरने की वजह से बाधित हुईं। बायकुला, दादर और महालक्ष्मी के पास सडकों पर पानी भरने से वहां से यातायात को दूसरे मार्गों पर परिवर्तित करना पड़ा। उपनगर कांदिवली में भी सुबह सड़कों पर पानी भरा था। नगर निगम के एक अधिकारी ने बताया कि कुर्ला, सायन के निचले इलाकों और भांडुप के कुछ हिस्सों में भारी बारिश के कारण कई मकान डूब भी गए।

उपनगर कांदिवली में पश्चिमी एक्सप्रेस राजमार्ग (डब्ल्यूईएच) पर मंगलवार सुबह भूस्खलन से पश्चिमी उपनगर से दक्षिणी मुम्बई की ओर यातायात बाधित रहा। हालांकि वहां कोई हताहत नहीं हुआ है। मध्य मुम्बई में सरकारी नायर अस्पताल के बाहर पानी भरने से चिकित्सकीय कर्मियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। यहां कोविड-19 के कई मरीजों का इलाज चल रहा है। भारी बारिश के कारण माटुंगा पुलिस थाने में भी पानी घुस गया और उसके बाहर की सड़क भी डूब गई है। अधिकारी ने बताया कि दक्षिण मुंबई में कई कर्मचारियों के अदालत न पहुंचने पर बंबई उच्च न्यायालय ने कई मामलों की ऑनलाइन सुनवाई स्थगित कर दी। अधिकारी ने बताया कि उच्च न्यायालय बुधवार को मामलों की सुनवाई करेगा। महाराष्ट्र सरकार ने मंगलवार को शहर मुंबई तथा उपनगरों के अपने दफ्तरों में छुट्टी घोषित कर दी। बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने लोगों से घर में रहने और आवश्यक सेवाएं मुहैया कराने वालों के अलावा सभी दुकानें बंद रखने की अपील की है क्योंकि अगले 48 घंटे तक भारी बारिश का पूर्वानुमान है।

### भारत ने पाक के नए नक्शे को राजनीतिक मूर्खता कहा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** ने पाकिस्तान द्वारा जारी किए गए नए राजनीतिक नक्शे को मंगलवार को राजनीतिक मूर्खता करार दिया और कहा कि इस तरह के हास्यास्पद अभिकथनों की न तो कानूनी वैधता है और न ही कोई अंतरराष्ट्रीय विश्वसनीयता है। पाकिस्तान ने अपने नए राजनीतिक नक्शे में जम्मू कश्मीर और गुजरात के कुछ हिस्सों को अपना क्षेत्र करार दिया है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा, हमने पाकिस्तान का तथाकथित राजनीतिक नक्शा देखा है जो प्रधानमंत्री इमरान खान ने जारी किया है। भारत के राज्य गुजरात और हमारे केंद्रशसित प्रदेश जम्मू कश्मीर तथा लद्दाख के हिस्सों पर अपुष्ट दावा करना राजनीतिक मूर्खता की एक कवायद है। इसने एक बयान में कहा, इन हास्यास्पद अभिकथनों की न तो कोई कानूनी वैधता है और न ही कोई अंतरराष्ट्रीय विश्वसनीयता है।

# हरियाणा में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चौपट : सैलजा

## रोजाना हो रही हत्या, लूटपाट व अपहरण की घटनाएं

**चंडीगढ़।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रदेशाध्यक्ष व पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने कहा कि हरियाणा में कानून व्यवस्था पूरी तरह से बिगड़ चुकी है। हरियाणा में खराब कानून व्यवस्था के मामले में देश के अवल स्थान पर है जबकि प्रदेश में हर रोज अनेकों हत्याएं, लूटपाट, फिरौती, अपहरण, चोरियां व महिलाएं, बच्चियों के साथ दुष्कर्म की वारदातें हो रही है। जिसके कारण प्रदेश का हर वर्ग का नागरिक अपनी जान माल की सुरक्षा के लिए पूरी तरह भयभीत है। पिछले दिनों नरवाना में व्यापारी रतन लाल गर्ग कि सिर्फ सिगरेट की डिब्बी के रुपए मांगने पर अपराधियों द्वारा चाकू से हत्या करना, इसी प्रकार अंबाला में 25 साल के युवक की हत्या, रोहतक के सरपंच की हत्या करने के साथ-साथ हर रोज प्रदेश में हत्याएं हो गई है। मगर सरकार अपराध को रोकने की बजाए यह सब तमाशा आंख मूंदकर देख रही है। प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा ने कहा कि सरकार की गलत नीतियों व कोरोना महामारी के कारण पहले ही देश व प्रदेश में काम धंधे चौपट पड़े हैं।

# निकाय विभाग में ऑनलाइन पोर्टल से होंगे निर्माण कार्य

## अनिल विज ने शुरू किया वर्क मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** के स्थानीय निकाय मंत्री अनिल विज ने कहा है स्थानीय निकाय विभाग में निर्माण कार्यों में अनियमितताओं को लेकर आ रही शिकायतों के मद्देनजर वर्क मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल शुरू किया गया है। अब नगर परिषद, नगर निमगों तथा नगर पालिकाओं में हर तरह से के निर्माण कार्य इसी पोर्टल के माध्यम से होंगे। अनिल विज ने आज यहां जारी एक जानकारी में बताया कि निकाय विभाग में होने वाले छोटे-छोटे निर्माण कार्यों को लेकर कई तरह की शिकायतें मिलती रहती थी। जिसके चलते इस पूरी प्रक्रिया को ऑनलाइन कर दिया गया है। जिसके तहत इस पोर्टल पर संबंधित जेई द्वारा पूरा ऑस्टिमेट ऑनलाइन पोर्टल पर ही विस्तृत जानकारी देंगे। अब निर्माण से संबंधित कोई भी काम मैनुअल नहीं होगा।

विज ने बताया कि जेई साइट पर जाकर ही एमबी भरेगा। यह पोर्टल स्थानीय निकाय विभाग द्वारा खुद ही तैयारी किया गया है। विज ने बताया कि विभाग द्वारा 135 सर्विसेज पहले ही ऑनलाइन उपलब्ध करवा रहा है। आने वाले समय में निकाय विभाग की कार्यप्रणाली में और कई बदलाव किए जाएंगे। जिससे आम लोगों को लाभ मिलेगा।

### अयोध्या आंदोलन में दो बार गिरफ्तार हुए थे विज



**हरियाणा** के गृहमंत्री अनिल विज ने अयोध्या आंदोलन के दौरान दो बार गिरफ्तार हुए थे। बुधवार से शुरू होने जा रहे मंदिर निर्माण को लेकर अनिल विज ने प्रसन्नता जाहिर की है। अनिल विज ने बताया कि वह अयोध्या आंदोलन के दौरान पहली बार लखनऊ व दूसरी बार उन्नाव में गिरफ्तार हुए और करीब 19 दिन तक उन्नाव की जेल में रहे। विज ने बुधवार से शुरू होने जा रहे निर्माण कार्यों पर संतुष्टी व्यक्त करते हुए कहा कि आज 500 साल का इंतजार समाप्त होने जा रहा है। इसके लिए बहुत सारे लोगों ने कुर्बानी दी और लंबी कानूनी लड़ाई लड़ी गई है। कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए विज ने कहा कि ईश्वर को जिसका नाश करना होता है उसकी बुद्धि हर लेता है और कांग्रेस का नाश होता दिख रहा है। उन्होंने हरियाणा वासियों ने दीप प्रज्जवलित कर खुशी जताने की अपील की।

# रोडवेज कर्मचारियों ने प्रदेश के सभी डिपो में किया विरोध प्रदर्शन

## तालमेल कमेटी का ऐलान, कर्मचारियों की अनदेखी की तो संघर्ष होगा और तेज

## सरकार की वादा खिलाफी के विरोध में 7, 11, 18 व 25 अगस्त को धरने का ऐलान

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



**हरियाणा** रोडवेज कर्मचारी तालमेल कमेटी द्वारा कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिलने, पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोत्तरी, परिवहन सेवाओं के निजीकरण एवं मोटर व्हीकल एक्ट व श्रम कानूनों में बदलाव के विरोध में व सभी सहमत मांगों को लागू करवाने के लिए मंगलवार को प्रदेश के सभी डिपो में विरोध प्रदर्शन किया।

हरियाणा रोडवेज कर्मचारी तालमेल कमेटी के वरिष्ठ नेता ईंद्र सिंह बधाना, वीरेंद्र सिंह धनखड़, दलबीर किरमारा, सरबत सिंह पूनिया, दिनेश हुड्डा, पहल सिंह तंवर व आजाद सिंह गिल ने सयुंक्त ब्यान में बताया केन्द्र व राज्य सरकार कोराना महामारी को अवसर मानकर सार्वजनिक परिवहन सेवा व अन्य सरकारी विभागों का निजीकरण करने में युद्धस्तर पर जुटी हुई हैं। उन्होंने कहा सरकारी विभागों के निजीकरण के साथ बेरोजगारों को स्थाई रोजगार मिलने के अवसर समाप्त हो जाएंगे। पेट्रोल-डीजल की कीमतों में भारी बढ़ोत्तरी होने से परिवहन विभाग का घाटा लगातार बढने के साथ महंगाई से जनता का जीना दूभर हो गया है। कर्मचारी नेताओं ने कहा मोटर व्हीकल एक्ट व श्रम कानूनों में बदलाव करके सरकार ने कम वेतन भोगी कर्मचारी व आम जनता के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। प्रदर्शन में कर्मचारियों को संबोधित करते हुए लंबित मांगों बारे कहा 1992 से 2002 के मध्य लगे सभी कर्मचारियों को नियुक्ति तिथि से पक्का करने, सभी कर्मचारियों को पांच हजार रुपये जोखिम भत्ता देने, खाली पदों पर पक्की भर्ती करने, परिचालकों का पे स्केल बढ़ाने, पुरानी पेंशन स्कीम लागू करने, वर्ष 2018 में हुई 18 दिन की हड़ताल के दौरान कर्मचारियों पर एस्मा के तहत दर्ज मुकदमे व हड़ताल का समर्थन व सहयोग करने पर अन्य विभागों के कर्मचारियों व आम नागरिकों पर दर्ज मुकदमे रद्द करने की मांग की। उन्होंने कहा कि गुरूग्राम में बसों की बॉडी बनने के लिए बसें नहीं होने से कर्मचारियों को वेतन के लाले पड़े हुए हैं। उन्होंने कहा परिवहन मंत्री के वायदे के अनुसार तुरंत 867 बसों की खरीद की जाए। रोडवेज कर्मचारियो की मांगों के प्रति सरकार की वादा खिलाफी के विरोध में सात, 11, 18 व 25 अगस्त को सभी डिपो में धरने दिए जाएंगे।

# जेपी दलाल के हाथों में बरौदा की कमान

## भाजपा ने चुनाव प्रभारी नियुक्त किया

## धनखड़ के कार्यकाल में हुई पहली नियुक्ति

**चंडीगढ़।** हरियाणा की सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने बरौदा उपचुनाव से पहले बड़ा दांव खेलते हुए कृषि मंत्री जेपी दलाल को बरौदा का चुनाव प्रभारी नियुक्त कर दिया है। आने वाले दिनों में अब दलाल पूरी तरह से बरौदा में रहकर भाजपा के लिए चुनावी पिच तैयार करने का काम करेंगे।

कांग्रेस विधायक श्रीकृष्ण हुड्डा के निधन से खाली हुई बरौदा सीट पर सितंबर माह से पहले-पहले चुनाव होने हैं। ऐसे में भाजपा, कांग्रेस व इनेलो ने बरौदा में अपनी सक्रियता बढ़ा रखी है। राजनीतिक समीकरणों के आधार पर यह सीट पहले इनेलो और अब कांग्रेस के कब्जे में रहे है। पिछले पचास वर्षों में यहां कभी कमल नहीं खिला है। ऐसे में यह चुनाव जीतना भाजपा के लिए किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं है। बरौदा जाट बाहुल्य विधानसभा क्षेत्र हैं। यहां अन्य जातियां जाटों के बाद आती हैं। इस चुनौती को पार पाने के लिए भाजपा का सत्ता व संगठन पूरी रणनीति के साथ मैदान में उतर गया है। पिछले कई दिनों से मनोहर सरकार में कैबिनेट मंत्री रणजीत चौटाला जहां बरौदा व गोहाना का दौरा करके लोगों की समस्याओं का समाधान करने में जुटे हुए हैं वहीं पिछले एक सप्ताह से हरियाणा के कृषि मंत्री जेपी दलाल बरौदा के चुनावी रण में उतरे हुए हैं।

इस बीच मंगलवार की शाम भाजपा ने बरौदा में हुड्डा की घेराबंदी करने तथा जाट मदाताओं के ध्रुवीकरण के लिए कृषि मंत्री जेपी दलाल को बरौदा का चुनाव प्रभारी नियुक्त कर दिया है। भाजपा के कार्यालय सचिव गुलशन भाटिया द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि प्रदेशाध्यक्ष ओ.पी. धनख़ड़ के निर्देशों पर जेपी दलाल को बरौदा उपचुनाव का प्रभारी नियुक्त किया जाता है। ओम प्रकाश धनखड़ के प्रदेशाध्यक्ष बनने के बाद यह पहली राजनीतिक नियुक्ति है। जिसकी परीक्षा आने वाले दिनों में होगी।

# स्कूल खोले जाने से पहले अभिभावकों की राय को प्राथमिकता दी जानी चाहिए : बवेजा



ग्लोबल इवेंट्स ऑर्गनाइजेशन के चेयरमैन एमएस बवेजा

**कुरुक्षेत्र।** ग्लोबल इवेंट्स ऑर्गनाइजेशन के चेयरमैन एमएस बवेजा ने कहाकि जिस तरह हरियाणा सरकार द्वारा 17 अगस्त से स्कूल खोलने जाने के निर्णय की बात कही जा रही है। यह सरासर गलत है। उन्होंने कहा कि राज्य के शिक्षा मंत्री ने 16 अगस्त से प्रयोग के तौर पर 10वीं से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को स्कूल बुलाकर पढ़ाई शुरू करने की बात कही गयी है।

बवेजा ने कहा कि विद्यार्थियों के अभिभावकों की राय जाने बिना शिक्षा विभाग को निर्णय नहीं लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्कूलों के टीचर बच्चों को ऑनलाइन पढ़ाई करवा रहे हैं । ऐसे में बच्चों को स्कूल बुलाने का फैसला उन्हें कोरोना संक्रमण के खतरे में डाल सकता है। बवेजा ने कहाकि सरकार को समझना चाहिए कि इस समय कोरोना संक्रमण के केस तेजी से बढ़ रहे हैं । बढ़ते हुए केसों को देखते हुए अभिभावक अपने बच्चों को खतरे में कैसे डाल सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में तो पहले से ही संसाधनों की कमी है। इसके अतिरिक्त बच्चों को कोरोना के संक्रमण से बचाने के लिए कोई विशेष इंतजाम भी नहीं किए गए हैं। बवेजा ने कहा कि अन्य राज्यों में दोबारा लॉकडाउन किया जा रहा है। केंद्र सरकार ने भी 31 अगस्त तक सभी स्कूल कॉलेजों को बंद रखने के आदेश दिए हैं। राज्य सरकार की स्कूलों को खोलने में जल्दबाजी दिखाने की बात हैरानी में डालने वाली है। ऐसे में अभिभावकों का विरोध भी हो सकता है।

# गिरदावरी का समय बदलवाने की मांग को लेकर एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

## जमाबंदी के लिए जो प्री-मैच्योर सॉफ्टवेयर विकसित किया गया है उसमें अनेक कमियां हैं

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र



**गिरदावरी** का समय बदलवाने की मांग को लेकर दी पटवार एंड कानूनगों एसोसिएशन ने एसोसिएशन के जिला प्रधान डा. साहब सिंह की अध्यक्षता में एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम एडीसी को सौंपा । डा. साहब सिंह ने कहा कि संशोधित नोटिफिकेशन से पहले गिरदावरी फसल रबी व खरीफ का क्रमश- मार्च व अक्तूबर में की जाती थी लेकिन अब गिरदावरी का समय फसल रबी व खरीफ का क्रमश फरवरी व अगस्त माह कर दिया गया है। जोकि उचित नही है क्योंकि इन महीनों में फसल कच्ची होती है, जिस कारण फसल की किस्म की पहचान सही ढंग से नही होती। अगस्त के महीने में वर्षा होने के कारण कच्चे रास्तों में पानी भरा हुआ होता है तथा खेतों की डोलों पर भी फिसलन होती है। इस समय खेतों में जहरीलें सांप निकलते है। ऐसी स्थिति में पटवारी द्वारा शिजरा व गिरदावरी रजिस्टर करना बहुत मुश्किल है। डा. साहब सिंह ने कहा कि इसके अलावा जमाबंदी के लिए जो प्री-मैच्योर सॉफ्टवेयर विकसित किया गया है उसमें अनेक कमियां है। जमाबंदी को तैयार करने का समय लैंड रवेन्यू मैन्यूवैल के अनुसार एक वर्ष निर्धारित है परंत अधिकारियों द्वारा सॉफ्टवेयर में दो माह में जल्दी-जल्दी करने के आदेश दिए जाते है। इतने समय में तो जमाबंदी पढ़ी भी नही जा सकती। इतने कम समय में जमाबंदी तैयार करने से रिकार्ड की गुणवत्ता पर असर पडग़ा। ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री से मांग की गई कि राजस्व रिकार्ड के हित के लिए जमाबंदी व गिरदावरी के लिए उचित निर्णय लिया जाए ताकि भविष्य के लिए अच्छा गुणवत्तायुक्त राजस्व रिकॉर्ड तैयार किया जा सके।

# विकास मंच ने दो सैनेटरी नैपकिन वैंडिंग मशीनें भेंट कीं

**शाहाबाद मारकंडा।** सामान्य वर्ग के निर्धन एवं मेधावी बच्चों को शिक्षा मे आर्थिक सहायता करने वाली शहर की एकमात्र सामाजिक संस्था शाहाबाद विकास मंच ने शहर के दो स्कूलों मे पौधारोपण कर एवं सैनेटरी नैपकिन मशीनें भेंट कर सादगी से अपना छठा स्थापना दिवस मनाया। चेयरमैन अशोक खुराना ने बताया कि मंच के सफलतापूर्वक 6 साल पूरे होने पर विश्वास पब्लिक स्कूल एवं श्री गीता विद्या मंदिर स्कूल शाहाबाद मे दो सैनेटरी नैपकिन वैंडिंग मशीनें भेंट की गई। मंच की महिला सदस्य सुष्मा आहुजा व सोनिया मलिक ने बताया कि स्कूल में छात्रा अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाह रहती हैं । अब इन मशीनों से छात्राओं को आसानी से पैड उपलब्ध होंगे। इस अवसर पर मंच के सदस्यों ने स्कूल में त्रिवेणी पौधा भी लगाया। इस कार्यक्रम में विश्वास स्कूल की प्रिंसिपल स्नेह राजपाल, गीता स्कूल के प्रिंसिपल पंकज शर्मा, मंच के संस्थापक एवं अध्यक्ष राजेश सिडाना, सोमांशु खुराना व स्कूल स्टाफ उपस्थित रहे।

# ऑनर ने भारत में लॉन्च किया अपना पहला लैपटॉप

## ऑनर मैजिक बुक 15, ऐप गैलरी के साथ किफायती स्मार्ट फोन ऑनर-9 ए, ऑनर-9 एस भी किए पेश

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



**युवाओं** के लिए वैश्विक तौर पर एक अग्रणी ब्राण्ड ऑनर ने मंगलवार भारत में लैपटॉप वर्ग में अपना जलवा बिखेरने के साथ ही अपने किफायती स्मार्ट फोन के पोर्टफोलियो में विस्तार की भी घोषणा की है। अपनी 1+ 8+ एन इंटरनेट ऑफ थिंग्स रणनीति के तहत कंपनी ने ब्राण्ड का पहला लैपटॉप बाजार में उतारा है। जिसे ऑनर मैजिक बुक-15 नाम दिया गया है। यह भारत का पहला लैपटॉप है, जो तीन असाधारण इनोवेशन पर आधारित है। इसकी पेशकश प्री-इंस्टॉल्ड माइक्रोसॉफ्ट विंडोज 10 होम के साथ की गई है। सभी यूजर्स को माइक्रोसॉफट-365 पर्सनल सब्सक्रिप्शन का एक महीने का ट्रायल फ्री में मिलेगा। इसके अलावा, कंपनी ने ऑनर 9-ए और ऑनर 9-एस के साथ दस हजार रुपये से कम वाले वर्ग में स्मार्ट फोन की किफायती रेंज की भी घोषणा की है। ये ताजा पेशकश ऑनर की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। जिसके तहत वह यूजर्स की विभिन्न जरूरतों को पूरा करते हुए भारतीय उपभोक्ताओं को इनोवेटिव व प्रोग्रेसिव प्रोडक्ट मुहैया कराने में जुटा है।

भारत के लैपटॉप उद्योग के क्षेत्र में पूरी मजबूती के साथ दस्तक देने वाला ऑनर मैजिक बुक 15 भारत का पहला लैपटॉप है, जो तीन असाधारण इनोवेशन पर आधारित है। एक छिपा हुआ पॉप-अप वेबकैम यूजर्स की प्राइवेसी के लिए एक सेफगार्ड की तरह होता है।

## दलित महिला से मारपीट को लेकर डीएसपी से मिले ग्रामीण

**रादौर।** गांव अलाहर में कुछ लोगों द्वारा एक दलित महिला के साथ मारपीट करने व महिला को जातिसूचक शब्द कहकर अपमानित करने के मामले को लेकर मंगलवार को गांव अलाहर के काफी संख्या में लोग डीएसपी रादौर रणधीर सिंह से उनके कार्यालय में मिले।

ग्रामीणों ने सरपंच अलाहर गोपाल कृष्ण के नेतृत्व में डीएसपी रादौर से मामले में नामजद लोगों को जल्द से जल्द गिरफतार करने की मांग की। डीएसपी रणधीर सिंह ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि मामले में नामजद लोगों को जल्द गिरफतार किया जायेगा। गांव अलाहर के सरपंच गोपाल कृष्ण, सरदारा राम, पूर्व सरपंच सुरेश कुमार, सुखबीर, हरिसिंह, कृष्ण शर्मा, राकेश, बीरबल, करनैल सिंह, पवन कुमार आदि ने बताया कि 31 जुलाई की शाम को दलित समाज की एक महिला अपनी बेटी के साथ घर के सामने गली में चारपाई पर बैठी हुई थी।

# अनाज मंडी के प्रांगण में मनेगा स्वतंत्रता दिवस समारोह




**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

**उपमंडल** अधिकारी नागरिक थानेसर कपिल शर्मा ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह 15 अगस्त को परम्परा अनुसार अनाज मंडी थानेसर के प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष कोविड-19 की गाईडलाईंस को जहन में रखकर स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन होगा। इस समारोह के लिए सभी अधिकारी अपने-अपने विभागस्तर पर तैयारियां पूरी करना सुनिश्चित करेंगे।

एसडीएम कपिल शर्मा ने मंगलवार को देर सायं लघु सचिवालय के सभागार में 15 अगस्त की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की एक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के कारण इस वर्ष 15 अगस्त को बड़े स्तर के कार्यक्रम नहीं होंगे। इस राष्ट्रीय पर्व पर मुख्यातिथि शहीदी स्मारक पर शहीदों को श्रृद्धाजंलि देने के उपरांत अनाज मंडी कार्यक्रम स्थल में ध्वजारोहण करेंगे और परेड की सलामी लेंगे। इस वर्ष परेड में हरियाणा पुलिस और होमगार्ड के जवान ही शिरकत करेंगे। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि अपना सम्बोधन भी देंगे और इस कार्यक्रम में कोरोना योद्धाओं को सम्मानित भी करेंगे। इसलिए कोरोना योद्धाओं के नाम पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, नगर परिषद और अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी 10 अगस्त तक भिजवाना सुनिश्चित करेंगे।

# संक्षिप्त समाचार

## डा. पंकज आइपीएस से बने अब आईएएस



**रेवाड़ी।** सरकारी स्कूल में पढ़कर पहले डॉक्टर फिर आईपीएस और अब आईएएस बनकर जिले के खंड खोल के गांव टींट निवासी डॉ. पंकज यादव ने इसे मिथ्या साबित कर दिया है कि सरकारी स्कूलों में पढ़ाई अच्छी नहीं होती। पंकज यादव ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा घोषित परिणाम में देश भर में 56वां स्थान हांसिल किया है। डॉ. पंकज ने दो वर्ष पूर्व भी यूपीएससी की परीक्षा में 589वां स्थान हांसिल किया था। इसके आधार पर वे इंफाल में एएसपी के पद पर तैनात हैं। खंड खोल के गांव टींट निवासी सेवानिवृत प्राचार्य अभय सिंह यादव के पुत्र डॉक्टर पंकज यादव बचपन से ही मेघावी रहे हैं। रोहतक पीजीआईएमएस से एमबीबीएस करने के बाद दो वर्ष पहले यूपीएससी की परीक्षा दी थी। वह बतौर आईपीएस चयनित हुए। पंकज ने इस वर्ष हुई यूपीएससी की परीक्षा उत्तीर्णकर इस क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इधर खोरी स्कूल के प्राचार्य टेक चंद व स्टाफ सचिव मुकेश सैनी ने उनके चयन पर खुशी जाहिर करते हुए उन्हें ग्रामीणा प्रतिभाओं के लिए प्रेरणापुंज बताया। उन्होंने कहा कि जल्द ही विद्यालय की ओर से डॉ. पंकज यादव व उनके माता-पिता को सम्मानित किया जाएगा।

## जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में हुआ पौधारोपण



**रादौर ।** एंटी टेररिस्ट फ्रंट इंडिया ने जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में पौधारोपण किया। इस मौके पर थाना प्रभारी दीपचंद ने फ्रंट के इस कार्य की सराहना करते हुए कहा की हम सभी को पर्यावरण को अच्छा बनाने के लिए पौधारोपण अवश्य करना चाहिए। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा की सभी अपने जीवन में कम से कम 10 वृक्ष अवश्य लगाने चाहिए। वही कॉलेज के निदेशक डॉ संजीव गर्ग ने कहा की हमें अपने पर्यावरण को साफ सुथरा रखना चाहिए। एंटी टेररिस्ट फ्रंट इंडिया के प्रभारी सचिन शांडिल्य ने बताया कि पुलिस प्रशासन कोरोना जैसी महामारी में तो हमारे साथ खड़ा है, वही आज पौधारोपण करके एक अच्छा संदेश दिया है। इस मौके पर दिनेश बख्शी,गौरव रोंटे, अमन शर्मा, कुलदीप शर्मा आदि मौजूद रहे।

## दो दिनों में हुई कोरोना से तीन मौतें, आंकड़ा पहुंचा 11 पर

**रेवाड़ी।** जिले में कोरोना के मरीजों की संख्या बढ़ने के साथ ही अब इससे मरने वालों के आंकड़े में भी इजाफा हो रहा है। कोरोना से मंगलवार को हुई दो लोगों की मौत के साथ ही पिछले दो दिनों में तीन लोगों की जान चली गई। जिले में कोरोना के मरीजों की सं2या लगातार बढ़ती जा रही है। मंगलवार को भी जिले में कोरोना के 20 मरीज मिले, जिनमें से अकेले शहर से 10 पॉजिटिव पाए गए हैं। अभी तक जिले में कोरोना के १९०० केस सामने आए हैं, जिनमें से १५१७ ठीक हो गए हैं। वर्तमान में जिले में कोरोना के 375 एक्टिव केस हैं। सभी एक्टिव मरीजों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। जिले में कोरोना से मरने वालों का आंकड़ा भी बढ़ रहा है। बीती शाम जहां शहर के पोस्ट ऑफिस के निकट रहने वाले एक कोरोना पॉजिटिव की मौत हो गई, वहीं मंगलवार की सुबह जिले के गांव मूंदी निवासी 95 वर्षीय एक बुजुर्ग की मौत हो गई। सोमवार को मोहल्ला छीपटवाड़ा निवासी 62 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। बता दें कि इन मरीजों की मौत की अभी जिला प्रशासन ने पुष्टि नहीं की है। यहां यह भी बता दें कि जिले में कोरोना से मरने वालों की संख्या अब पर पहुंच गई है।

## हरियाणा पब्लिसिटी सेल के चेयरमैन आज लेंगे बैठक

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा पब्लिसिटी सेल के चेयरमैन रॉकी मितल ने कहा कि राज्य सरकार की नीतियों का ओर बेहतर ढंग से प्रचार-प्रसार करने पर फोकस किया जाएगा। इस विभाग के अधिकारियों के माध्यम से सरकार की नीतियों को ओर बेहतर ढंग से लोगों तक पहुंचाया जाएगा, इसलिए प्रथम चरण में 7 जिलों के डीआईपीआरओ और एआईपीआरओ के साथ एक बैठक 5 अगस्त को पिपली पैराकीट के सभागार में होगी। बैठक में कुरुक्षेत्र, अम्बाला, पंचकूला, युमनानगर, करनाल, पानीपत, कैथल के डीआईपीआरओ और एआईपीआरओ भाग लेंगे।

## म्हारा हरियाणा हरा भरा हरियाणा अभियान में किया पौधारोपण

**रादौर ।** म्हारा हरियाणा हरा भरा हरियाणा अभियान ज़े तहत मंगलवार ज़ो हरियाणा हैल्थ केयर वर्कर बोर्ड के पूर्व चेयरमैन डॉ. ऋषिपाल सैनी ने शहीद उधम सिंह काम्बोज धर्मशाला रादौर में पौधारोपण ज़िया। पौधारोपण समय ज़ी मांग है। उन्होंने इन पौधो की देखरेख करने का भी संकल्प लिया। उन्होंने लोगों से भी अपील करते हुए कहा की हमें न केवल इस प्रकार के अभियान के तहत, बल्कि अन्य खुशी के मौकों पर भी पौधारोपण करना चाहिए। इस अवसर पर अमित कुमार, सर्जन सैनी, प्रवीण काम्बोज, संजय शर्मा, संजीव कश्यप आदि मौजूद रहे।

## इनसो ने स्थापना दिवस के पहले दिन किया पौधारोपण



**कैथल।** रक्तदान दूसरों की जिंदगी बचाने के साथ-साथ खुद के लिए भी लाभकारी है। रक्तदान करने से जहां दानकर्ता दूसरों की जिंदगी बचाने में मदद करता है वहीं खुद को भी स्वस्थ रखता है। ये विचार गुहला से विधायक ईश्वर सिंह ने व्यक्त किये। उन्होंने ईश्वर सिंह ने मंगलवार को इनसो के 18वें स्थापना दिवस के पहले दिन अग्रसेन धर्मशाला में आयोजित रक्तदान शिविर में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। शिविर की शुरुआत इनसो प्रभारी अनिल बालकिया ने खून देकर की व अध्यक्षता इनसो के जिला प्रधान शुभम गुप्ता ने की। इस मौके पर इनसो राष्ट्रीय प्रभारी रणधीर चीका, जजपा प्रदेश सह-प्रवक्ता हरदीप एडवोकेट, हल्का प्रधान चंद्रभान दयोरा, युवा जिला प्रधान अनिल ढुल, जजपा युवा हल्का प्रधान सम्पूर्ण कोयल, वीरेंद्र ढांडा व विक्रम मियोली, बलराज नौच, इनसो जिला-महासचिव, महिला जिला उपप्रधान चांदनी मलिक, ओमप्रकाश खेड़ी, संदीप क्योड़क, गुरदेव मलिक, दीपा सांघन, कृष्ण बाजीगर, कुलदीप सीवन, बिट्टू शर्मा, विक्की गुजर, भूपी क्योड़क भी उपस्थित थे।

## भारतीय संस्कृति सकारात्मक शक्ति की उपासक

**कुरुक्षेत्र।** विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान द्वारा मंगलवार को भारतीय संस्कृति में शक्ति उपासना विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। संस्थान द्वारा आयोजित सातवें व्याख्यान में डॉ. राजेश्वर प्रसाद मिश्र, अधिष्ठाता शैक्षणिक, महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय, मूदड़ी, कैथल मुख्य-वक्ता रहे। संस्थान के निदेशक डॉ. रामेन्द्र सिंह ने अतिथि परिचय करवाया। मुख्य वक्ता डॉ. राजेश्वर प्रसाद मिश्र ने कहा कि भारतीय संस्कृति विश्व की ऐसी संस्कृति है जिसे विश्ववारा के नाम से जाना जाता है। भारत विश्वगुरु हमारी इसी संस्कृति के कारण बना था।

कोरोना के खिलाफ जंग

# बंद नहीं होंगी मुफ्त योजनाएं खर्चे घटाएगी दिल्ली सरकार

## महामारी से लड़ेगी लेकिन लोगों को परेशानी में डालकर राजस्व नहीं बढ़ाएगी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



देश दुनिया के साथ राजधानी दिल्ली में भी कोरोना वायरस कहर बरपाया है। मार्च से लेकर अब तक कोविड-19 महामारी के चपेट में आने से 4 हजार 33 लोगों की मौत हो चुकी है। साथ ही पिछले तीन महीनों के दौरान हजारों करोड़ का आर्थिक नुकसान भी हुआ है। जून से आंशिक रूप से लॉकडाउन तक खोला गया जब काफी नुकसान हो चुका था। बावजूद इसके सरकार द्वारा जारी बिजली, पानी समेत अन्य मुफ्त योजनाएं बंद नहीं होंगी। दिल्ली सरकार खर्चे घटाकर कोरोना से लड़ेगी।

दिल्ली को वैश्विक बाजार से जोड़ने के लिए केजरीवाल सरकार ने कई कदम उठाए हैं। उम्मीद कि अगले कुछ दिनों में और भी कई कदम उठाए जाएंगे। आम आदमी पार्टी की सरकार राजधानी के सभी औद्योगिक क्षेत्रों को विश्व बाजार से जोड़ने की योजना तैयार कर रही है। इसी के मद्देनजर युवाओं को रोजगार देने के लिए हाल ही में जॉब पोर्टल भी शुरू कर दिया है। यह पोर्टल नौकरी देने और पाने वालों के लिए एक प्लेटफॉर्म है।

सूत्रों के अनुसार राजस्व में भारी गिरावट आने के बावजूद दिल्ली सरकार मुफ्त योजनाओं को जारी रखने के पक्ष में है। इस बीच मुख्यमंत्री ने ऐलान किया है कि दिल्ली के राजस्व में काफी कमी आई है। इसको लेकर उनकी सरकार अपने खर्च में कई तरह से कटौती की है। इसके बावजूद सरकारी योजनाएं जो पहले से चल रही हैं उसमें किसी तरह के कोई फेरबदल फिलहाल नहीं होगी। आम लोगों को परेशानी में डालकर राजस्व में बढ़ोतरी नहीं करेंगे। इसके लिए तरीके खोजे जा रहे हैं। उनकी पहली प्राथमिकता आम लोगों के जेब में पैसे डालने की है न कि पैसे निकालने की है।

केजरीवाल सरकार लगातार मांग कर रही है कि राजस्व बढ़ाने के लिए अब मेट्रो का चलना जरूरी है। दिल्ली की स्थिति काफी हद तक नियंत्रण में आ चुकी है। यहां एक्टिव केस लगातार घट रहे हैं। पहले एक्टिव मामले 30 हजार के पार पहुंच गए थे। उसमें अब काफी गिरावट आ गई है। पिछले कुछ दिनों से एक्टिव केस 9 से 10 हजार के आसपास रह रहे हैं। ऐसे में अब औद्योगिक गतिविधियों को पूरी तरह से खोलने पर विचार कर रहे हैं।

मालूम हो कि पिछले दिनों सीएम केजरीवाल ने 28 से अधिक औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की थी। इस बैठक में अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने के लिए सरकार का साथ देने का अनुरोध किया था। केजरीवाल ने इस बात पर जोर दिया था कि कैसे एक साथ मिलकर कोरोना को हराया और अब अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने की दिशा में काम करने के लिए सामूहिक प्रयासों की जरूरत है।

भारतीय उद्योग परिसंघ, बादली इंडस्ट्रियल एस्टेट एसोसिएशन, नरेला इंडस्ट्रियल कॉम्प्लेक्स वेलफेयर एसोसिएशन, ओखला चैंबर ऑफ इंडस्ट्रीज, एपेक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स और बवाना मैन्युफैक्चरर्स वेलफेयर एसोसिएशन सहित कुल 28 औद्योगिक संगठनों ने मुख्यमंत्री केजरीवाल को सुझाव दिए।

### फैक्ट्री में घर बनाकर रहने वालों पर होगी कार्रवाई

**नोएडा।** शहर के औद्योगिक क्षेत्रों में कंपनी और फैक्ट्रियों के लिए आवंटित भूखंडों पर बड़ी संख्या में लोग घर बनाकर रह रहे हैं। पूर्व में इन भूखंडों पर कंपनी और फैक्ट्रियों का निर्माण किया गया था, लेकिन अब बड़ी संख्या में फैक्ट्रियां बन्द हो चुकी हैं। वहां घरों के तौर पर इनका इस्तेमाल किया जा रहा है। ऐसे तमाम आवंटन का पता लगाने के लिए विकास प्राधिकरण ने एक बड़ी मुहिम शुरू की है। इनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

शहर में सेक्टर 1, 2, 3, 4 5 और 6 पूरी तरह औद्योगिक सेक्टर है। यहां चल रही फैक्ट्री और कंपनियां बड़ी संख्या में बंद हो चुकी हैं। इमारतों का अलग-अलग तरह से इस्तेमाल किया जा रहा है। कहीं कमर्शियल उपयोग में फैक्ट्री और कंपनी की इमारत उपयोग हो रही है। बड़ी संख्या में आवंटियों ने अपने घर बना लिए हैं। घर बनाकर किराए पर दे रखे हैं। ऑफिस खोल लिए हैं। किराए पर ऑफिस भी चल रहे हैं। यह सारी गतिविधियां नाजायज हैं।

## प्रदूषण रोकने को आनंद विहार में लगेगा स्मॉग टावर

### उच्च न्यायालय ने केंद्र को दिया जल्द काम शुरू करने का निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



पूर्वी दिल्ली के आनंद विहार में प्रदूषण पर लगाम लगाने के मकसद से स्मॉग टावर बनेगा। उच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार को स्मॉग टावर जल्द लगाने निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति अरूण मिश्रा की अध्यक्षता वाली पीठ को केन्द्र की ओर से सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने जानकारी दी कि वायु प्रदूषण कम करने के लिये विशाल आकार के एयर प्यूरीफायर का ढांचा तैयार करने और स्मॉग टावर लगाने में दस महीने का वक्त लगेगा और प्राधिकारी यह समय-सीमा कम करने की स्थिति में नहीं हैं। पीठ ने कहा ठीक है लेकिन यह काम जल्द से जल्द शुरू होना चाहिए।

शीर्ष अदालत ने तुषार मेहता से कहा कि वह इस परियोजना की समय-सीमा के बारे में 10 अगस्त को न्यायालय को जानकारी दें और यह भी बतायें कि स्मॉग टावर लगाने का काम कब तक शुरू हो सकता है। इस मामले की वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सुनवाई के दौरान मेहता ने कहा कि यह काम आईआईटी, मुंबई की देखरेख में किया जायेगा जबकि इसके लिये धन सरकार मुहैया करायेगी। इससे पहले, केन्द्र ने 30 जुलाई को न्यायालय को सूचित किया कि आनंद विहार में स्मॉग टावर लगाने के लिये सहमति पत्र तैयार हो गया है और इस पर सभी हितधारक हस्ताक्षर करेंगे।

न्यायालय ने सरकार से जानना चाहा था कि इस परियोजना को तीन महीने के भीतर पूरा करने के उसके 13 जनवरी के आदेश का अनुपालन क्यों नहीं हुआ। शीर्ष अदालत को बताया गया था कि पूर्वी दिल्ली के आनंद विहार में स्मॉग टावर परियोजना से आईआईटी मुंबई पीछे हट गया है। न्यायालय ने इस घटनाक्रम पर निराशा जताई थी और कहा था कि उसे न्यायालय के आदेश का उल्लंघन करने और पीछे हटने के मामले में आईआईटी, मुंबई और संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई करनी पड़ेगी क्योंकि यह आदेश उसी के आधार पर दिया गया था।

सॉलिसीटर जनरल ने पीठ को बताया था कि केन्द्र ने आईआईटी, मुंबई और केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सहित अन्य से संपर्क किया था और अब इस परियोजना के लिये सहमति पत्र तैयार हो गया है। अदालत ने दिल्ली एनसीआर में बड़ी संख्या में निर्माण कार्य, खदानों में खनन और ऐसी ही अन्य गतिविधियों की वजह से वायु प्रदूषण की गंभीर स्थिति को ध्यान में रखते हुये स्मॉग टावर लगाने का निर्देश दिया था।

## नाबालिग ने कबूला-नानी और मां कराती हैं अपराध

### पुलिस ने जब्त किए 1.10 लाख रुपये, मां फरार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दक्षिण दिल्ली के आंबेडकर नगर में खड़ी एक कार से 1.20 लाख रुपयों से भरे बैग को चुराते हुए पकड़े गए नाबालिक ने खुलासा किया कि मां और नानी उससे चोरी कराती हैं। मामले में लड़के की नानी को गिरफ्तार कर लिया गया जबकि उसकी मां अभी फरार है।

डीसीपी अतुल कुमार ठाकुर के अनुसार गत 27 जुलाई को कृष्णा पार्क देवली निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसने बड़ी मस्जिद मदनगीर के निकट अपनी कार खड़ी कर कहीं काम से गया था। कुछ देर बाद लौटकर आया तो देखा कि उसमें रखा बैग गायब था। बैग में एक लाख बीस हजार रुपये थे। जांच के दौरान, सीसीटीवी फुटेज खंगाली गई। सोमवार को नाबालिग की पहचान हुई और पुलिस उसे पकड़कर पूछताछ की।

पूछताछ के दौरान नाबालिग ने खुलासा किया कि अपनी मां के कहने पर उसने एक गाड़ी में से वह बैग चुराया था। उसने बताया कि मां और नानी उससे चोरी कराती हैं।

## 45 दिन बढ़ी विचाराधीन कैदियों की अंतरिम बेल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उच्च न्यायालय ने कोविड-19 महामारी के मद्देनजर जेलों में भीड़भाड़ कम करने के लिये मंगलवार को 2,901 विचाराधीन कैदियों की अंतरिम जमानत की अवधि 45 दिन के लिये बढ़ा दी।

न्यायमूर्ति सिद्धार्थ मृदुल और न्यायमूर्ति तलवंत सिंह ने उच्चाधिकार प्राप्त समिति के इस अवलोकन के मद्देनजर यह आदेश जारी किया कि इस समय अदालत के सामान्य कामकाज शुरू होने की कोई समय सीमा का अनुमान नहीं किया जा सकता। साथ ही इस बारे में भी निश्चितता नहीं है कि महामारी का खतरा कब तक सामाजिक दूरी में कमी लाने की जरूरत को कम करेगा। अदालत ने कहा कि इन विचाराधीन कैदियों की अंतरिम जमानत राहत समाप्त होने की तारीख से पहले के समान नियम एवं शर्तों पर 45 दिन के लिये बढ़ाई जाती है।

वीडियो कांफ्रेंस के जरिये सुनवाई में पीठ ने महानिदेशक को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि सभी 2,901 विचाराधीन कैदियों को टेलीफोन एवं अन्य उपलब्ध माध्यम से अदालत के आदेश से अवगत कराया जाए। मामले की अगली सुनवाई 18 सितंबर को होगी।

### पेड़ पर लटका मिला ड्राइवर का शव

**गाजियाबाद।** विजयनगर थाना क्षेत्र में तिगरी गोल चक्कर ताज हाईवे के पास एक 45 वर्षीय व्यक्ति का पेड़ से लटका शव मिला जिसके बाद इलाके में सनसनी फैल गई। सवेरे मॉर्निंग वॉक करने निकले लोगों ने बताााया कि शव कपड़े की रस्सी बनाकर पेड़ से लटका हुआ था। शव को देखने के बाद वहां से गुज़र रहे लोगों ने स्थानीय पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पेड़ पर लटके मिले इस शव की जेब से उसका आधार कार्ड पुलिस को मिला है जिससे उसकी पहचान 48 उमेश पुत्र कृष्ण कुमार, मूल निवासी हरदोई के रूप में हुई है। उमेश ड्राइवर का काम करता था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक विजयनगर थाना क्षेत्र के बागू इलाके में किराये पर रहता था। बीती सोमवार शाम बहरामपुर इलाके में रहने वाली अपनी मौसी के लड़कों से मिलने गया था।

## पड़ोसी के तंज कसने से परेशान युवक ने लगाई छत से छलांग

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

विजयनगर थाना क्षेत्र की अकबरपुर-बहरामपुर कॉलोनी में सोमवार को एक अजीबो गरीब मामला उस वक्त सामने पेश आया,जब पड़ोसी के तंज कसने से नाराज एक युवक ने छत से ही छलांग लगा दी लेकिन, वह घर के बाहर जा रहे बिजली के तारों में फंस गया और काफी देर बाद वह जमीन पर गिरा।

गनीमत यह रही कि तारों पर पीवीसी चढ़े होने के कारण युवक को बिजली का करंट नहीं लगा, वरना उसकी मौत हो सकती थी। इस घटना के समय मौके पर बड़ी संख्या में भीड़ जमा हो गई जिसे देखकर सभी की सांस अटक गई थी।

मोनू नाम के इस युवक ने बताया कि वह पिछले 4 साल से अकबरपुर बहरामपुर कॉलोनी ने अपने मकान में रहता है तथा प्रिंटिंग का कार्य करता है और उसके



छत से छलांग लगाने के बाद तारों में फंसा युवक और जमा लोगों की भीड़।

पिताजी दिल्ली चावड़ी बाजार में नौकरी करते हैं। पूरा परिवार पिछले 4 साल से यहीं रहता है। आरोप है कि पड़ोसियों द्वारा किसी न किसी बात को लेकर लगातार उस पर तंज कसा जाता है। इससे परेशान होकर उसने नशे की हालत में घर की छत से छलांग लगा दी और वह बिजली के तारों में फस गया।

### डीयू ऑनलाइन परीक्षा को लेकर छात्र परेशान

**नई दिल्ली।** डीयू के स्नातक एवं स्नातकोत्तर के अंतिम वर्ष की ऑनलाइन ओपन बुक परीक्षा 10 अगस्त से शुरू होने वाली है लेकिन कई छात्र इंटरनेट और बिजली की समस्या की शिकायत कर रहे हैं। बिहार के मुजफ्फरपुर के रहने वाले छात्र रौशन कुमार ने फोन पर बातचीत में बताया, यहां बाढ़ की वजह से स्थिति बहुत खराब है। बिजली नहीं है। मैं ऐसे में कैसे परीक्षा दे पाएंगे।

दिल्ली विश्वविद्यालय के सत्यवती कॉलेज के छात्र रोशन ने कहा, वह दो-ढाई दिन से अपने फोन की बैट्री तक चार्ज नहीं कर पाए हैं क्योंकि बिजली नहीं है। जिनके पास इंटरनेट है भी, वह भी कह रहे हैं कि उन्हें परीक्षा देने में समस्या आएगी।

कुमार ने दावा किया कि कई विद्यार्थी ऑनलाइन क्लास करने में भी सक्षम नहीं हो पाए थे। एक अन्य छात्र ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर बताया, विवि यह कह रहे हैं कि वे विद्यार्थियों को ऑफ लाइन परीक्षा में हिस्सा लेने के लिए दूसरा मौका देंगे।

## दिल्ली में बूथ स्तर तक आप को मजबूत बनाने की तैयारी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी ने दिल्ली इकाई का विधानसभा, जिला, वार्ड, मतदान केंद्र और बूथ स्तर पर पुनर्गठन करने का निर्णय लिया है। इसका फैसला वर्ष 2022 में निर्धारित निकाय चुनाव को देखते हुए लिया गया है।

दिल्ली के संयोजक राय ने कहा कि यह बुधवार को शुरू होगा और 20 अगस्त तक जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि पार्टी उन लोगों को नई जिम्मेदारियां देगी जिन्होंने इस वर्ष की शुरुआत में हुए विधानसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन किया था। पार्टी अपने नेताओं के काम की समीक्षा भी करेगी।

गोपाल राय ने कहा कि पांच स्तरों पर अपने नेताओं के काम की हम समीक्षा करेंगे और फिर पार्टी फैसला लेगी। कोविड-19 महामारी के दौरान जिन लोगों ने अच्छा काम किया। उन्हें नई जिम्मेदारियां दी जाएंगी। वर्ष 2017 में हुए निकाय चुनाव में आप हार गई थीं। हालांकि इसी वर्ष हुए विधानसभा चुनाव में उसने 70 में से 62 सीटें जीती थीं।

## संक्षिप्त समाचार




प्रधानमंत्री आवासीय योजना व टैक्सटाइल सेंटर योजना का निरीक्षण करतीं एचपीडीए उपाध्यक्ष अर्चना वर्मा।

### 264 ईडब्ल्यूएस भवनों का होगा निर्माण

**हापुड़।** प्रधानमंत्री आवासीय योजना के तहत हापुड़-पिलखुआ विकास प्राधिकरण 264 ईडब्ल्यूएस भवनों का निर्माण करेगा। भवनों के निर्माण में किसी भी प्रकार की देरी नहीं होगी और उनकी गुणवत्ता पर भी विशेष रूप से ध्यान रखा जायेगा। इस सिलसिले में प्राधिकरण की नवनियुक्त उपाध्यक्ष अर्चना वर्मा ने सोमवार को कार्यभार सभालते ही पीएम आवास योजना के निर्माण स्थल, हिण्डालपुर तथा टैक्सटाइल सेन्टर योजना, पिलखुवा का निरीक्षण किया। इसके अलावा उपाध्यक्ष ने प्राधिकरण की विभिन्न विकास योजनाओं व प्राधिकरण में चल रहे प्रवर्तन कार्यों की समीक्षा की। अर्चना वर्मा ने बताया कि प्राधिकरण विकास क्षेत्र में जो भी अनाधिकृत निर्माण है, उनका मानचित्र शमन योजना-2020 के अन्तर्गत स्वीकृत कराने के निर्देश जारी कर दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत जो अनाधिकृत निर्माणकर्ताओं योजना का लाभ नहीं उठाया जाता है, योजना की समाप्ति के बाद उनके विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

### गायनी सोसायटी मना रही ब्रेस्टफीडिंग वीक

**गाजियाबाद।** स्तनपान को बढ़ावा देने के लिए विश्व भर में 1 अगस्त से ब्रेस्टफीडिंग वीक मनाया जा रहा है। 7 अगस्त तक मनाए जाने वाले इस वीक के अंतर्गत ही गाजियाबाद गायनी सोसायटी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं को अपने नवजात बच्चों को स्तनपान करने के लिए जागरूक कर रही है। सोसायटी की अध्यक्ष डॉ. अल्पना कंसल ने बताया कि यह बेहद चौंकाने वाली बात है कि विश्व भर में कुल 30प्रतिश मां ही अपने बच्चे को स्तनपान कराती हैं। जबकि मां का दूध शिशु के लिए उत्तम आहार है। शिशु के लिए यह एक प्राकृतिक टीका है, जिसके माध्यम से बच्चे को बहुत सारी बीमारियों से लड़ने की क्षमता मिलती है। बच्चे के पैदा होते ही आधे घंटे के अंदर ही शिशु को स्तनपान कराना आवश्यक है,इससे मां और बच्चे का अलौकिक संबंध भी बनता है।



### नगरायुक्त ने लिया गौवंशों की रक्षा का संकल्प

**गाजियाबाद।** रक्षाबंधन पर नगरायुक्त डॉ. दिनेश चंद्र ने नंदी पार्क पहुंचकर गौवंशों की पूजा कर उनकी रक्षा का संकल्प लिया। इस दौरान उन्होंने नन्दी पार्क में गौवंशों के लिए उचित चारे, पीने के लिए पानी व साफ-सफाई की व्यवस्था देखकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए नंदी पार्क में काम करने वाले सेवादारों, कर्मचारियों की जमकर तारीफ की और उनको मिठाई बांटकर प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त एवं वरिष्ठ प्रभारी प्रमोद कुमार, प्रभारी नंदी पार्क डॉ अनुज कुमार सिंह एवं अशोक पाल एसएफआई नगरायुक्त के साथ मौजूद रहे।





पुलिस द्वारा पकड़े गए वाहन चोर गिरोह चलाने वाले आरोपी।

### शराब पीकर सगे भाइयों ने ले ली एक दूसरे की जान

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद थाना क्षेत्र की राजीव कॉलोनी में शराब पीकर दो सगे भाइयों में झगड़ा हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों भाइयों ने धारदार हथियार लेकर एक दूसरे की जान लेने पर उतारू हो गए। दोनों भाइयों ने एक दूसरे पर कई हमले किए।

झगड़े को बढ़ता देख आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों भाइयों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां दोनों को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार सागर और मोहनलाल दोनों भाई दिहाड़ी मजदूरी का काम करते थे।

## सोशल मीडिया पर हथियार दिखाना पड़ेगा महंगा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

हथियारों के दुरूपयोग की घटनाएं अब सोशल मीडिया पर भी काफी देखी जा रही हैं। इसी के मद्देनजर गाजियाबाद पुलिस ने भी सोशल मीडिया पर अवैध असलहों के साथ फोटो शूट करने वालों, फायरिंग की वीडियो अपलोड कर दबंगई दिखाने जैसे मामलों में कार्रवाई करना शुरू कर दिया है।

पुलिस एक तरफ सोशल मीडिया पर निगाह रखे है तो दूसरी तरफ पुलिस ने अपना सीयूजी नंबर 9454403434 जारी कर लोगों से अपील की है कि वे उस पर हथियारों



के दुरुपयोग की वीडियो, आरोपी का नाम, पता भेज जानकारी दे सकते हैं। सूचना देने वाले का नाम पता भी गोपनीय रखा जा रहा है। पुलिस को इसमें काफी कामयाबी भी मिली है। पिछले डेढ़ महीनों में तकरीबन ऐसे ही 50 लोगों के खिलाफ शिकायत मिलने के बाद मुकदमा दर्ज किया जा चुका है। आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल

**● सूचना देने के लिए जारी किया सीयूजी नंबर**

भेजा गया है। साथ ही उन के खिलाफ आर्म्स ऐक्ट में भी मुकदमा दर्ज किया गया है।

एसएसपी कलानिधि नैथानी ने बताया है कि जो लोग अपने लाइसेंसी हथियार से फायरिंग करते हैं, उनके खिलाफ भी आर्म्स ऐक्ट की धारा 30 के तहत मुकदमा दर्ज कर चार्जशीट कोर्ट में दायर की जाती है। इसके बाद आरोपियों के हथियार के निरस्तीकरण की रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी जाती है।

## दोस्तों ने चोरी के लिए बनाया गैंग गिरफ्तार, 7 वाहन-तमंचा बरामद

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को एनसीआर में सक्रिय ऐसे वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है जिसे छह दोस्त मिलकर चला रहे थे। पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर इनके कब्जे के एक तमंचा, तीन चाकू व चोरी के सात दो पहिया वाहन बरामद किए हैं।

पुलिस क्षेत्राधिकारी राकेश मिश्रा ने बताया कि कोतवाली पुलिस जीटी रोड स्थित कबाड़ी कट पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी, तभी एक स्कूटी पर सवार दो युवक वहां पहुंचे मगर वे पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस ने जैसे ही उनकी पीछा किया तो उनकी स्कूटी फिसल गई और दोनों नीचे गिर गए जिन्हें पुलिस ने दबोच लिया और उनसे पूछताछ की। पूछताछ ने उन्होंने बताया कि वे वाहन चोर हैं और ये स्कूटी भी चोरी की है। पुलिस ने उन्हें थाने ले जाकर विस्तृत जांच की तो पता चला कि ये दोनों युवक एनसीआर में सक्रिय वाहन चोर गिरोह के सदस्य हैं।

पूछताछ के आधार पर इनके चार अन्य साथियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया। जिनमें त्यागी मार्केट घूकना मोड निवासी गुडडू उर्फ प्रवीण, विपिन, पंकज, समाना गांव निवासी अमन तथा रविदास मूर्ति के पास शिब्बनपुरा निवासी शिवम हैं। इनकी निशानदेही पर सात दुपहिया वाहन, एक तमंचा व तीन चाकू बरामद किए हैं।

## शर्तों के साथ मेट्रो को जल्द चलाने के संकेत

### सरकारी, स्वास्थ्य और अन्य जरूरी सेवाओं से जुड़े कर्मियों को ही मिलेगी सफर की अनुमति : पुरी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



लॉकडाउन के चलते पिछले चार महीने से बंद दिल्ली मेट्रो जल्द पटरियों पर दौड़ सकती है। केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने इसको लेकर संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा है कि मेट्रो के परिचालन को लेकर सरकार अगले सप्ताह फैसला लेगी। शुरु में आम लोगों को सफर करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। सरकारी कर्मचारी, स्वास्थ्य कर्मी और जरूरी सेवाओं से जुड़े लोगों को ही इसमें सफर की अनुमति मिलेगी।

हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि मेट्रो में क्षमता के 50 फीसदी यात्रियों को ही सफर करने की अनुमति मिल सकती है। केंद्र सरकार देशभर में एक साथ मेट्रो खोलने पर विचार कर रही है। मेट्रो चालू होने के बाद सरकारी कर्मचारी, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी और अनिवार्य सेवाओं से जुड़े अन्य लोगों को ही मेट्रो से यात्रा करने की अनुमति दी जाएगी।

मेट्रो नियमित रूप से अपने सिस्टम की जांच-परख कर रही है। वह मेट्रो का परिचालन शुरू करने के लिए बिल्कुल तैयार है। अब इंतजार इस महीने आने वाली अगले चरण के अनलॉक की गाइडलाइंस का है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली मेट्रो के संचालन को लेकर कई बार हामी भर चुके हैं। साथ ही वह यह भी कह चुके हैं कि मेट्रो के परिचालन का अधिकार केंद्र सरकार के पास है। ऐसे में वही इसके बारे में फैसला कर सकती है।

मालूम हो कि कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण के चलते गत 25 मार्च से मेट्रो बंद है। अनलॉक 1 के साथ ही सड़कों पर सभी गाड़ियों को चलने की अनुमति दे दी गई, पर अभी तक सिर्फ मेट्रो का संचालन ही शुरू नहीं हो पाया है। ऐसे में अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के मकसद से दिल्ली सरकार राज्य में हर चीज खोलना चाहती है। इसी कड़ी में दिल्ली मेट्रो का संचालन भी शामिल है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: उषा श्रीवास्तव। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# आज घरों व मंदिरों में हजारों दीयों की रोशनी में बजेगी रामधुन

## राम मंदिर भूमि पूजन को लेकर तावडू में जश्न का माहौल

पायनियर समाचार सेवा। तावडू



**अयोध्या** में आज राम मंदिर भूमिपूजन कार्यक्रम को लेकर तावडू में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। इस खुशी में लोगों ने अपने घरों के बाहर रामदरबार के चित्रों को बनाना शुरू कर दिया है। मिट्टी के दीयों को बनाने से लेकर उन्हें प्रज्जवलित करने की जिम्मेदारियां भी कई संगठनों ने अपने हाथों में ली है।

सोहना के विधायक संजय सिंह अयोध्या में भव्य श्रीराम निर्माण की मधुरिम बेला है। इसे लेकर देश के लाखों परिवारों ने जो संकल्प लिया था, जो सपने संजोये थे वे साकार हो रहे हैं। जो लोग इस घड़ी के साझेदार बन रहे हैं उनमें तो उत्सुकता है ही साथ ही अयोध्या से सुदूर बैठे लोगों में उत्साह दोगुना है।

नूंह के पूर्व जिला संघचालक डा. आरपी शर्मा का कहना है कि श्रीराम मंदिर का भूमिपूजन यानि सबसे ऐतिहासिक दिन। दीपावली के उत्सव से 100 गुना बढ़कर इसको मनाने की तैयारी है। शहर व ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में लोग किसी न किसी रूप में इस दिन को ऐतिहासिक रूप से बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

जिला संघ चालक सुनील जिंदल ने कहा कि 500 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद जब मंदिर के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम होने जा रहा है तो इसे एक विराट उत्सव के तौर पर मनाया ही जाएगा। जिन लोगों ने राममंदिर निर्माण के लिए लंबा संघर्ष किया उनका भी स्वयंसेवक स्मरण करेंगे।

तावडू ब्लॉक समिति के चेयरमैन नरेश यादव ने कहा कि भूमिपूजन होने के बाद सायं को दीप प्रज्जवलित करते हुए अपने घरों पर ध्वज फहराएंगे। भगवान राम की आरती करेंगे। दीपावली उत्सव से बढ़कर हमने तैयारी की है। दुनिया के कण-कण में जो चेतन तत्व समाया है।

नगर पालिका चेयरपर्सन मनीता गर्ग ने कहा कि श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या में आज होने वाले भूमि पूजन को लेकर धर्मप्रेमियों में उत्साह बना हुआ है। अपने अपने क्षेत्रों में रहकर इस दिन को दीपावली के रूप में मनाने के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

धर्म जागरण मंच के टेकचंद सैनी ने कहा एक लंबे इंतजार के बाद यह मौका मिला है। धर्म रक्षा मंच का हर कार्यकर्ता खुश है और अपनी खुशी का इजहार करने के लिए 5 अगस्त के इंतजार में है। इस खुशी में तावडू में कई जगह यज्ञ व पूजा पाठ होगा।

मार्केट कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष महेंद्र गोयल के मुताबिक यह बहुत खुशी की बात है कि श्रीराम मंदिर निर्माण होने जा रहा है। इससे श्रद्धालुओं में आस्था बढ़ेगी। इस खुशी को मंदिर व घरों में कार्यक्रम के माध्यम से मनाया जाएगा।

## सीएचसी में महिला स्टाफ ने एसएमओ पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप

**गुरुग्राम।** बोहड़ाकलां स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में एक महिला कर्मी ने सीनियर मेडिकल ऑफिसर (एसएमओ) पर छेड़छाड़ व गाली-गलौच करने का आरोप लगाया है। महिला ने घटना को अपने मोबाइल में भी रिकॉर्ड कर लिया। पीड़ित महिला कर्मी की शिकायत पर बिलासपुर पुलिस थाना में केस दर्ज किया गया है। मंगलवार को पुलिस प्रवक्ता सुभाष बोकन ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

जानकारी के अनुसार मूलरुप से राजस्थान के झुंझुनूं निवासी एक महिला जिले के गांव बोहड़ाकलां सीएचसी में अनुबंधित तौर पर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी है।

# अयोध्या करती है आह्वान, आज से कर मंदिर निर्माण...

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**अयोध्या** करती है आह्वान-आज से कर मंदिर निर्माण, सिला की जगह लगा दे प्राण-बिठा दे वहां राम भगवान, सजग हो रघुवर की संतान-आज से कर मंदिर निर्माण...। गीतकार, संगीतकार रवींद्र जैन ने अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण को लेकर यह गीत गाया था। राम मंदिर के भूमि पूजन के साथ ही आज उनका यह गीत साकार हो गया है।

कानूनी हस्तक्षेप के बाद निर्णय आया कि अयोध्या में ही भगवान राम का जन्म हुआ था। जो विवादित स्थल है, वहीं पर उनका जन्म हुआ था। बाबरी मस्जिद उसके ऊपर बनाई गई। अदालती निर्णय के बाद ही राम मंदिर बनने की उम्मीदें न केवल जगी, बल्कि उम्मीदों को पंख लग गए। फैसला आने के बाद भव्य श्रीराम मंदिर बनाने के लिए तैयारी शुरू की गई। हालांकि मंदिर बनाने के लिए बहुत सी तैयारियां तो पहले से ही हैं।

मंदिर को भव्य पूजनीय, दर्शनीय स्थल बनाने के लिए मंदिर का क्षेत्रफल भी बढ़ा दिया गया। अयोध्या में अब सिर्फ राम मंदिर ही नहीं बन रहा, बल्कि पूरी अयोध्या नगरी की

### गुरुग्राम से अयोध्या भेजी गई है मंदिर की मिट्टी और जल

### शहर में होंगे हवन कार्यक्रम

कायापलट होगी। दुनिया भर से लोगों के आकर्षण का केंद्र अयोध्या नगरी और वहां का राम मंदिर होगा। मंदिर निर्माण में अन्य राज्यों, शहरों के साथ-साथ गुरुग्राम से भी मंदिरों का जल और मिट्टी वहां भेजी गई है। बुधवार 5 अगस्त 2020 को जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राम मंदिर का भूमि पूजन करेंगे, वहीं गुरुग्राम में धार्मिक कार्यक्रमों के जरिए राम मंदिर बनाने के कार्य की शुरुआत की खुशी मनाई जाएगी।

निर्विघ्न कार्य पूर्ण होने की कामना की जाएगी। भारत माता वाहिनी संस्था की ओर से हवन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें लोगों को आमंत्रित किया गया है। पहले हवन होगा, उसके बाद वृक्षारोपण और फिर भंडारा। मंदिर निर्माण को लेकर शहर के मौजिज लोगों ने भी अपनी खुशी जाहिर की



श्रीराम मंदिर का मॉडल।

और इसे ऐतिहासिक पल बताया। इसके अलावा भी यहां पर कई संस्थाएं कार्यक्रम आयोजित कर रही हैं।

### मंदिर के भूमि पूजन की खुशी से सराबोर हैं लोग

**पूर्व** आईआरएस एवं बीजेपी प्रदेश प्रवक्ता अनुराग बख्शी ने कहा कि भारत में राम मंदिर के निर्माण के कार्य के शुभारंभ को पूरी दुनिया देखेगी। ना केवल देश में रह रहे, बल्कि दुनियाभर में फैले भारतीयों का सीना भी बुधवार को उस समय गर्व से चौड़ा हो जाएगा, जब अयोध्या में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श्रीराम मंदिर का भूमि पूजन करके आधारशिला रखेंगे। यह अपने आप में विलक्षण क्षण होंगे। इस शुभ घड़ी का सैंकड़ों वर्षों से हमें इंतजार था। मंदिर निर्माण के लिए आंदोलनों में जिस तरह से लाखों लोगों ने अपनी जान गंवाई है, यह उन लोगों के बलिदान को भी नमन है। पूर्व चेयरमैन जीएल शर्मा ने कहा कि श्रीराम मंदिर हिन्दुओं के लिए जीवन का आधार है। जीवन पद्धति है। इतिहास मिटाने के प्रयास किए गए, लेकिन श्रीराम के नाम को अयोध्या से विरोधी ताकतें मिटा ना सकी। चाहे अदालत के हस्तक्षेप से ही सही, अब राम मंदिर के निर्माण का ना केवल रास्ता साफ हुआ, बल्कि बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस इतिहास को मूर्तरूप देने जा रहे हैं। परीक्षित भारद्वाज कहते हैं कि अयोध्या में अब श्रीराम मंदिर का ही निर्माण नहीं हो रहा, बल्कि यह धर्म की संस्थापना हो रही है। धार्मिक नगरी अयोध्या को फिर से उसका अस्तित्व लौटाया जा रहा है। सैंकड़ों वर्षों की लड़ाई के बाद अब राम मंदिर के निर्माण का जब दिन सामने आया है तो हर किसी का मन प्रफुल्लित है।

## संक्षिप्त समाचार

### इनसो के स्थापना दिवस पर रक्तदान व पौधारोपण किया



**गुरुग्राम।** जजपा की छात्र इकाई इनसो का 18वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी संदीप नैन ने की, वहीं मुख्यातिथि के रूप में पूर्व विधायक गंगाराम, सूबे सिंह बोहरा जिला प्रधान जजपा, सुरेन्द्र ठाकरान, प्रदेश सचिव जजपा मौजूद रहे। इनसो के जिलाध्यक्ष मोहित तंवर व कपिल शौकीन ने बताया की गुरुग्राम यूनिवर्सिटी गुरुग्राम में पौधरोपण किया गया। रक्तदान शिविर में 150 यूनिट रक्तदान किया गया। बुधवार को सभी गांवों को सेनिटाइज किया जाएगा और मास्क बांटे जाएंगे। इस मौके पर पवन भारद्वाज, डॉक्टर नरेश शर्मा, नरेश सहरावत, विकास डॉक्टर, गौरव टाक, सुरेन्द्र तंवर, संदीप चंदीला, रामकेश तंवर, गौरव भाटी, भानु आदि मौजूद रहे।

### सिमरन ने 12वीं में हासिल किए 98 प्रतिशत अंक




**फर्रुखनगर।** खण्ड के गांव कारोला की होनहार बेटी सिमरन पुत्री सुनील ने बारहवीं कक्षा के वाणिज्य संकाय में 98 प्रतिशत अंक हासिल कर झज्जर जिले की टॉपर होने का गौरव प्राप्त किए जाने पर गांव कारोला में पूर्व जिला पार्षद सोनू चौहान उर्फ राजकमार चौहान एवं ग्रामीणों ने सिमरन का भव्य अभिनंदन किया। सिमरन निकटवर्ती गांव पाटोदा के जीएवी पब्लिक स्कूल की छात्रा है। पार्षद सोनू चौहान ने सिमरन को बधाई देते हुए उनको मिठाई, शॉल, पुष्पगुच्छ एवं नकद राशि देकर पुरस्कृत किया। इस मौके पर चौहान में कहा कि सिमरन ने हमारे गांव का गौरव बढाने का कार्य किया है। वह भी प्रतिभा की उन्नति के लिए हर संभव मदद को तैयार रहेगे ।सिमरन द्वारा झज्जर जिले में टॉपर करने की ग्रामीणों कॉ गौरव की अनुभूति हो रही है। ऐसी छात्रा की सफलता से गांव के अन्य छात्र प्रेरणा लेंगे। इस मौके पर जगमाल सिंह, राजकुमार, ओमप्रकाश, सतीश सिंह, कृष्ण कुमार, प्रबंधक श्रीप्रकाश कौशिक, सुरेश पंच, नरेश छिल्लर, सरपंच पति सुरेश कुमार एवं राजेन्द्र चौहान समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### महिला ने एक साथ तीन बच्चों को जन्म दिया



**सोहना।** सोहना के स्वरूप निजी अस्पताल में नूनेरा निवासी महिला ने एक साथ तीन बच्चों को जन्म दिया है। सभी नवजात बच्चों का वजन औसत से कम होने के कारण नूंह के नलहड़ मेडिकल अस्पताल के दाखिल कराया है। बच्चों को जन्म देने वाली महिला का स्वास्थ्य ठीक है। सोहना के स्वरूप निजी अस्पताल संचालक संदीप पंवार ने बताया कि नूनेरा निवासी 34 वर्षीय सबीला पत्नी जफरुद्दीन को परिजन शुक्रवार सुबह साढ़े 11 बजे प्रसव के लिए आए थे। सबीला ने शुक्रवार रात्रि 10:50 बजे पर पहले बच्चे को जन्म दिया। जिसका वजन 1400 ग्राम था। उसके दस मिनट के बाद दूसरे बच्चे को जन्म दिया। जिसका वजन एक किलोग्राम था। करीब 15 मिनट के बाद सबीला ने तीसरे नंबर पर बेटी को जन्म दिया। जिसका वजन 1150 ग्राम था। डिलेवरी के दौरान सबीला का एचबी 5 था। डिलेवरी सामान्य रूप से कराई गई। संदीप पंवार ने बताया कि शनिवार को तीनों ही नवजात बच्चों को वजन कम होने के कारण नूंह के नलहड़ अस्पताल में दाखिल कराया। जहां पर तीनों नवजात स्वस्थ हैं। उन्होंने बताया कि तीन बच्चों को जन्म देने वाली सबीला का स्वास्थ्य भी ठीक है। जिसकी जल्द ही अस्पताल से छुट्टी कर दी जाएगी।

### परीक्षित खटाना ने यूपीएससी की परीक्षा में 184वां स्थान प्राप्त किया



**सोहना।** यूपीएससी की परीक्षा में 184वां स्थान प्राप्त करने वाले परीक्षित खटाना ने कहा कि उसने स्वर्गीय दादा के सपने का साकार किया है। संविधान के नियमों पर चलकर देश सेवा करना उसका मुख्य उद्देश्य रहेगा। गांव खेड़ला में किसान के घर जन्म लेने वाले परीक्षित खटाना के घर वालों को जैसे ही बेटे द्वारा यूपीएससी की परीक्षा में 184वां स्थान प्राप्त करने की खबर मिली, वैसे ही परीक्षित खटाना को परिजनों और मित्रजनों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। परीक्षित खटाना के घर पर बंधाई देने वाला का ताता लग गया। अपनी सफलता के लिए मां मुकेश खटाना को देते हुए बताया कि मां ने शुरू से ही उसका हौसला बढ़ाने का काम किया। देर रात तक पढ़ाई करने के दौरान वह साथ बैठी रहती थीं। परीक्षित खटाना के पिता कर्मराज खटाना समाजसेवी हैं, वो गांव के एक बार सरपंच भी रहे हैं। परीक्षित की माता घरेलू महिला हैं। परीक्षित खटाना ने बताया कि उसके दादा स्वर्गीय मामचंद खटाना एक किसान थे। किसान होते हुए उन्होंने अपने चार बेटे और बेटियों को पढ़ाई करने के लिए प्रेरित करते थे। उसके दादा चाहते थे कि परिवार में एक आईएएस बनें। लाल बत्ती वाली गाड़ी घर के दरवाजे में आनी चाहिए। जिसके लिए उसके माता-पिता उसके हमेशा ही दादा के सपने का साकार करने के लिए उत्साहित करते रहे है।

## पंचों की सहमति से सम्मा बनी झारपुडी गांव की कार्यवाहक सरपंच

**नूंह।** जिले के पिनगवां खंड के गांव झारपुडी में मंगलवार को डीसी के आदेशानुसार विकास कार्यों को गति देने के लिए पंचायत सेक्रेटरी इमरान की मौजूदगी में ग्राम सभा की एक मीटिंग आयोजित हुई। जिसमें पंच खालिद हुसैन, पंच लियाकत, पंच असगरी, महरुनी, अरफीना, सहरुना व सम्मा पंच उपस्थित हुए और तीन पंच गैर हाजिर रहे। पूर्व सरपंच जफरु पक्ष की सम्मा पंच के लिए छह पंचों ने अपना समर्थन दे दिया। जिसके बाद सम्मा को गांव के विकास के लिए कार्यवाहक सरपंच के तौर पर चुना गया। बता दें कि झारपुडी गांव के पूर्व सरपंच जफरु पर मार्कशीट फर्जी होने के आरोप लगे थे। जिसका मामला आज भी हाईकोर्ट में विचाराधीन है। हाईकोर्ट ने विकास कार्यों पर रोक लगा दी थी। गांव में रुके हुए विकास कार्यों को गति प्रदान करने के लिए डीसी पंकज ने पंचो की सहमति से कार्यवाहक सरपंच चुनने के आदेश जारी कर दिए। जिसके बाद पंचायत अधिकारी,पंच व गणमान्य लोगों की मौजूदगी में सात पंच उस्थित हुए।

## निर्माणाधीन घरों के ऊपर से गुजर रहे बिजली के तारों से परेशानी

**फर्रुखनगर।** खंड के गांव खेडा खुर्रमपुर गांव में निर्माणाधीन घरों के ऊपर से बिजली के तार गुजर रहे हैं। बिजली विभाग में शिकायतों के बाद भी इन तारों को नहीं हटाया गया है। जिस कारण निर्माण में भी बाधा आ रही है। ग्रामीण जगदेव यादव, राजबीर सिंह, महेंद्र सिंह, धर्मबीर, रविंद्र कुमार आदि ने बताया कि बिजली विभाग में वे कई बार शिकायत कर चुके हैं कि प्लाट के बीच से गुजर रहे बिजली के जर्जर तारों को हटाया जाए।



प्लाटों के साथ खेतों से गुजर रही बिजली की तार भी काफी जर्जर और ढीली है। उनको आसानी से खड़े होकर छुआ जा सकता है। तारों के बीच में प्लास्टिक या लकड़ी की डंडी भी नहीं लगा रखी है। जरा सी हवा के झोंके साथ ही तार आपस में टकराकर टूट घरों के उपर गिर जाते है। बिजली विभाग ने 1966 में अपनी मनमर्जी से गांव के लाल डोरे के अंदर बिजली के पोल गाड़ दिए थे। जैसे जैसे आबादी बढ़ी तो वहीं बिजली के पोल ग्रामीणों के लिए समस्या बन गए है। बिजली विभाग की लापरवाही से गाड़े गए बिजली के पोल को हटाने के लिए दर-दर की ठोकर खाने पर ग्रामीण मजबूर है।

घरों के उपर से गुजर रही जर्जर तारों को हटाने के लिए वह कई बार शिकायत कर चुके है। लेकिन हर बार उन्हें कोई न कोई बहाना बनाकर टरका दिया जाता है। उन्होंने कहा कि अगर उनकी समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ तो वह बिजली मंत्री चौधरी रणजीत सिंह व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खटटर से मिलकर गुहार लगाएंगे।

## सोहना में अवैध कॉलोनियों के दाम गिरे

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**अवैध** कॉलोनियों की रजिस्ट्री करने को लेकर प्रदेश सरकार द्वारा जिले के सात तहसीलदार व नायब तहसीलदारों पर कार्रवाई किए जाने से कालोनाइजरों में हड़कंप मच गया है। अवैध कॉलोनियों में आसान छू रहे प्लाटों के दाम एक ही रात में जमीन पर आ गिरे हैं।

सोहना समेत भोंडसी, सहजावास, रिठौज, नया गांव, खेड़ली लाला, बेरका, धुनेला, सोहना ढाणी, खरौदा, दौला, सिलानी, हाजिपुर, टोलनी आदि गांवों में अवैध कॉलोनियां काटने का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा था। इन गांवों में काटी जा रही अवैध कॉलोनियों में प्लाटों के दाम आसान छूने लगे थे। सबसे अधिक भोंडसी व नया गांव ग्राम पंचायत का क्षेत्र अवैध कॉलोनियां काटे जाने को लेकर चर्चा का विषय बना हुआ है। जहां पर जनवरी से लेकर अब तक जिला नगर योजनाकार अधिकारी की टीम ने 30 से 35 बार पीला पंजा चलाते हुए ध्वस्त करने का काम किया है, लेकिन अवैध कॉलोनी काटने का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। डीटीपी विभाग ने जनवरी से लेकर आज तक अवैध कॉलोनी काटने वाले करीब 10 कालोनाइजरों के खिलाफ भोंडसी थाना में मामले दर्ज कराए हैं। सोहना नगर परिषद सीमा क्षेत्र में पलवल मार्ग, लाखूवास, जखोपुर, रायपुर, हरीनगर, बालूदा, दमदमा मार्ग, सुशील नगर, बांध कॉलोनी, राजीव गांधी पार्क आदि स्थानों पर अवैध कॉलोनियां काटने का कारोबार धड़ल्ले से किया जा रहा है। लेकिन शुक्रवार को जैसे ही जिले के सात तहसीलदार व नायब तहसीलदारों के ऊपर प्रदेश सरकार की गाज गिरी, वैसे ही अवैध कॉलोनियों में प्लाटों के दाम जमीन पर आग गिरे हैं। अवैध कॉलोनियों में 500 से 1500 रुपये प्रति वर्गगज की दर से प्लाटों की कीमतों कमी आई है।

### खरीदारों के अरमानों पर फिरा पानी

**अवैध** कॉलोनियों में प्लाट लेकर आसियाना बनाने का सपना देखने वाले ग्राहकों के अरमानों पर पानी फिरता नजर आने लगा है। सोशल मीडिया, समाचार पत्रों और न्यूज चैनलों पर जैसे ही प्रदेश सरकार की कार्रवाई किए जाने की खबर लोगों ने सुनी, वैसे ही अवैध कॉलोनी में प्लाट खरीदने वालों के इरादे एक ही रात में बदल गए हैं।

### ग्राहक के मन भी एक रात में बदले

**सोहना** निवासी आनंद का कहना है कि वह अपने परिवार के लिए शहर में घर बनाने के लिए 50 से 70 वर्गगज का प्लाट तलाश रहा था लेकिन अवैध कॉलोनियों की रजिस्ट्री किए जाने को लेकर जैसे ही तहसीलदारों पर शिकंजा कसने की जानकारी मिली। वैसे ही उन्होंने अपना इरादा बदल लिया है। प्रदीप का कहना है कि उसने सौ वर्गगज का प्लाट खरीदने के लिए एक लाख रुपये दो दिन पहले की दिए थे, लेकिन वह अब अपने रुपये वापस लेगा। उन्होंने बताया कि जब अवैध कॉलोनी में जमीन की रजिस्ट्री होगी ही नहीं तो वह अपनी खून-पसीने की कमाई बरबाद करना नहीं चाहता है।

## बगैर सेफ्टी किट काम करने लाइनमैन होंगे बर्खास्त : जोगिंद्र हुड्डा

### लापरवाह कर्मियों पर सख्त तेवर में दिखे एसई

पायनियर समाचार सेवा। तावडू



सेफ्टी वर्कशॉप में लाइनमैनों को दिशा-निर्देश देते बिजली निगम के एसई जोगिंद्र हुड्डा।

**बिना** सेफ्टी किट काम करने वाले बिजली कर्मचारियों पर अधिकारी कड़ा एक्शन लेने के मूड में हैं। निगम के अधीक्षण अभियंता सर्कल-2 गुरूग्राम जोगिंद्र हुड्डा ने बिजली निगम तावडू कार्यालय पर बिजली कर्मचारियों की मीटिंग लेते वक्त ये बात कही। वे मंगलवार को तावडू में सेफ्टी वर्कशॉप में कर्मचारियों को दिशा-निर्देश देने आए थे।

निगम के एसई जोगिंद्र हुड्डा ने कहा कि सेफ्टी किट न पहनने वाले लाइनमैनों व अस्सिटेंट लाइनमैनों के साथ सख्ती के साथ पेश आयाा जाएगा। ऐसे कर्मियों पर बर्खास्तगी की कार्रवाई भी हो सकती है। किट में बेहतर गुणवत्ता के ग्लव्ज, बैल्ट, हैलमेट, हाई वोल्टेज डिटेक्टर व सेफ्टी शूज के अलावा कई अन्य सामान शामिल है। उन्होंने कहा कि कि कर्मचारियों को किट पहनकर कैसे कार्य करना है इस संदर्भ में ट्रेनिंग भी दी गई है। गत वर्षों में ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जब लाइनमैनों ने बगैर सेफ्टी किट पहने कार्य किया व वे हादसे का शिकार हुए। इससे हादसे में मृतक या गंभीर रूप से चोटिल निगमकर्मी के परिवार पर क्या बीतती है इसे गंभीरता से सोचें। उन्होंने कहा कि कई बार सामने आया है कि जब लाइनमैन बगैर सेफ्टी किट ही पोल पर चढ़ जाते हैं। इन्हें लगता है कि सप्लाई बंद कर दी इसलिए खतरा नहीं है लेकिन कई बार करंट आ जाता है क्योंकि कुछ लोगों ने कुंडी डाली होती है या किसी कारणवश भी बैक करंट आ जाता है। कर्मचारियों को अब निगम ने ऐसी किट्स दी हैं जो हर स्थिति में निगमकर्मी की सुरक्षा करेगी। वहीं लाइनमैंनों को शपथ भी दिलाई गई कि बिना किट्स काम नहीं करेंगे। इस अवसर पर निगम के एसडीओ संदीप कुंडू, जेई लालचंद, नसीम, सीए वेदप्रकाश व लाइनमैन राजेश उपस्थित थे।

## गुरुग्राम कमिश्नरी को मिले 59 प्रोवेशनर-सब-इन्सपेक्टर, करेंगे 2 साल की फिल्ड ट्रेनिंग



**गुरुग्राम।** फिल्ड ट्रेनिंग करने के लिए 59 प्रोवेशनर-सब-इंस्पेक्टर गुरुग्राम कमिश्नरी में भेजे गए हैं। वे यहां पर 2 साल की फिल्ड ट्रेनिंग करेंगे। इनके साथ बैठक करके गुरुग्राम के पुलिस आयुक्त केके राव ने उन्होंने उच्चकोटि का पुलिस अधिकारी बनने की बात कही और जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

दो साल की फिल्ड ट्रेनिंग के दौरान सभी 59 प्रोवेशनर-सब-इन्सपेक्टर पुलिस प्रणाली, पुलिस कार्यशैली, जिला पुलिस कार्यशैली, न्यायालयों में पुलिस की भूमिका, पुलिस थाना की कार्यशैली, पुलिस कार्यालयों की कार्यशैली, यातायात पुलिस की ड्यूटी व वीआईवी ड्यूटी समेत पुलिस की विभिन्न प्रकार की ड्यूटियों की विस्तारपूर्वक ट्रेनिंग लेंगे। पुलिस आयुक्त केके राव ने इन प्रोवेशनर-सब-इन्सपेक्टर्स से कहा कि अभी तक उन्होनें पुलिस को गश्त करते, थानों में बैठा, गाड़ियों में घुमता हुआ देखा है, किन्तु ग्राउण्ड लेवल पर पुलिस कैसी है।

उनकी जीवनशैली तथा उनकी कार्यशैली कैसी है ये सब पुलिस के साथ ड्यूटियां करते हुए देखेंगे। फिल्ड ट्रेनिंग एक ऐसी ट्रेनिंग होती है, जिसे खुद ही देखकर सीखना होता है। जो ज्यादा अधिक रुचि से ड्यूटी करेगा उतना ही अधिक ज्यादा सीख पाएगा।

## एसडीएम ने कोविड मरीजों की समुचित मॉनिटरिंग के दिए आदेश

### तावडू के नवनियुक्त एसडीएम डॉ. नरेश कुमार ने संभाला चार्ज

पायनियर समाचार सेवा। तावडू



नवनियुक्त एसडीएम डा. नरेश कुमार का स्वागत करते लोग।

**नवनियुक्त** एसडीएम डॉ. नरेश कुमार ने उपमंडल के समस्त विभागों के अधिकारियों की मीटिंग ली। मीटिंग में उन्होंने अधीनस्थ अधिकारियों को विभिन्न दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम ने यह भी कहा कि कार्य में कोताही व लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं होगी। वहीं जिस अधिकारी या कर्मचारी की भ्रष्टाचार संबंधी शिकायतें उनके पास आई उस पर कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

एसडीएम डॉ. नरेश कुमार के पास पलवल शुगर मिल के एमडी का भी चार्ज है। इनसे पूर्व एचसीएस सतीश यादव तावडू के एसडीएम थे। जिनका हाल ही में सीईओ जिला परिषद व डीआरडीए रोहतक के पद पर ट्रांसफर किया है।

तावडू में नियुक्ति के समय एसडीएम डॉ. नरेश कुमार ने तहसीलदार मनमोहन वर्मा, नायब तहसीलदार महेंद्र सिंह व सीएचसी के मेडिकल ऑफिसर डॉ. देवेंद्र सोलंकी से तावडू में कोविड के हालातों को लेकर विस्तृत रूप से जानकारी हासिल की। जनता की कोविड से सुरक्षा व कोविड मरीजों की देखरेख को लेकर उक्त अधिकारियों को विभिन्न दिशा-निर्देश दिए। वहीं एसडीएम ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस निकट है। इसको लेकर समुचित तैयारी शुरू कर ली जाए। वहीं उन्होंने इस संदर्भ में बुधवार सुबह 11 बजे एसडीएम ऑफिस में स्कूल हेड व विभिन्न विभागों के अधिकारियों संग मीटिंग करने की भी बात कही ज्वाइनिंग के वक्त एसडीएम को बधाई देने वालों का भी तांता लगा रहा। ब्लॉक समिति के चेयरमैन नरेश यादव, नपा चेयरपर्सन के पति आशीष गर्ग थे।

# लापरवाही : 45 घंटे बाद पता चला दाखिल मरीज है पॉजिटिव

## परेशान परिजनों की शिकायत पर आरएमओ ने कराई थी जांच

**कविता। फरीदाबाद**


पॉजिटिव आने पर बाहर बैठे मरीज


पॉजिटिव मरीज को एम्बुलेंस से भेजते थे मरीज

**शहर** के बादशाह खान सिविल अस्पताल के अपातकालीन कक्ष में कोरोना के लक्षणों वाले मरीजों को अन्य मरीजों के साथ भर्ती किया जा रहा है, लेकिन उनके जांच के सैम्पल 18 से 48 घंटे तक नहीं लिये जाते हैं। ऐसे ही दो मामले मंगलवार को अपातकालीन कक्ष में देखने को मिले।

जहां चिकित्सकों द्वारा कोविड जांच लिखे के बावजूद 72 घंटे से भर्ती एक अज्ञात बुजुर्ग और 45 घंटे से दाखिल एक व्यक्ति का कोरोना का सैम्पल ही नहीं लिया गया। मरीज के परिजनों और समाजसेवी सतीश चौपड़ा ने आरएमओ को इसकी शिकायत की। जिसके बाद दोनो मरीजों का सैम्पल लिया। जिसमें 45 घंटे से भर्ती मरीज पॉजिटिव पाया गया। जिस पर अन्य

### मरीज निकला पॉजिटिव

एसी नगर निवासी 55 वर्षीय व्यक्ति की जब रिपोर्ट आई तो सभी चौक गए और आनन फानन में कर्मचारियों ने एम्बुलेंस मंगवा कर पॉजिटिव को कोविड-19 अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। यहां दाखिल अन्य सभी मरीजों को बाहर निकाल कर अपातकालीन कक्ष को सेनिटाइज करवा दिया। करीब तीन घंटे तक मरीजों को गर्मी में बाहर तड़पना पड़ा।

मरीजों को बाहर निकालकर अपातकालीन कक्ष को सेनिटाइज करवाया गया।

### नहीं है सुविधा

बीके अस्पताल के अपातकालीन कक्ष में दो रूम है। जबकि अस्पताल में आईसोलेशन वार्ड कोरोना के मरीजों के लिए अलग से बना है। लेकिन कोरोना के लक्षणों वाले मरीजों को अन्य मरीजों के साथ भर्ती रखा जाता है। जबकि गाइडलाइन के अनुसार कोविड-19 के लक्षणों से ग्रस्त मरीजों को आईसोलेशन वार्ड में रखा जाना चाहिए। यहां सभी नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है।

**दोनो की दी शिकायत**

रविवार शाम साढ़े छह बजे एसी नगर निवासी 55 वर्षीय एक व्यक्ति को खांसी, सांस लेने में दिक्कत, घबराहट और बीपी हाई के कारण अपातकालीन कक्ष में भर्ती करवाया गया। जहां दाखिल करने के दौरान मरीज की कोविड-19 की जांच चिकित्सक ने कार्ड पर लिख दी। दाखिल मरीज का सैम्पल अस्पताल में मौजूद कोरोना लैब तक मंगलवार दोपहर 12 बजे तक भी नहीं पहुंचा। ऐसे में अज्ञात मरीज को फल पहुंचाने गए समाजसेवी सतीश चौपड़ा को परिजनों ने अपनी परेशानी बताई। उनके द्वारा पूछने पर पता चला कि अज्ञात का भी सैम्पल नहीं लिया गया। उन्होंने आरएमओ डॉ. रोहित गौड को पूरी बात बताई।

# एक मौत, 165 पॉजिटिव के साथ आंकड़ा पहुंचा 9339

**कोरोना का खौफ**

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**



**जिले** में कोरोना महामारी से पीड़ित मरीजों की पहचान का सिलसिला लगातार जारी है। लेकिन वहीं दूसरी तरफ रिकवरी रेट जिले में मंगलवार को 88.7 प्रतिशत पर पहुंच गया। पिछले 24 घंटे में 180 मरीजों ने कोरोना को मात देने में सफलता हासिल की। लेकिन इस महामारी की चपेट में आने वालों का पॉजिटिवी रेट 11.1 प्रतिशत है। मंगलवार को 168 पॉजिटिव मामले सामने आए। जिले में कोरोना पॉजिटिव एक मरीज की मौत हो गई।

**मृतक और पॉजिटिव**

जिले में कोरोना से पिछले 24 घंटे में एक मौत हुई, मरने वाला 69 वर्षीय व्यक्ति सेक्टर-51 का निवासी था। जिले में अब तक कोरोना पॉजिटिव 134 मरीजों की मौत कोरोना व अन्य बीमारियों से हो चुकी है। वहीं 168 पॉजिटिव में ओल्ड फरीदाबाद, बल्लभगढ़, एनआईटी, जवाहर कालोनी, खेड़ीकला, संजय कालोनी, डबुआ कालोनी, सेक्टर-सात, सेक्टर-17, आदर्श नगर, एसजीएम नगर, सेक्टर-21ए, आदर्श कालोनी के निवासी है।

**यह है आंकड़ा**

| | |
|---|---|
| अब तक कुल सैम्पल लिए | 83880 |
| रिपोर्ट नेगेटिव आई | 74072 |
| रिपोर्ट आनी बाकी | 469 |
| अब तक पॉजिटिव पाए गए | 9339 |
| अब तक ठीक हुए | 8286 |
| अब तक मौत | 134 |
| क्रिटिकल हालत में भर्ती | 44 |
| आईसीयू में भर्ती | 08 |

## सीएम विंडो पर दी शिकायत पर नहीं हुई कार्रवाई

**फरीदाबाद।** सीएम विंडो पर दी गई शिकायत पर जनवरी से लेकर आज तक किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जबकि सीएम विंडो पर भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए बनाई गई थी। मामला है संस्कृत अध्यापक यतिंद्र शर्मा के खिलाफ कार्रवाई की। जबकि स्टेट प्रोजेक्ट डॉयरेक्टर की ओर से निदेशक मौलिक शिक्षा हरियाणा को अध्यापक के खिलाफ कार्रवाई करने के कई बार निर्देश दिए जा चुके है।

# खिलाड़ियों को दी खेलों की जानकारी

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**



**जिला** एथलेटिक संघ के कार्यकारी अधिकारी सत्यवीर धनखड पलवल जिले के विभिन्न गावों में खिलाड़ियों के निवेदन पर खेल से जुडी जानकारी आदान प्रदान करने पहुंचे। सत्यवीर धनखड ने बताया कि पलवल जिले में खिलाड़ियों की बहुत ज्यादा संख्या है लेकिन खेल से संबंधित जानकारी बहुत ही कम बच्चों तक पहुंचती है। जिससे उन्हें नियमित अभ्यास करने में बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जिले के बच्चे फौज पुलिस में भर्ती होने के लिए सड़कों पर ही अपना अभ्यास करते हैं। जिससे बच्चों के पैरों के टखना, घुटने और कूल्हे जल्दी खराब होने की संभावना ज्यादा होती है।

# इनसो ने रक्तदान करके मनाया स्थापना दिवस



**हथीन।** जननायक जनता पार्टी के छात्र संगठन इनसो का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने इस मौके पर रक्तदान किया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री हर्ष कुमार व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सौरोत बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहे। इनसो के छात्र नेताओं के साथ जजपा के सभी नेताओं ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

इस मौके पर एडवांस इंजीनियरिंग कॉलेज में पौधरोपण किया गया। उसके बाद जाट धमशाला में रक्त दान शिविर लगाया गया। शिविर में सुखराम डागर, भूदेव शमाड, गौरव डागर, प्रवीण डूडी सहित छात्र नेता व जजपा नेताओं ने बढ़-चढ़कर रक्त -दान में हिस्सा लिया। शिविर का आयोजन जन स्वास्थ्य एवं शिक्षा समिति पलवल (अपना ब्लड बैंक) द्वारा किया गया। शिविर में 42 यूनिट रक्त दान किया गया। जननायक जनता पार्टी के किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुखराम डागर ने रक्त दान के बाद कहा कि रक्त दान दूसरों को जीवन दान देता इसलिए हर व्यक्ति को समय समय पर रक्त दान करना चाहिए। इससे बड़ा कोई पुण्य नही हो सकता।

# शहर की बेटी आशिमा ने यूपीएससी में ली 65वीं रैंक

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**



**बल्लभगढ़** के विजयनगर में रहने वाली आशिमा गोयल ने यूपीएससी में 65वीं रैंक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। आशिमा को यह अभूतपूर्व सफलता मिलने के बाद शहर में खुशी की लहर दौड़ गई है। परिणाम आने के बाद आशिमा के घर में बधाई देने के लिए आने वाले लोगों का तांता लग गया। आशिमा की सफलता का पता चलने पर हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने आशिमा गोयल को उसके घर जाकर गुलदस्ता भेंट कर मिठाई खिलाई और बधाई दी।

जानकारी के मुताबिक बल्लभगढ़ के विजय नगर में मात्र 75 गज के मकान में रहने वाली आशिमा गोयल ने बिना कोचिंग के यूपीएससी में 65वीं रैंक हासिल कर जिले का नाम रोशन कर दिया है। आशिमा गोयल ने बताया की माता-पिता की प्रेरणा और उसके साथ दिल्ली आईआईटी में पढ़ने वाले साथियों से उसे यूपीएससी की परीक्षा देने की प्रेरणा मिली थी। आशिम एक वर्ष मुंबई में भी जॉब कर चुकी है। उसके बाद एक साल तक घर में रहकर कि 10 से 12 घंटे की पढ़ाई करके उसने यह मुकाम हासिल किया है। पिता मित्र सेन गोयल व माता मीणा गोयल सहित पूरे परिवार में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। पिता मित्र सेन गोयल अपना छोटा सा व्यापार चलाते हैं। जबकि उनकी मां मीणा गोयल हाउस वाइफ है। शहर की बेटी की इस शानदार सफलता का पता चलते ही मंत्री मूलचंद शर्मा से रहा नहीं गया। वे आशिमा को बधाई देने के लिए तुरंत गुलदस्ता लेकर उसके घर पहुंच गए।

इस मौके पर हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा बल्लभगढ़ की कॉलोनी में रहने वाले बेटी ने यूपीएससी में 65 वी रैंक लेकर पूरे इलाके का नाम रोशन कर दिया है। उन्होंने कहा कि आज बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा सफल हो रहा है। कैबिनेट मंत्री ने उनके परिवार के सदस्यों को भी बधाई दी है। इस मौके पर कैबीनेट मंत्री मूलचन्द शर्मा के साथ आईएएस में सिलेक्ट हुई आशिमा के रिलेटिव पारस जैन भी मौजूद रहे। वहीं मंत्री के निजी सचिव विनोद अग्रवाल भी बधाई देने पहुंचे।

## संक्षिप्त समाचार

### एक माह में लगाए एक लाख पौधे



**फरीदाबाद।** विभय फाउंडेशन द्वारा देश भर में प्रदूषण नियंत्रण करने व पर्यावरण को संरक्षित करने के उद्देश्य से एक माह के अंतराल में लगभग एक लाख पौधे लगाए गए। विभय फाउंडेशन की संस्थापक रूपा कुमारी वर्मा, संस्था के प्रदेशाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, सचिव सीलम ने इस अभियान के तहत नीम, वट, पीपल, आम, तुलसी व अशोक के लगभग 500 पौधे आज फरीदाबाद के अगवानपुर, सराय ख्वाजा, पल्ला, तिलपत, सेक्टर-37 बाईपास व एतमादपुर क्षेत्र में लगाए। रूपा कुमारी वर्मा ने इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि उनकी संस्था के पदाधिकारियों ने देशभर के विभिन्न जिलों में लगभग एक लाख पौधे लगा चुके है। उनका प्रयास है कि बढ़ते प्रदूषण को कम करने व अधिक से अधिक ऑक्सीजन उपलब्ध कराने में पौधों का अहम योगदान है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वह अपने जन्मदिवस व घर के किसी भी मांगलिक कार्यों में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और कम से कम एक साल तक पौधों की बच्चों की तरह देखभाल करनी चाहिए ताकि वह वृक्ष बनकर प्रदूषण को नियंत्रण करने का काम करें। रूपा कुमारी वर्मा ने बताया कि विभय फाउंडेशन आगामी दिनों में लघु सचिवालय के आसपास जिला टैक्स बार एसोसिएशन के साथ मिलकर पौधारोपण अभियान चलाएगी। जिसमें जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सीजेएम को भी आमंत्रित किया जाएगा।


### वाहन चोर दबोचा, तीन बाइक कीं बरामद

**फरीदाबाद।** क्राईम ब्रांच सैन्ट्रल ने वाहन चोरी करने वाले एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस बारे में पुलिस प्रवक्ता एसीपी धारणा यादव ने बताया कि आरोपी तेजपाल उर्फ तेजा सुभाष कालोनी बल्लभगढ़ फरीदाबाद का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच सैन्ट्रल ने गुप्त सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने इसी वर्ष फरवरी महीने मे थाना सेन्ट्रल क्षेत्र मे वाहन चोरी की वारदात को अन्जाम दिया था। इसके अलावा आरोपी ने दो वारदात थाना आदर्श नगर बल्लभगढ़ मे इसी वर्ष जुलाई में की थी। पूछताछ पर आरोपी ने बतलाया की आरोपी फरीदाबाद से वाहन चोरी कर मेवात व राजस्थान में सप्लाई करता था। लॉक-डॉउन के चलते आरोपी मोटरसाईकिल बेच नही पाया था। आरोपी से उपरोक्त तीनों वारदात सुलझाते हुए अलग-अलग जगह से दो स्प्लेंडर व एक एपाचे मोटर साईकिल बरामद कर जेल भेजा है। आरोपी शादी शुदा है, अपने शौक के लिए आरोपी वारदातों को अन्जाम देता था। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर जेल भेजा।

### अवैध हथियार सहित आरोपी गिरफ्तार किया

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर 56 ने जवाहर कॉलोनी निवासी लवकुश को हथियार सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता एसीपी धारणा यादव ने बताया कि आरोपी को सूचना के आधार पर सेक्टर-58 स्थित खेतान चौक से गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर 58 में मामला दर्ज किया गया है। पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि आरोपी ने यह देसी पिस्तौल 5000 में राकेश नाम के लड़के से बदरपुर बॉर्डर से खरीदी थी। आरोपी के माता-पिता ने आरोपी को बेदखल किया हुआ है। आरोपी एक आदतन अपराधी है जिसने पहले भी हत्या, मारपीट छीना झपटी की वारदात को अंजाम दिया है और जेल भी जा चुका है। आरोपी के खिलाफ थाना सारण में वर्ष 2013 में हत्या का मामला दर्ज है। उस वक्त आरोपी नाबालिग था जो इस केस में आरोपी को 2 वर्ष की सजा हुई थी। 2019 में आरोपी के खिलाफ मारपीट और स्नेचिंग का मामला दर्ज है। पुलिस ने आरोपी से एक देसी पिस्तौल बरामद कर अदालत में पेश कर जेल भेजा है।

### मांगों को लेकर कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन



**फरीदाबाद।** हरियाणा रोडवेज वर्कर यूनियन की तालमेल कमेटी के आवाहन पर अपनी मांगों को लेकर कर्मचारियों ने मंगलवार को बस डिपों पर दो घंटे तक प्रदर्शन किया। यह निर्णे वीडियो कांफ्रेंस के जरिए हुई रोडवेज कर्मचारी तालमेल कमेटी की बैठक में लिया गया था। इस बारे में जानकारी देते हुए एसकेएस के प्रधान रविन्द्र ने बताया कि तालमेल कमेटी के आवाहन पर चार अगस्त को प्रदर्शन किया गया। इसके बाद अब यह प्रदर्शन सात, 11, 18 और 25 अगस्त को डिपुओं में धरना देकर किया जाएगा। फिर भी यदि मांग नहीं मानी तो आगामी पांच सितंबर को कमेटी का प्रतिनिधिमंडल परिवहन मंत्री से मिलेगा। कर्मचारियों ने प्रदर्शन सुबह नौ से 11 बजे तक किया। प्रदर्शन करने वालों में डिपो के प्रधान रविन्द्र नागर सैकुल खान, रामआसरे यादव, शजाद खान अजब सिंह और राजवीर नागर मौजूद रहे। यह प्रदर्शन स्टेज कैरिज स्कीम व किलोमीटर स्कीम रद्द करने की मांग को लेकर एवं पुरानी मांगों को लागू करवाने के लिए किया गया। उन्होंने मांग की कि इस पॉलिसी को रद्द करके रोडवेज विभाग में 10 हजार बसें शामिल की जाएं आरोप है कि सहमति होने के बावजूद भी कर्मचारियों की वर्षों से लंबित मांगों को लागू नहीं किया जा रहा है।

# रक्तदान और पौधारोपण कर मनाया स्थापना दिवस

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**



**जननायक** जनता पार्टी की छात्र विंग इंडियन नेशनल स्टूडेंट ऑर्गेनाइजेशन द्वारा दो दिवसीय 17 वां स्थापना दिवस रक्तदान शिविर एवं पौधारोपण करके पूरे हरियाणा प्रदेश में मनाया गया। बल्लभगढ़ अनाज मंडी में रक्तदान शिविर लगाया गया जिसकी अध्यक्षता इनसो के जिला अध्यक्ष विकास महलवार ने की जिसमें बतौर मुख्य अतिथि फरीदाबाद इनसो प्रभारी नागेश तेवतिया, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अंतराम तंवर, प्रदेश महासचिव तेजपाल डागर, जिला प्रधान ठाकुर राजाराम ने भी। इस बारे में इनसो के जिलाध्यक्ष विकाश महलवार ने बताया कि जननायक जनता पार्टी के संरक्षक एवं पूर्व सांसद अजय सिंह चौटाला उप मुख्यमंत्री हरियाणा दुष्यंत सिंह चौटाला के दिशानिर्देशों की पालना करते हुए फरीदाबाद शहर में रक्तदान शिविर एवं पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इनसो के फरीदाबाद इकाई के प्रभारी नागेश तेवतिया ने बताया कि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला के नेतृत्व में पूरे हरियाणा प्रदेश में दो दिवसीय कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

## बालकृष्ण के जन्मदिवस पर बांटे औषधीय पौधे

**फरीदाबाद।** ग्रेटर फरीदाबाद स्थित अमोलिक पार्क में चल रही नियमित निशुल्क योग कक्षा में औषधीय पौधे वितरित किए गए। इस दौरान छह दिनों तक औषधीय पौधों का वितरण और रोपण किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक आचार्य बालकृष्ण के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में पूरे देश मे योग कक्षाओं के माध्यम से योग साधक जड़ी बूटी सप्ताह मना रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को अमोलिक पार्क के निकट लोगों को पौधे बांटे गए।

# म्हारा हरियाणा हरा-भरा के तहत त्रिखा ने किया पौधारोपण

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**



**प्रदेशभर** में शुरू हुए 'म्हारा हरियाणा हरा-भरा हरियाणा' अभियान के तहत बडखल विधानसभा क्षेत्र की भाजपा विधायक सीमा त्रिखा ने एनएच मंडल-1 नंबर 'जे' ब्लॉक पार्क में पौधारोपण किया। यह अभियान आगामी 16 अगस्त भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि तक चलेगा। कार्यक्रम का आयोजन पार्षद दिनेश भाटिया द्वारा किये जाने के लिए उनका धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस मौके पर विधायक सीमा त्रिखा ने बताया कि म्हारा हरियाणा हरा-भरा हरियाणा अभियान के तहत प्रदेशभर में पांच लाख ग्यारह हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे लगाने के साथ-साथ हमें इनकी सुरक्षा भी बच्चों के लालन-पालन की तरह करनी है ताकि पर्यावरण को स्वच्छ व हरियाणा को हरा-भरा बनाया जा सके। वृक्षों की महिमा पर प्रकाश डालते हुए विधायक ने कहा कि वृक्ष है तो सांस है, सांस है तो जीवन है। पेड़ हमारे बाहरी फेफड़े हैं, जो हमें आक्सीजन प्रदान करते हैं। वृक्षों से जल, फल, फूल, अन्न, रोटी, सब्जियां, दवाएं और यदि पुराने जमाने का जिक्र करें तो गुरुकुल का जीवन भी वृक्षों के सानिध्य में ही मिलता रहा है। विधायक ने कहा कि वर्तमान में हरियाणा प्रदेश में वनों का क्षेत्रफल 4 प्रतिशत से भी कम है। हमें पूरे प्रदेश को हरा-भरा बनाना है। उन्होंने यह भी कहा कि खाली पड़ी जमीन के साथ-साथ खेतों में अपनी मेढ़ों पर वृक्ष अवश्य लगाएं, उनका पालन-पोषण भी बेहतर ढंग से करें। त्रिखा ने अपनी अभिव्यक्ति के दौरान यह भी कहा कि पेड़ गजब की प्रेरणा देते हैं।

# शहरवासियों से दीपोत्सव और प्रकाशोत्सव मनाने की अपील

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**



**सेक्टर** 28-29 रोड स्थित श्री हनुमान मंदिर में दशहरा कमेटी के पदाधिकारियों की बैठक प्रधान डॉ. कौशल वाटला की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें कमेटी के मुख्य संरक्षक कृष्ण पाल गुर्जर, संरक्षक, आरएस गांधी, संरक्षक डॉ. प्रशांत भल्ला, मुख्य सलाहकार देवेंद्र चौधरी की सलाह पर महामंत्री बीके अग्रवाल, संगठन उपाध्यक्ष अनिल नागर, कोषाध्यक्ष बलराज गुप्ता, सचिव राजीव मल्होत्रा, दीपक मेहता, अरुण शर्मा, प्रदीप सेठी, नरेश गुप्ता, टीएन कपूर, आदित्य भसीन इत्यादि पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से निर्णय लिया, कि 5 अगस्त को अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के दिन शुद्ध देसी घी के लड्डू का प्रसाद सोशल डिस्टेंसिंग के द्वारा श्रीसिद्ध हनुमान मंदिर सेक्टर 28 नजदीक 28, 29 चौक के पास बांटा जाएगा तथा रात्रि को दीपोत्सव एवं प्रकाशोत्सव मनाएंगे। कमेटी के पदाधिकारियों ने यह भी निर्णय लिया गया कि राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण शिलान्यास के लिए अगर कार सेवकों की जरूरत पड़ी तो हमारे दशहरा कमेटी के सदस्य वहां जाकर कार सेवा भी करेंगे।

# मेरा परिवार-समृद्ध परिवार के तहत पहचान पत्र योजना शुरू

## आगामी 27 से 30 अगस्त तक बनेगा प्रत्येक परिवार का पहचान-पत्र

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**




**हरियाणा** राज्य में अब प्रत्येक परिवार को अलग पहचान मिलेगी तथा सभी परिवारों का डाटा डिजिटल रूप में संग्रहित किया जाएगा। इस पहचान नंबर से ही भविष्य में परिवारों को सरकारी सेवाओं व जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। मंगलवार को पंचकूला में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने नागरिक संसाधन सूचना विभाग के माध्यम से मेरा परिवार-समृद्ध परिवार के तहत परिवार पहचान पत्र वितरण योजना का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उनके साथ उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला भी उपस्थित थे।

जिला स्तर पर लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित परिवार पहचान पत्र वितरण कार्यक्रम में हरियाणा के परिवहन व खनन एवं भू-गर्भ मंत्री मूलचंद शर्मा मुख्यातिथि थे। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में हरियाणा वेयर हाउस निगम के चेयरमैन एवं विधायक पृथला नयनपाल रावत व उपायुक्त यशपाल तथा अतिरिक्त उपायुक्त सतबीर मान भी उपस्थित थे।

परिवहन मंत्री ने कहा कि परिवार पहचान पत्र के तहत सभी परिवारों का एक प्रामाणिक, सत्यापित व विश्वसनीय डेटाबेस तैयार होगा। इस पहचान पत्र को सभी वर्तमान की योजनाओं व जनहित की सेवाओं से जोड़ा जाएगा, ताकि अंतिम व्यक्ति तक इन योजनाओं का लाभ पहुंच सके। इसके तहत योजनाओं के पात्र व्यक्तियों का चयन भी स्वत: हो जाएगा, यानी लाभपात्र को अलग से आवेदन नहीं करना पड़ेगा। इससे योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता आएगी। संग्रहित डाटा को गोपनीय व सुरक्षित रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से सरकार की ओर से डिजिटल स्वरूप के साथ जरूरतमंद लोगों को लाभांवित कर रही है और मुख्यमंत्री की सकारात्मक सोच के कारण ही परिवार को अलग पहचान जारी करने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मानते हैं कि गुड गवर्नेंस का रास्ता ई-गवर्नेंस से निकलता है, इसलिए, सरकार भ्रष्टाचार पर जीरो टोलरेंस नीति के तहत ही ई-गवर्नेंस को अधिक महत्व दे रही है। उन्होंने बताया कि आगामी रूपरेखा के अनुसार 27, 28, 29 व 30 अगस्त को जिला के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में विशेष कैंप लगाए जाएंगे, जिसमें प्रत्येक परिवार का पहचान-पत्र बनाने की प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी। उन्होंने बताया कि सभी विभागों की योजनाओं का लाभ परिवार पहचान पत्र के माध्यम से दिया जाएगा तथा लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। इस अवसर पर मंत्री ने 20 लाभपात्रों को परिवार पहचान पत्र भी वितरित किए।

चेयरमैन नयनपाल रावत ने कहा कि परिवार पहचान पत्र से लोगों को सरकारी सेवाओं व योजनाओं का लाभ जल्द व सरल तरीके से मिलेगा और लोगों को पारदर्शी तरीके से इनका लाभ मिलेगा। प्रदेश सरकार ने अपने पिछले पांच वर्ष के कार्यकाल में ई-गवर्नेंस सेवाओं को काफी बढ़ावा दिया, जिस कारण अनेक कार्य पारदर्शी तरीके से हुए। परिवार पहचान पत्र के तहत तैयार डेटाबेस भविष्य की योजनाओं को तैयार करने में भी काफी कारगर सिद्ध होगा।

उपायुक्त यशपाल ने बताया कि परिवार पहचान पत्र के तहत नया डेटाबेस तैयार होगा। इसमें भविष्य में नया डाटा जुड़ता रहेगा और यह निरंतर अपडेट होता रहेगा।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 5 अगस्त, 2020



## चीन की रणनीति

### लंबे समय तक चलेगा संघर्ष

**चीन** पैगांग सो में काफी पीछे हटने से हिचक रहा है और उसके आसपास अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है। इसके साथ ही वार्ता को जारी रखने के लिए वह अन्य क्षेत्रों में थोड़ा पीछे हट रहा है। ऐसे में भारत को लंबे संघर्ष के लिए तैयार रहना चाहिए। पहाड़ों में इतनी अधिक ऊंचाई पर एक और सियाचिन बनने से दोनों पक्षों के संसाधनों की बरबादी होगी। लेकिन कम से कम इस जाड़े में चीन अपने दावे पर डटे रहना चाहता है। पूर्वी लद्दाख में सारी राजनय के बावजूद चीन पैगांग सो व डेपसांग क्षेत्रों में पुरानी स्थिति में जाने को तैयार नहीं है। इसका कारण पश्चिम में गिलगिट-बाल्टिस्तान है जहां चीन ने चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे-सीपीईसी तथा पूरब में अक्साईचिन में भारी निवेश किया है। अत: इन क्षेत्रों पर दबाव उसके क्षेत्रीय रणनीतिक व आर्थिक वर्चस्व के लिए संकट हो सकता है। वह जिनजियांग से तिब्बत राजमार्ग के 179 किलोमीटर हिस्से को भारत की छाया से दूर रखना चाहता है। वर्तमान समय में पाकिस्तान और उसके आगे मध्य एशिया तक उसकी पहुंच मजबूत है और वह वास्तविक नियंत्रण रेखा-एलएसी पर अपना दृष्टिकोण थोपना चाहता है। वह इसे अनिश्चित बनाए रख कर अपनी सैनिक उपस्थिति तथा सीमा पर ढांचागत निर्माण को बढ़ावा देना जारी रखना चाहता है ताकि भारत को कई साल तक यहां चुनौती बनने से रोका जा सके। लेकिन वह भारत द्वारा सीमा पर, खासकर दौलत बेग ओल्डी के निकट ढांचागत निर्माण से व्यथित है। इससे कराकोरम दर्रे के निकट भारत की उपस्थिति मजबूत हुई है और गलवान में भारतीय सैनिकों ने दिखा दिया है कि वे ऊंचे पहाड़ों पर युद्ध लड़ने में सक्षम हैं। बफर जोन की बात कर चीन भारतीय सैनिकों के गश्त का क्षेत्र घटाना चाहता है। इससे उसे अपने क्षेत्र में चुपचाप निर्माण का अवसर मिलेगा। चीन को उम्मीद है कि वह लंबे जाड़े में खासकर



हमारे सैनिकों को थका कर पैगांग सो में यथास्थिति बदलना चाहता है। वह जैसे भारत के धैर्य की परीक्षा ले रहा है। पीपुल्स लिबरेशन आर्मी-पीएलए को गंभीरता से लेना होगा क्योंकि जाड़े में हमले करने का उसका इतिहास है, चाहे वह तिब्बत पर कब्जा हो या 1962 में हमला।

गलवान में चीनी सैनिकों की झड़प में मौत से उसकी छवि खराब हुई है। उसके द्वारा हताहतों पर चुप्पी का अर्थ है कि वह फिर हमला करेगा। वर्तमान समय में वूहान वायरस के बाद चीन दुनिया को अपना उपनिवेश बनाने का सपना पूरा करने की दिशा में थोड़ा सुस्त हुआ है। लेकिन वह भारत का उभार स्वीकारने को तैयार नहीं है। यदि चीन की अर्थव्यवस्था में केवल एक प्रतिशत की भी वृद्धि हो तो वह अमेरिकी वर्चस्व वाले पश्चिमी देशों के मुकाबले तन कर खड़ा होगा। अमेरिकी विरोध के बावजूद उसने दक्षिण चीन सागर में आक्रामकता बनाए रखी है तथा उसने कई द्वीपों पर अपने दावे के साथ अड्डे बनाना व दक्षिणपूर्वी एशियाई देशों पर दबाव डालना जारी रखा है। उसने अनेक देशों को कर्ज के जाल में फंसा रखा है और उनमें से कुछ भारत का विरोध कर रहे हैं। ऐसे में भारत को अमेरिका का मुहरा बनने से बचना होगा क्योंकि दोनों बड़ी शक्तियों में दुनिया पर प्रभुत्व की लड़ाई भविष्य में और तेज होगी। ऐसे में यदि चीन भारत से टकराव को बढ़ावा देता है तो वह अन्य एशियाई देशों को अपने साथ लाने में कठिनाई का अनुभव करेगा। भारत भले ही वर्तमान समय में चीन की आर्थिक व सैनिक शक्ति की बराबरी करने की स्थिति में न हो, पर वह पश्चिमी तथा क्षेत्रीय शक्तियों से बराबरी की साझेदारी कर सकता है। वह हिंद महासागर क्षेत्र में चीन को चुनौती देते हुए क्वैड पहल पर जोर दे सकता है। अमेरिका और जापान से मिल कर 'नियम आधारित व्यवस्था' पर जोर देकर वह चीन की आक्रामक रणनीति का मुकाबला कर सकता है। अब भारत को सीमा समस्या के समाधान तथा एलएसी निर्धारित करने पर जोर देना चाहिए। चीन भविष्य में अरुणाचल प्रदेश पर अपने दावे पर जोर दे कर भूटान पर दबाव बना सकता है। ऐसे में हमें चीन से सतर्क रहना होगा।

# जनहित याचिकाओं का दुरुपयोग

**हमें उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए जो जनहित याचिकाओं का दुरुपयोग करते हैं, जबकि इसे गरीब व वंचित वर्गों को त्वरित न्याय दिलाने का महत्वपूर्ण साधन माना जाता है।**

**जे गोपीकृष्णन**
(लेखक दि पायनियर के विशेष संवाददाता हैं)





जनहित याचिकाओं-पीआईएल का जन्म 1976 में जस्टिस कृष्ण अय्यर के समय तथा बाद में 1979 में हुआ था, जब 50,000 विचाराधीन कैदियों की दयनीय दशा के कारण उनकी रिहाई संभव हुई थी। यह विचार एक आंदोलन से पैदा हुआ था जिसे जस्टिस पी.एन. भगवती ने त्वरित न्याय को मूलाधिकार का हिस्सा मान कर सुनिश्चित किया था। पहले न्याय गरीबों व वंचित लोगों की पहुंच से बाहर था। विधायिका व कार्यपालिका की विफलताओं पर नियंत्रण लगाने के महत्वपूर्ण हथियार से पीआईएल धीरे-धीरे निजी हितों को आगे बढ़ाने का माध्यम बनता गया। इसने एक खास शैली में राजनीति में गुरिल्ला युद्ध जैसा स्थान ले लिया। जल्द ही यह एक भयानक राक्षस में बदल गया जो विधायिका या कार्यपालिका को आतंकित कर सकता था। इस वर्ष पीआईएल उद्योग ने अपना अंतिम लक्ष्य प्राप्त किया जो भारत के सर्वोच्च न्यायालय पर अपनी शर्तें थोपना था।

इस अवधारणा में इतनी विकृति आई कि जस्टिस अरिजीत पसायत को यह रेखांकित करना पड़ा कि पीआईएल में 'पी' का अर्थ राजनीति, पैसा, प्रचार या निजी हित हो गया है। अशोक कुमार पांडे मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने इस स्थिति पर उपयुक्त रूप से जोर दिया। बदलते समय के साथ विकृत जनहित याचिकाओं की संख्या इतनी अधिक हो गई कि पीआईएल एक्टिविस्टों ने सेवारत व सेवानिवृत्त जजों तथा नौकरशाहों को ईमानदारी के प्रमाणपत्र बांटना शुरू कर दिया। भारत के प्रधान न्यायाधीश-सीजेआई ने कोर्ट नंबर एक में एक पीआईएल वकील से कार्यवाही के दौरान सवाल किया, 'आपकी शर्ट के बटन क्यों नहीं बंद हैं और आपके कालर क्यों खुले हैं?' उनकी यह टिप्पणी उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा कुख्यात गैंगस्टर विकास दुबे की मुठभेड़ में मौत मामले पर सुनवाई के समय आई जिसने पुलिस में मिलीभगत रखने वालों के साथ मिल कर ड्यूटी पर तैनात आठ पुलिसजनों की हत्या की थी।

सर्वोच्च न्यायालय में दाखिल अनेक पीआईएल के कारण उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मामले की जांच हेतु नियुक्त एक-सदस्यीय आयोग को समाप्त करना पड़ा। यह सर्वोच्च न्यायालय द्वारा भारती तमांग व पश्चिम बंगाल राज्य बनाम सीपीडीआर मामले में एक पीआईएल पर निर्णय के परिणामस्वरूप था जिसमें केवल असाधारण परिस्थितियों में ही जांच आयोग को स्वीकार्य मानने की बात की गई थी। जाहिरा हबीबुल्ला शेख व कामन काज़ बनाम भारत सरकार के मामले में और स्पष्ट करते हुए ऐसी 'असाधारण परिस्थितियों' को परिभाषित किया गया था। इसके अनुसार सहायता मांगने वाली अदालत द्वारा नियुक्त जांच केवल ऐसी परिस्थिति में उचित ठहराई गई थी जहां जांच में कमी स्पष्ट हो या प्रथमदृष्टया सत्ता का दुरुपयोग स्पष्ट हो जिससे आयोग की स्वतंत्रता पर संदेह हो सकता हो। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि ऐसे मामलों में कोई तीसरा पक्ष पीआईएल से केवल उस स्थिति में उपचार मांग सकता है जब सत्ता के दुरुपयोग के ऐसे आरोप या जांच की कमी रिकार्ड से स्पष्ट हो, जैसा कि राजीव रंजन सिंह मामले में तय किया गया था।

लेकिन इसके बावजूद पीआईएल पर कार्रवाई जारी रही। पहले दौर में सीजेआई द्वारा स्वीकृति के बावजूद सर्वोच्च न्यायालय के खास सेवानिवृत्त जज की नियुक्ति पर आपत्ति की गई। आयोग में सेवानिवृत्त नौकरशाह के 'पूर्वाग्रह' का मजाक उड़ाया गया। राज्य सरकार द्वारा अतिरिक्त मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित विशेष जांच टीम-एसआईटी को चुनौती दी गई। इसके साथ ही पीठ के समक्ष एक अदृश्य व निरर्थक मानवाधिकार संहिता से मूल्यों व योग्यताओं के प्रमाण देने के प्रयास हुए। ऐसे में अदालत याचिकाकर्ताओं को संतुष्ट करने के लिए कहां तक जा सकती है, खासकर जब उनका गंभीर मामलों में जनता के प्रतिनिधित्व का कोई ट्रैक रिकार्ड न हो तथा वे ऐसे सेवानिवृत्त जजों के सम्मान पर हमला करते हों जिनका विधिक व्यवस्था में दशकों लंबा योगदान जनता के सामने हो?

**विधायिका व कार्यपालिका की विफलताओं पर नियंत्रण लगाने के महत्वपूर्ण हथियार से पीआईएल धीरे-धीरे निजी हितों को आगे बढ़ाने का माध्यम बनता गया। इसने एक खास शैली में राजनीति में गुरिल्ला युद्ध जैसा स्थान ले लिया जो विधायिका या कार्यपालिका को आतंकित कर सकता था। इस वर्ष पीआईएल उद्योग ने अपना अंतिम लक्ष्य प्राप्त किया जो भारत के सर्वोच्च न्यायालय पर अपनी शर्तें थोपना था।**

सर्वोच्च न्यायालय ऐसी विकृत याचिकाओं से अतीत में कैसे निपटता रहा है? मैथ्यूज़ नेदुमपारा मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने 2019 में स्वत: अवमानना कार्रवाई शुरू की थी क्योंकि विकृत याचिकाओं के साथ ही याचिकाकर्ता का व्यवहार आपत्तिजनक था। उसे तीन महीने कैद की सजा दी गई तथा यह वादा कराया गया कि वह कभी किसी जज पर हमला नहीं करेगा। इसके साथ ही उसे सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष एक साल तक पैरवी करने से रोका गया। इसके साथ ही सुराज इंडिया ट्रस्ट बनाम भारत सरकार में अदालत ने फैसला दिया कि देश की किसी अदालत में जनहित में कोई गलत याचिका दायर करने पर 25 लाख रुपये का जुर्माना होगा।

ऐसे में सोचा जा सकता है कि जब सर्वोच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त आयोग अंतत: पुलिसजनों की हत्या कर कानून के शासन का मजाक उड़ाने जैसे कृत्य न दुहराने पर विचार करेगा तो अनेक जनहित याचिकायें सामने आएंगी जो इस बार मीडिया में लेखों के माध्यम से हो सकती हैं। ऐसी पीआईएल में आयोग की निष्ठा पर सामूहिक रूप से सवाल उठाया जाएगा जिसने देश की सेवा में अनेक वर्ष योगदान किया है। क्या ऐसी याचिकाओं व उनके खारिज करने से दु:ख की कोई भावना पैदा होगी कि ड्यूटी पर तैनात पुलिसजनों को इतने जघन्य रूप से क्यों मारा गया? यदि राजनीतिक या वैचारिक झुकाव पर मतभेदों को अनदेखा कर दिया जाए तो भी स्पष्ट होता है कि हमने न्यायपालिका और पुलिस बल तथा दंड न्याय व्यवस्था के प्रति गंभीर पूर्वाग्रह विकसित किए हैं। हमें थोड़ा ठहर कर आत्मावलोकन करना चाहिए। आयोग से उम्मीद है कि वह अपराधियों व पुलिस अवस्थापना के बीच विकृत गठजोड़ की जांच करते हुए भविष्य में ऐसी घटना से बचने के सुझाव भी देगा।

हमें आयोग के काम करने तथा खंडित व्यवस्था सुधारने के लिए उसकी उपयुक्त संस्तुतियों के लिए कितनी प्रतीक्षा करनी होगी? इस व्यवस्था में एक कुख्यात हिस्ट्रीशीटर को 60 जघन्य अपराधों के बाद जमानत मिल जाती है। इस व्यवस्था में 'भेदिये' अपराधियों की सहायता करते हैं तथा नियमित सुनवाई व त्वरित न्याय का अभाव है। इसमें अपराधी जेलों से अपने गिरोह चलाते हैं तथा शहीद हुए पुलिसजनों के परिवारों को न्याय के लिए लंबी व कठोर लड़ाई लड़नी पड़ती है। इस व्यवस्था में न्याय का विचार केवल उम्मीदों के सहारे रहता है। अब यही उम्मीद कोर्ट नंबर एक से है। समय आ गया है कि मामले खारिज करने व जुर्माना करने से आगे बढ़ा जाए। सुनिश्चित कानूनों के बजाय विकृत याचिकाओं से सर्वोच्च न्यायालय का मूल्यवान समय और संसाधन बेकार होते हैं तथा स्वयं न्याय का मजाक उड़ता है। यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा न्याय के दरवाजे खोलने का अर्थ एक्टिविस्ट वकीलों के किसी खास तबके के एजेंडे को बल देना नहीं है। समय आ गया है कि पीआईएल का दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए जो गरीब व वंचित वर्गों को न्याय दिलाने का महत्वपूर्ण हथियार है।

# पूर्ण हुई रामभक्तों की चिर आकांक्षा

**शिव प्रकाश**
(लेखक भाजपा संगठन से जुड़े हैं)



5 अगस्त को विधिवत पूजन करके देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं सभी आस्थाओं के मानने वाले पूज्य धर्मगुरुओं द्वारा विधिवत् पूजन करके मंदिर निर्माण का कार्य प्रारंभ हो जाएगा। आंदोलन को अपना संपूर्ण समर्थन देकर निर्णायक स्थिति तक पहुंचाने में सहायक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के परम पूजनीय सरसंघचालक माननीय डॉ मोहन राव भागवत जी की उपस्थिति भी समाज के लिए प्रेरक रहेगी । देश के सभी तीर्थ स्थानों की पवित्र मिट्टी एवं सभी नदियों का पवित्र जल मंदिर निर्माण के लिए पूजन में उपयोग होना, देश की एकात्मता का प्रत्यक्ष प्रकटीकरण है। सभी संप्रदायों के धर्म गुरुओं का आशीर्वाद सामाजिक एवं आर्थिक हस्तियों को आमंत्रण एवं उपस्थिति देश की एकात्मता एवं सामाजिक सद्भाव की अनूठी मिसाल है। आज अपने देश एवं दुनिया के सम्मुख जो समस्याएं दीवार की तरह खड़ी हैं, उन सब का समाधान प्रभु श्रीराम के जीवन चरित्र में दिखाई देता है । महिला सशक्तिकरण अभियान के माध्यम से जो संदेश हम समाज को देना चाहते हैं, राम का रावण के साथ युद्ध उसका प्रत्यक्ष व्यवहार है। माता सीता के वन गमन के समय स्वयं राजमहल में रहकर भी वन के समान जीवन जीना यह स्त्री के प्रति उनके आदर भाव को प्रकट करता है । समाज में जो शक्तियां सवर्ण-दलित, शहरवासी - वनवासी (जनजाति) संपन्न - गरीब की खाई को बढ़ाकर संघर्ष उत्पन्न करना चाहती हैं, उनको राम का महाराज निषाद एवं माता शबरी के जूठे बेर खाना, सटीक उत्तर है। वन में उनका व्यवहार एवं पेड़-पौधे, जीव-जंतु आदि के प्रति प्रेम पर्यावरण एवं जैव विविधता के प्रति उनकी दृष्टि को प्रकट करता है। मानवता के शत्रु राक्षसों का वध करके आतंक का उन्मूलन तो उन्होंने करके ही दिखाया है। उनका सारा जीवन इसी की प्रेरणा है। पिता- पुत्र, भाई-भाई ,शिक्षक, पत्नी आदि के प्रति उनका व्यवहार मानवीय मूल्यों की पराकाष्ठा है। इस कारण राम मंदिर का निर्माण एक पूजा स्थान मात्र नहीं, बल्कि सामाजिक विघटन के इस वातावरण में मानवता को आदर्श व्यवहार का संदेश भी देगा।

लोक कल्याण का विचार लेकर ऋषियों के तप के परिणाम स्वरूप जिस राष्ट्र का निर्माण हुआ,आसेतु



हिमाचल विस्तृत भूभाग वाला यह भारत राष्ट्र ही है। जीवन जीने की शैली जिसमें संपूर्ण विश्व का कल्याण निहित है, वह इस राष्ट्र में विकसित हुई। मानव का मानव के प्रति, प्रकृति एवं सृष्टि में व्याप्त चराचर जीव-जगत के प्रति हमारा व्यवहार कैसा हो, यह संस्कार संपूर्ण विश्व को इस धरा ने ही दिया है। शरणार्थी की सहायता एवं संकट में सहयोग, यहां का संस्कार है। इस देश में जन्मी ऋषि परंपरा, देवी-देवताओं की वाणी, महापुरुषों एवं राजा-महाराजाओं ने अपने व्यवहार से इस संस्कार को अपने जीवन में साकार रूप दिया। लंबी परंपरा से विकसित यह संस्कार ही हमारी थाती बन गए हैं, जो हमारी संस्कृति के रूप में प्रकट होते हैं। देश के करोड़ों लोगों को इन संस्कारों का व्यवहार एवं संस्कृति स्वरूप जिन महापुरुषों में साक्षात दिखाई देता है उनमे भगवान राम का नाम सर्वोपरि है। इस कारण भगवान राम विश्व भर में फैले करोड़ों लोगों की आस्था के केंद्र बिंदु हैं। भगवान राम का मंदिर उस आस्था का मंदिर है । इस कारण राम मंदिर निर्माण आंदोलन के नेतृत्वकर्ता इसको राष्ट्र मंदिर निर्माण की संज्ञा देते हैं। इस आस्था के कारण ही करोड़ों का समाज मंदिर आंदोलन से जुड़ा, जो अब साकार रूप ले रहा है। प्रभु श्रीराम के जन्म स्थान पर भव्य मंदिर का निर्माण हिंदू समाज की चिर आकांक्षा थी, जो अब पूर्ण हो रही है। इस आकांक्षा की पूर्ति के लिए लगभग 500 वर्षों से हिंदू समाज संघर्षरत था। असंख्य बलिदान अब तक हो चुके हैं। मुक्ति का यह संघर्ष साधु-संत, राजा-महाराजाओंआदि के नेतृत्व में चला है।

इस आंदोलन में निर्णायक मोड़ तब आया, जब 1983 में विश्व हिंदु परिषद ने आन्दोलन अपने हाथों मे लिया। स्वर्गीय अशोक सिंघल जी के साहसीएवंयशस्वी नेतृत्व के कारण आंदोलन देशव्यापी बना। रथ यात्रा, शिला पूजन, चरण पादुका यात्रा, कार सेवा आदि कार्यक्रम आंदोलन को गति देने वाले निर्णायक चरण थे। भारतीय जनता पार्टी के तत्कालीन अध्यक्ष श्री लालकृष्ण आडवाणी जी की यात्रा से संपूर्ण देश का जनमानस आंदोलन के साथ जुड़ गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक स्वर्गीय मोरोपंत पिंगले, गोरक्ष पीठाधीश्वर महंत अवैद्यनाथ जी, स्वामी वामदेव जी एवं स्वामी सत्यमित्रानंद जी सरीखे अनेक महापुरुष जिनका आंदोलन को गति देने में उल्लेखनीय योगदान हैं अब इस दुनिया में नहीं है। आंदोलन के शिखर पुरुष स्वर्गीय अशोक सिंघल जी भी अपने जीवित रहते मंदिर नहीं देख पाए। मंदिर का निर्माण इन सब के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

मंदिर निर्माण का यह आंदोलन विश्व के लोगों के लिए एक शोध का विषय रहेगा। समाज के द्वारा अपनी आकांक्षा पूर्ति के लिए 500 वर्षों तक चलने वाला यह अनूठा आंदोलन है। सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय एक समिधा के समान यज्ञ की पूर्ण आहुति में सहायक बना है। विश्व के सभी आस्थावान व्यक्ति अयोध्या आकर प्रभु श्रीराम के जीवन से प्रेरणा लेंगे, अपने संस्कारों को सुदृढ़ करेंगे एवं संस्कारों के बल पर मानवीय मूल्यों के संरक्षक एवं वाहक बनेंगे। प्रभु श्रीराम एवं प्रभु श्रीराम का मंदिर इसकी प्रेरणा युगों-युगों तक देता रहेगा। मंदिर निर्माण आंदोलन में सहायक सभी ज्ञात अज्ञात लोगों का पुण्य स्मरण।

## आप की बात

### पर्यावरण मसौदा

**अभी** संक्रमण काल में हमने देखा कि हमारे पर्यावरण को इससे बहुत फायदा हुआ है परंतु एक खराब खबर भी हमारे सामने आई है,आई एम अभी हाल ही में कुछ पर्यावरण संरक्षण में कार्य करने वाले व्यक्तियों ने यह आरोप लगाया है कि पर्यावरण प्रभाव आकलन मसौदा 2020 पर्यावरण पर नकारात्मक रूप से प्रभाव डाल रहा है।पर्यावरण प्रभाव आकलन अधिसूचना में बदलाव के बाद लाया गया पर्यावरण प्रभाव आकलन मसौदा नकारात्मक रूप से पर्यावरण पर प्रभाव डाल रहा है। की आवरण के बारे में हमने लॉकडाउन के अंतर्गत बहुत सुखद खबरें सुनी थी परंतु अब यह आरोप कहीं ना कहीं पर्यावरण संरक्षण के हित में नहीं है। गंगा में प्रदूषण में कमी से लेकर वायु गुणवत्ता तक और कावड़ उत्सर्जन की कमी से लेकर नैनी झील के जलस्तर बढ़ने तक हमने पर्यावरण संरक्षण हेतु इतने महत्वपूर्ण बदलाव कभी नहीं देखे हैं, इसलिए पर्यावरण प्रभाव आकलन मसौदा पर नकारात्मक रूप से प्रभाव डालने का आरोप कहीं ना कहीं चिंता को बढ़ावा देने योग्य है। बताते चलें कि पर्यावरणीय मानदंडों में बदलाव से आसपास के वातावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। साथ ही व्यक्ति की आजीविका पर भी इसका बुरा प्रभाव पड़ता है।

- **सुदर्शन सोराड़ी**, नैनीताल

### अयोध्या में भव्य राम मंदिर

**मर्यादा** पुरुषोत्तम राम की जन्म स्थली अयोध्या में 5 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भव्य रामलला के मंदिर निर्माण की आधारशिला रखेंगे। यह दिन संपूर्ण देशवासियों के लिए ऐतिहासिक, अविस्मरणीय व अभूतपूर्व होगा, जब मंदिर निर्माण का श्रीगणेश होगा। खबरों में पढ़ने में आ रहा है कि जैसे ही प्रधानमंत्री मंदिर निर्माण की आधारशिला रखेंगे उसके बाद पूरे देश में पटाखे फोड़ कर खुशियां मनाई जाएगी। इस ऐतिहासिक पल को बेमिसाल बनाने के लिए इस दिन पटाखे फोड़ने की बजाय संपूर्ण देश के घर-घर में कम से कम 11 दीपक लगाकर जगमग जगमग दीप प्रज्वलित किए जाए जाना चाहिए, जिसकी छटा ही निराली होगी। पटाखे फोड़ने से जहां पटाखों के विस्फोट से शोर प्रदूषण बढ़ता है, वही खतरनाक जहरीला धुआ निकलने से हवा व वातावरण प्रदूषित होता है। पहले ही हम पर्यावरण प्रदूषण को लेकर चिंतित रहते हैं। अत: मर्यादा पुरुषोत्तम राम के सादगी वाले आचरण को ध्यान में रखते हुए हमें पटाखे फोड़ने से बचना चाहिए, जिससे पहले से बिगड़े हुए पर्यावरण पर रहम होगा तथा रात में दीप प्रज्वलित कर खुशियां मनाने के इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए।

- **हेमा हरि उपाध्याय**, उज्जैन

### दुनियाभर में फैलता कोरोना

**लाख** दावों के बावजूद कोरोनावायरस के जनक चीन में संक्रमण थमने का नाम नहीं ले रहा है। छुटपुट संक्रमण के आंकड़ों के बीच पिछले दिनों एक बार फिर संक्रमण ने रफ्तार पकड़ी है। स्थानीय और विदेशी संक्रमण के ये आंकड़े फिर चिंता बनकर उभर रहे हैं। बढ़ते मरीजों के बावजूद चीन सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही है। वह हांगकांग, भारत -चीन सीमा विवाद जैसे मुद्दों के जरिए दुनिया का ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहा है। इसके साथ ही अमेरिका के भी कई राज्य लगातार संक्रमण से पीड़ित होते जा रहे हैं। सरकार भी ले दे कर चीन के पीछे पड़ी हुई है। इस समय अगर जन स्वास्थ्य की तरफ ध्यान नहीं दिया गया तो निश्चित रूप से यह जनता के साथ बेमानी होगी। ट्रंप प्रशासन सबसे पहले अपने नागरिकों की जान की परवाह करें चीन से तो जिंदगी भर निपटना ही रहेगा। आज अगर दुनिया में संक्रमण फैल रहा है तो इसकी सजा उन राज्यों को भी मिल सकती है जहां फिलहाल बहुत कम या संक्रमण बिल्कुल नहीं के बराबर है।

- **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**स्वामी** स्वरूपानंद ने चेताया था कि 5 अगस्त का दिन राम मंदिर की आधारशिला रखने के लिए अमंगलकारी है। यह तिथि मोदी जी की सुविधानुसार तय की गई है।

- **दिग्विजय सिंह**
कांग्रेस नेता



**पिछले** कुछ महीनों में अवैध शराब से हुई मौतों का एक भी मामला अभी तक पंजाब पुलिस ने सुलझाया नहीं है।

- **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री



**आप** आंकड़े जानने के लिए अपनी पार्टी की पंजाब इकाई से क्यों नहीं कहते हैं। उसके बाद हमारी कार्यशैली पर टिप्पणी करें।

- **अमरिंदर सिंह**
पंजाब के मुख्यमंत्री

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 5 अगस्त, 2020



# भगवा रंग में रंगी लक्ष्मण नगरी, 111 चौराहों पर मनेगा दीपोत्सव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**अयोध्या** में राम मंदिर निर्माण को लेकर बुधवार को पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा भूमिपूजन कार्यक्रम से पहले लक्ष्मण नगरी भगवा रंग में रंग गई है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की राष्ट्रीय पर्व एवं उत्सव समिति के सदस्यों ने राजधानी के 111 चौराहों पर श्रीराम के चित्र के साथ ही भगवा झंडा लहरा दिया है। इसके साथ ही कल सभी 111 चौराहों पर 5 अगस्त को होने वाला दीपोत्सव समरसता और सामाजिक सदभावना के साथ मनाया जाएगा।

राष्ट्रीय पर्व एवं उत्सव समिति द्वारा इस पुनीत कार्य हेतु तैयारियों की समीक्षा प्रतिदिन गूगल मीटिंग पर की जा रही है। उत्सव समिति के प्रवक्ता शिवांक रमन भदौरिया ने बताया कि बुधवार को गोधूलि बेला सायं सात 7 बजे सभी पालक सदस्य अपने अपने चौराहों पर उपस्थित होकर दीपोत्सव कार्यक्रम सम्पन्न करेंगे। सभी को सोशल डिस्टेंसिंग का उचित पालन करने को भी कहा गया। तत्पश्चात घरों के लिए दीपोत्सव का समय सायं साढ़े सात बजे निश्चित किया गया। प्रवक्ता ने बताया कि सभी स्थानों पर सज्जा करने में समाज के विभिन्न वर्गों का भरपूर साथ मिल रहा है। इस अवसर पर समिति ने सभी से भारतीय गणवेश सफेद धोती कुर्ता में भगवा पगड़ी के साथ उपस्थित होने का आग्रह किया है। प्रत्येक चौराहे पर प्रभु श्रीराम के चित्रए भगवा झंडे के साथ स्थल को भगवा वस्त्र से भी सुशोभित किया गया है। कई चौराहों पर सदस्यों ने शंखध्वनि के साथ दीप श्रृंखला भी बनाने का संकल्प लिया है। उत्सव समिति के अभिषेक ने बताया कि लखनऊ के 111 चौराहों को प्रभु श्रीराम के चित्र और भगवा झंडे से सुशोभित करने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। 1090, समता मूलक, लोहिया, हज़रतगंज, लालबाग, कैप्टन मनोज पांडे, पत्रकार पुरम, आलमबाग, चौक, बालागंज, कपड़ा कोठी, पॉलिटेक्निक चौराहे प्रमुख हैं। समिति के प्रवक्ता रमन भदौरिया ने बताया कि बैठक में यह तय किया गया है कि 6 अगस्त को सभी पालक सज्जा में उपयोग चित्र, झंडे, वस्त्र और दीपों को प्रात: सुरक्षित करके चौराहों की स्वच्छता का विशेष ध्यान रखेंगे। उन्होंने सभी लखनऊवासियों से अपील की है कि सभी उत्साहपूर्वक अपने अपने घरों में भी दीपोत्सव का आयोजन सपरिवार करें।

**मंदिरों में भी दीवाली मनाने की तैयारी:** इस एतिहासिक क्षण को यादगार बनाने के लिये मंदिरों में सजावट की गई है। कई जगह सुंदरकांड पाठ, भजन कीर्तन और प्रसाद वितरण किया जाएगा। इसके साथ ही घर घर दीपक जलाकर दीपावली मनाने की तैयारी की जा रही है। अमीनाबाद श्रीराम रोड स्थित शिव मंदिर को 501 दीपकों से बुधवार को रौशन किया जाएगा। इस अवसर पर 1990 के कार्यसेवकों का सार्वजनिक अभिनंदन समारोह भी होगा। कार्यक्रम संयोजक बजरंग दल के पूर्व नगर सह संयोजक अतुल अवस्थी ने बताया कि इस अवसर पर 101 किलो लड्डुओं का वितरण किया जाएगा। सम्मान का कार्यक्रम सुबह 11 बजे और दीपोत्सव शाम 7 बजे होगा। उसके साथ ही भव्य आतिशबाजी अन्य आकर्षण बनेगी। इस अवसर पर अमीनाबाद के अधिकांश दुकानकार अपने दुकानों के समक्ष घी के दीये भी रौशन करेंगे। वहीं अखिल भारत हिंदू महासभा जिला लखनऊ के तत्वावधान में पांच अगस्त को भगवान श्रीराम मन्दिर के निर्माण के शुभारंभ मौके पर त्रिवेदी टावर कुर्सी रोड में सुन्दरकान्ड का पाठ किया जाएगा। यह जानकारी जिलाध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने दी है। इस पाठ में राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी त्रिदंडी महाराज, प्रदेश अध्यक्ष पीयूष कान्त वर्माए प्रदेश महासचिव अनुपम मिश्रा सहित कई प्रमुख लोग मौजूद रहेंगे।

## संचार माध्यमों से जुड़कर ऐतिहासिक क्षणों के साक्षी बनें श्रद्धालुः दिनेश शर्मा

● अयोध्या में होने वाले भूमिपूजन-शिलान्यास के कार्यक्रम को लेकर की अपील

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उपमुख्यमंत्री** डा. दिनेश शर्मा ने कहा कि श्रीराम मन्दिर की आधारशिला 5 अगस्त को अयोध्या धाम में रखी जाएगी। कोविड 19 से उत्पन्न परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र द्वारा भूमिपूजन-शिलान्यास के कार्यक्रम के लिए सीमित संख्या में लोग आमंत्रित किये गये हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं से अपील है कि वे संचार माध्यमों द्वारा कार्यक्रम के सजीव प्रसारण से जुड़कर इन ऐतिहासिक क्षणों के साक्षी बनें। लोक भवन में बातचीत करते हुए डॉ शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भव्य और दिव्य श्रीराम मंदिर की आधारशिला 5 अगस्त को अयोध्या धाम में रखी जाएगी। वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ने इस कार्यक्रम में सीमित संख्या में लोगों को आमंत्रित किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार नागरिकों के बेहतर स्वास्थ्य और सुरक्षित भविष्य के लिए कृत संकल्पित है। महामारी के प्रकोप को देखते हुए निर्धारित प्रोटोकॉल व सोशल डिस्टेंसिंग का पालन हर हाल में किया जाए। कोरोना के संक्रमण को नियंत्रित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा अनेक प्रयास किए जा रहे है। सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि भूमि पूजन कार्यक्रम के लिए वे वही लोग अयोध्या धाम पहुंचें, जिन्हें आमंत्रित किया गया है।

## राम मंदिर निर्माण की 492 साल से थी प्रतीक्षाः आलोक कुमार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**विश्व** हिंदू परिषद के केंद्राध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का कार्य 5 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भूमिपूजन के साथ ही शुरू हो जाएगा। इसकी 492 साल से प्रतीक्षा चल रही थी। राम मंदिर के लिए काफी लोगों ने इसके लिए बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि राम मंदिर का शिलान्यास हमने 1989 में ही कर दिया था, लेकिन निर्माण शासकीय बाधाओं, राजनीतिक तिकड़मों और न्यायालयों में देरी की वजह से फंस गया। जियामऊ में मीडिया से



बातचीत करते हुए वीएचपी के केंद्राध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि लगभग 31 वर्ष बाद अब सुखद संयोग बना है। इतना लंबा आंदोलन सिर्फ मंदिर के लिए नहीं था। परिषद का उद्देश्य देश में रामराज की स्थापना है। इसी मंशा से मंदिर निर्माण की अवधि के दौरान तीन वर्ष तक रामराज्य की संकल्पना को साकार करने के लिए आंदोलन चलाया जाएगा। परिषद द्वारा खास तौर अनुसूचित जाति-जनजाति की शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के लिए तीन वर्ष तक सतत आंदोलन चलाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि करीब एक लाख एकल विद्यालयों के माध्यम से अनुसूचित जाति और जनजाति के बीच आत्मनिर्भरता, कौशल विकास, शिक्षा पहुंचाई जाएगी। सरकार की सुविधाएं वंचितों तक पहुंचाने में विहिप सेतु का काम करेगा। गांवों में गौ संरक्षण, गौ उत्पाद विकास के साथ ही समाज में नारी गरिमा और शांति के लिए आंदोलन पूरी गंभीरता के साथ चलाया जाएगा। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि शारीरिक दूरी का पालन कराने के लिए ही राजनीतिक दलों को मंदिर के भूमि पूजन से दूर रखा है। सिर्फ विपक्ष ही नहीं, भाजपा के प्रमुख लोगों को भी नहीं बुलाया। मुहूर्त को अशुभ बताने और नेताओं के बीमार होने संबंधी कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह की टिप्पणी पर आलोक कुमार ने कहा कि वह बेहूदी बातें करते हैं। शायद पता नहीं होगा कि कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी भी बीमार हैं। ऐसे में उनकी बातों का जवाब देना भी उचित नहीं लगता।

## सम्पूर्ण राष्ट्र प्रभु श्रीराम के स्वागत के लिए तैयार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रगतिशील** समाजवादी पार्टी लोहिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि सम्पूर्ण राष्ट्र प्रभु श्रीराम के स्वागत के लिए तैयार है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम सभी की आस्था के प्रतीक हैं।

निश्चय ही सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के बाद अयोध्या में प्रस्तावित भव्य राम मंदिर के शिलान्यास का अवसर सभी भारतीयों के लिए एक सुखद क्षण है। लंबे समय से चल रहे एक विवाद का संवैधानिक दायरे में



निपटारा होना हमारे लोकतंत्र की ताकत है। शिवपाल ने राम मंदिर के शिलान्यास के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मेरी व्यक्तिगत राय यह है कि अब इस शुभ अवसर पर किसी तरह की राजनीति नहीं होनी चाहिए। राम तो राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के भी आदर्श थे। गांधी के लिए राम राज्य की संकल्पना का अर्थ था एक पारदर्शी और जवाबदेह लोकतंत्र। गांधी जिस रामराज्य की बात करते थे वह न्याय पर आधारित एक मुकम्मल समाज की अवधारणा थी। जहां राम और रहीम को बराबरी का अधिकार मिले। उन्होंने कहा कि हम सभी मिलकर एक ऐसे रामराज्य का संकल्प लें जहां छुआछूत का कलंक न हो एवं दलितों, अल्पसंख्यकों, पिछड़ों, नौजवानों, अन्नदाताओ, पशुपालकों, आदिवासियों, बुनकरों लघु व मध्यम व्यवसायियों को न्याय मिल सके। साथ ही पढ़ाई दवाई और सिंचाई मुफ्त हो और रोजी, रोटी व रोजगार की गारंटी हो।

## शिलान्यास देश के लिए गौरव की बातः यशवन्त सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

लोकतन्त्र सेनानी कल्याण समिति के संरक्षक विधानपरिषद सदस्य यशवन्त सिंह ने कहा है कि मर्यादा पुरुषोत्तम राम सकल विश्व के पालक हैं, तारक हैं, उद्धारक हैं। पावन अयोध्या में उनकी जन्मभूमि पर भव्यमन्दिर निर्माण के लिए 5 अगस्त को होने वाला शिलान्यास देश के लिए गौरव की बात है। इसी गौरवशाली खुशी को व्यक्त करने के लिए तीन अगस्त से लोकतन्त्र सेनानी पूरे सूबे में दीपावली मना रहे हैं, जो 5 अगस्त तक की रात तक मनेगी, जिसे व्यक्त करने के लिए लखनऊ



में चन्द्रशेखर चबूतरा, हनुमान मंदिर, आज़मगढ़ में चन्द्रशेखर ट्रस्ट, हस्तिनापुर में प्राचीन जयन्ती माता मन्दिर और पाण्डेश्वर महादेव मंदिर को दीपों से सजाया गया है। चन्द्रशेखर चबूतरा पर आयोजित इस दीपोत्सव की शुरुआत करते हुए लोकतन्त्र सेनानी कल्याण समिति के संरक्षक विधानपरिषद सदस्य यशवन्त सिंह ने कहा कि यह शिलान्यास भव्य रामजन्मभूमि मन्दिर निर्माण के शिलान्यास के साथ ही एक नए युग के निर्माण का शिलान्यास भी है। इसी क्रम में चन्द्रशेखर चबूतरा पर आयोजित यह दीपोत्सव भी है। दीपोत्सव में लाकडाउन नियमों का पालन करते हुए लोकतन्त्र सेनानी कल्याण समिति के संयोजक धीरेन्द्र नाथ श्रीवास्तव, चन्द्रशेखर ट्रस्ट के लालबहादुर सिंह, संजय गुप्ता, अतुल चौबे, पप्पू पाल, हरिकेश कनोजिया, अमित प्रजापति और सूरज गुप्ता आदि भी शामिल थे।

## गाइडलाइन जारी कर सो जाती है भाजपा सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश की जनता को अपराध, कोरोना महामारी और बाढ़ के संकट में डूबो दिया है। भाजपा सरकार केवल गाइडलाइन जारी करती है और सो जाती है। प्रदेश में कानून व्यवस्था को नियंत्रण में रखने पर भाजपा की राज्य सरकार पूरी तरह विफल है। अपराधियों पर उसका कोई अंकुश नहीं रह गया है। प्रदेश में लगभग 1 लाख से ज्यादा कोरोना मरीज हो गए हैं। प्रदेश के विभिन्न जनपदों में बाढ़ का प्रकोप गहराता जा रहा है, तटबंध टूट रहे हैं, गांव जलमग्न हो रहे हैं, अधिकारी उधर झांकने भी नहीं जा रहे हैं। अखिलेश ने कहा कि कोरोना संकट का विस्तार दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। जनपद आजमगढ़ की सगड़ी तहसील बुरी तरह बाढ़ग्रस्त है। समाजवादी पार्टी के विधायकों सहित एक प्रतिनिधिमण्डल ने जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया था फिर भी कोई इंतजाम नहीं किए गए। नाव की व्यवस्था से लेकर स्वास्थ्य, पशुओं की सुरक्षा तथा बंधों की निगरानी भी नहीं हुई है। लोगों को भोजन, चारा, दूध, किरोसिन आदि की दिक्कत हो रही है। अखिलेश ने कहा कि अब उत्तर प्रदेश में पुलिस के भरोसे नहीं जनसामान्य की सुरक्षा अपराधियों की दयादृष्टि से ही सम्भव है। उन्होंने कहा कि वस्तुत: प्रदेश अब अराजक जंगलराज में तब्दील हो गया है। प्रशासन बाढ़ से निबटने और अपराध नियंत्रण के मामलों में निष्क्रिय नज़र आता है। कोराना से बचाव में स्वास्थ्य सेवाएं नाकामयाब साबित हो चुकी हैं। भाजपा सरकार ने अपने हाथपांव ढीले कर दिए हैं और राज्य को राम भरोसे छोड़ दिया है। जनता त्रस्त है।

## पूर्व मंत्री के निधन पर सीएम ने शोक जताया

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य सरकार के पूर्व मंत्री डा अरविन्द जैन के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदना भी व्यक्त की है।

## कोरोना से जंग जीतकर घर लौटे नेता प्रतिपक्ष राम गोविंद चौधरी

**लखनऊ।** सपा के वरिष्ठ नेता और विधान सभा के नेता प्रतिपक्ष राम गोविंद चौधरी 66 कोरोना से जंग जीतकर घर पहुंच गए हैं। अब वह वह पूर्णतया स्वस्थ हैं और कोरोना मुक्त है। उन्हें सोमवार 3 अगस्त 2020 को संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान के कोविड अस्पताल से डिस्चार्ज किया गया। राम गोविंद चौधरी दिनांक 23 जून 2020 को कोविड 19, निमोनिया, मधुमेह और पुरानी दिल की बीमारी की समस्याओं के साथ राजधानी कोविड अस्पताल में भर्ती हुए थे। जिन्हें बाद में ऑक्सीजन पर भी रखना पड़ा। उन्हें 8 से 10 दिनों तक सांस लेने में काफी परेशानी रही। बीच में 2 दिनों के लिए बाई पैप पर भी लगाना पड़ा था। धीरे धीरे उनकी स्थिति में सुधार हुआ। मधुमेह और हृदय रोग जैसी कई प्रकार की बीमारियों के कारण वे उच्च जोखिम पर पर थे। चौधरी का इलाज राजधानी कोविड अस्पताल के आईसीयू- 2 के प्रभारी प्रोफेसर देवेंद्र गुप्ता और उनकी टीम की देखरेख में हुआ।

## सुशांत मामले में पूर्व डीजीपी सुलखान सिंह ने बिहार पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ


**फिल्म** अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की कथित आत्महत्या के मामले में यूपी के पूर्व डीजीपी सुलखान सिंह ने बिहार पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं । उन्होंने कहा कि इस मामले में बिहार पुलिस की अति सक्रियता उनकी गलत मंशा जाहिर करती है । किसी आपराधिक प्रकरण की विवेचना और विचारण उसी अधिकारिता में हो सकता है, जहां घटना घटित हुई हो।

पूर्व डीजीपी सुलखान सिंह ने अपने फेसबुक वाल पर लिखा है कि किसी राज्य को किसी दूसरे राज्य के मामलों में हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है। मृतक या अभियुक्त कहां का रहने वाला है, यह कोई आधार नहीं है और इसलिए कोई मायने नहीं रखता है। सबसे दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि शुद्ध कानूनी और आपराधिक मामले में आम लोग भी अपनी अपनी पसंद और पूर्वाग्रह के अनुसार अभियान चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह बात ध्यान में रखनी चाहिए कि आपराधिक विवेचना और विचारण, आमराय, बहुमत अथवा जन दबाव में नहीं हो सकता। विवेचना सही हो रही है या नहीं, इसका निर्णय केवल न्यायालय कर सकते हैं। जनता या प्रभावशाली वर्ग के दबाव में यदि विवेचना या विचारण होगा तो इससे अन्याय ही होगा। अपनी रुचि के अनुसार कार्रवाई करने का दबाव बनाने की यह घातक प्रवृत्ति बहुत बढ़ती जा रही है। किसी भी सभ्य देश में ऐसा नहीं होता है। उन्होंने लिखा है कि अगर किसी को कोई ठोस आपत्ति हो तो उसे कोर्ट जाना चाहिए। आखिर किसी आपराधिक विवाद का फैसला तो कोर्ट ही करेगा। किसी भी अन्य व्यक्ति या संस्था या संगठन को यह अधिकार नहीं दिया जा सकता है क्योंकि वे निष्पक्ष नहीं होते हैं।

## बिजली बढ़ोत्तरी का मामला फिलहाल टला

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**यूपी** में बिजली बढ़ोत्तरी का मामला फिलहाल टल गया है। विद्युत नियामक आयोग में बिजली कंपनियों द्वारा दाखिल किए गए एआरआर को अब नियामक आयोग द्वारा सार्वजनिक कर दिया गया है। इसमें बिजली दर बढ़ोत्तरी का कोई प्रस्ताव नहीं है। इसके पीछे कोविड महामारी को भी वजह माना जा रहा है। प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं की बिजली दरों में इस बार बढ़ोतरी होगी या नहीं उस पर बिजली कम्पनियों ने विद्युत नियामक आयोग को वर्ष 2020-21 की वार्षिक राजस्व आवश्यकता पर जो जबाब दाखिल किया है। अपने उत्तर में बिजली कम्पनियों ने साफ कर दिया है कि जब तक विद्युत नियामक आयोग द्वारा बिजनेस प्लान अनुमोदित नहीं किया जाता है तब तक बिना अनुमोदित डाटा के



कोरोना माहमारी के मद्दे नजर उपभोक्ताओं की बिजली दरों में बढ़ोतरी का प्रपोसल दाखिल नहीं किया जायेगा। उप्र राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने बिजली दरों में कमी कराने के लिए मंगलवार सुबह विद्युत नियामक आयोग में एक जनहित प्रत्यावेदन दाखिल कर यह मुद्दा उठा दिया है की चुकी प्रदेश के बिजली कम्पनिया कोरोना माहमारी को देखते हुए बिजली बढ़ोतरी का प्रस्ताव नहीं दाखिल करेगी। उपभोक्ता परिषद ने कहा कि इसलिए उपभोक्ताओ का जो 13337 करोड़ बिजली कम्पनियो पर निकल रहा उसके बदले में बिजली कम्पनियों का गैप 4500 करोड़ घटा कर बिजली दरों में लगभग 16 प्रतिशत की कमी की जाए।

## हिरासत में लिए गए बिना निमंत्रण अयोध्या जा रहे कई नेता

**लखनऊ।** अयोध्या में रामजन्म भूमि पर मन्दिर शिलान्यास को लेकर पुलिस ने कड़े प्रबंध किये है। जहां सुरक्षा को लेकर सिर्फ नाम मात्र के लोगों को आने का न्यौता दिया गया है। ऐसे में वहां बगैर आमंत्रण के जबरदस्ती अयोध्या जाने की तैयारी कर रहे कई नेताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। उन्हें एहतियात के तौर पर अभी पुलिस लाइन में रखा गया है। हिंदू नेता मनीष यादव जो हिंदू सेना नाम की पार्टी चलाते हैं, को सरोजनीनगर से पुलिस ने उस समय हिरासत में लिया, जब वह अपने कई कार्यकर्ताओं के साथ अधोध्या जाने के लिये निकले थे। इसके अलावा हिंदू समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष किरण कमलेश तिवारी और उनके प्रदेश अध्यक्ष समेत अन्य कार्यक्रताओं को पुलिस ने उनके को पार्टी कार्यालय से गिरफ्तार कर लिया गया। किरण तिवारी भी अपने पार्टी कार्यकताओं के साथ अयोध्या जाने की तैयारी कर रही थी। वहीं कैसरबाग में पुलिस ने मुस्लिम कार सेवक मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष आजम खान को हिरासत में ले लिया।

## नौ साल से फरार चल रहा इनामी अपराधी गुड़गांव से गिरफ्तार

**लखनऊ।** एसटीएफ ने बीते 9 सालों से फरार चल रहे इनामी अपराधी अजय पाल उर्फ नीरज को हरियाणा प्रदेश के गुड़गांव से गिरफ्तार किया है। हत्या, लूट एवं अपरहण जैसे अपराधों में शामिल रहे इस अपराधी पर आगरा व कासगंज से 25-25 हजार रुपए का पुरस्कार घोषित है। एसटीएफको जानकारी हाथ लगी कि अजय पाल उर्फ नीरज पुत्र दाताराम उर्फ मुनीम सिंह निवासी नगला फूल ककरैल थाना पटियाली जनपद कासगंज वर्तमान में अपनी पहचान छिपाकर गुड़ड़गांव में रहा रहा है जिसको उद्योग बिहार थाना अंतर्गत रजोकरी टोल के पास देखा गया है। इस सूचना के बाद एसटीएफ की टीम वहां रवाना की गई। सटीक सूचना के आधार पर एसटीएफ ने रजोकरी टोल आफिस के पास स्काई लार्क आफिस पर घेराबंदी करके अजय पाल को गिरफ्तार कर लिया।

## सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर गठित आयोग ने शुरू की बिकरू कांड की जांच

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कानपुर** के बहुचर्चित बिकरू कांड में सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर गठित आयोग ने जांच शुरू कर दी है। तीन सदस्यीय आयोग के सदस्य मंगलवार को जांच के लिए कानपुर पहुंचे। आयोग में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज बीएस चौहान, इलाहाबाद हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश शशिकांत अग्रवाल और पूर्व डीजीपी केएल गुप्ता सदस्य हैं।





आयोग को इस मामले में दो माह में जांच पूरी कर अपनी रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट को सौंपनी है। सदस्यों ने सबसे पहले पुलिस और प्रशासनिक अफसरों से प्रारंभिक पूछताछ की और फिर बिकरू गांव पहुंचकर पड़ताल शुरू की है। इससे पहले चौहान कमीशन की पहली बैठक लखनऊ में हुई। इसमें आयोग के सदस्यों का परिचय हुआ और रूपरेखा बनाई गई। कानपुर पहुंचने के बाद आयोग के सदस्य कुछ देर सर्किट हाउस में रुके और फिर वहां से चौबेपुर थाना इलाके में स्थित बिकरू गांव के लिए रवाना हो गए। गांव में रहने वालों से घटना वाली रात को विकास दुबे गैंग द्वारा पुलिस कर्मियों पर किए जानलेवा हमले बाबत पूछताछ की। जिन स्थानों पर पुलिसकर्मियों के रक्तरंजित शव मिले थे, उन लोगों से भी गहन जानकारी जुटाई गई। जांच के दौरान पुलिस महानिरीक्षक परिक्षेत्र मोहित अग्रवाल, जिलाधिकारी डॉ ब्रह्मदेव राम तिवारी, डीआईजी प्रीतिंदर सिंह सहित कई थानों की पुलिस मौजूद रही। बिकरू कांड की जांच के लिए तीन सदस्यों वाले आयोग का गठन किया गया है। यह आयोग अपनी विस्तृत रिपोर्ट समयबद्ध तरीके से करने में जुटे हैं। उल्लेखनीय है कि बीती 2 जुलाई की देर रात बिकरू गांव में शातिर अपराधी विकास दुबे ने अपने गैंग के साथ मिलकर सीओ बिल्हौर देवेन्द्र मिश्रा, एसओ चौबेपुर महेश यादव सहित आठ पुलिसकर्मियों की हत्या कर दी थी। इस कांड के बाद पुलिस व एसटीएफ की टीमों ने विकास दुबे समेत गैंग के छह लोगों को मुठभेड़ में मार गिराया। इस मामले से जुड़े सभी पहलुओं पर गठित आयोग जांच कर रहा है।

## दीपक भूकर बनाए गए एसपी दक्षिणी कानपुर नगर

**लखनऊ।** वर्ष 2016 बैच के आईपीएस अधिकारी दीपक भूकर को शासन ने एसपी दक्षिणी कानपुर नगर के पद पर तैनात किया है। भूकर अभी तक अपर पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के पद पर नियुक्त थे। मालूम हो कि लैब टेक्नीशियन संजीत यादव हत्याकांड में लापरवाही बरतने के आरोप में शासन में बीती 24 जुलाई को एसपी दक्षिणी कानपुर नगर अर्पणा गुप्ता सहित 11 पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया था। इसके बाद से ही यह पद खाली चल रहा था। शासन ने अर्पणा गुप्ता सहित सभी दोषी पुलिस कर्मियों की भूमिका की जांच भी एडीजी पीएचक्यू को सौंप रखी है। संजीत हत्याकांड की जांच सीबीआई से कराए जाने की भी प्रदेश सरकार की ओर से बीते रविवार को सिफारिश की जा चुकी है।

## धान विक्रय के लिए किसानों का पंजीयन आज से शुरू

● सरकारी धान क्रय केन्द्रों पर धान की बिक्री के लिए किसानों को खाद्य विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**खरीफ** विपणन वर्ष 2020-21 में मूल्य समर्थन योजना के तहत धान विक्रय के लिए किसानों का पंजीयन 5 अगस्त होगा। पंजीयन का कार्य सुबह 10 बजे से आरंभ हो रहा है। सरकारी धान क्रय केन्द्रों पर धान की बिक्री के लिए किसानों को खाद्य विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा। रबी विपणन वर्ष 2020-21 में जिन किसानों का पंजीकरण गेहूँ खरीद के लिए हो चुका है, उन्हें पुन: पंजीकरण कराने की आवश्यकता नहीं है, परन्तु पुराना पंजीकरण प्रपत्र देखकर यदि उसमें कोई संशोधन नहीं किया जाना है, तो उसे पुन: लॉक करना होगा। यह जानकारी आज यहाँ खाद्य आयुक्त मनीष चौहान ने दी।

खाद्य आयुक्त ने बताया कि किसान सीबीएस युक्त राष्ट्रीयकृत एवं अनुसूचित बैंकों में ही अपना खाता खुलवाएं। खाता खुलवाकर पंजीयन फार्म में अपना बैंक खाता संख्या एवं आईएफएससी कोड विशेष सावधानी से भरना होगा। किसान अपनी भूमि सं या पंजीयन में दर्ज कर अपने कुल रकबे को एवं बोये गये धान के रकबे को अंकित कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि समस्त किसान समय से पूर्व ही पंजीकरण करा लें, जिससे उनकी जमीन, बोया गया धान व बैंक एकाउण्ट का सत्यापन समय से हो जाये एवं उनको क्रय केन्द्रों पर अपना धान विक्रय करने में असुविधा न हो तथा क्रय के 72 घण्टे के अन्दर उनके बैंक खाते में विक्रय किये गये धान का मूल्य प्राप्त हो सके। खाद्य आयुक्त ने अधिकाधिक सं या में धान विक्रय हेतु पंजीकरण कराने की अपील किसानों से की है। खाद्य आयुक्त ने बताया कि किसानों से खरीदे जाने वाले धान की कुटाई के लिए प्रदेश में स्थापित राइस मिलों का सत्यापन हो रहा है। विभागीय पोर्टल पर पंजीकरण का कार्य प्रारंभ हो चुका है। सभी राइस मिलर्स खाद्य विभाग के पोर्टल पर दिये गये मिल मॉड्यूल पर अपनी चावल मिल का विवरण आगामी 14 अगस्त तक भर कर पंजीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। श्री चौहान ने कहा कि किसान अथवा राइस मिलर्स पंजीकरण में किसी प्रकार की समस्या होने पर अपने क्षेत्र के विपणन निरीक्षक एवं क्षेत्रीय विपणन अधिकारी अथवा जिला खाद्य विपणन अधिकारी से मिल सकते हैं।

# भारतीय राजनीति का मुख्य रंग अब हिंदुत्व हो गया है: गोविंदाचार्य

**भाषा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ के पूर्व विचारक केएन गोविंदाचार्य ने मंगलवार को कहा कि भारतीय राजनीति का मुख्य रंग अब हिंदुत्व हो गया है और समाजवाद तथा धर्मनिरपेक्षता राजनीति के केंद्र बिंदु नहीं रह गए हैं।

अयोध्या में प्रस्तावित राम मंदिर के भूमि पूजन समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शामिल होने से एक दिन पहले गोविंदाचार्य ने इसके महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि यह राष्ट्रीय राजनीति के हिंदुत्व की जड़ों की ओर लौटने का प्रतीक है, जो 2010 के बाद से मजबूत होने से पहले दशकों तक हाशिए पर पड़ा हुआ था। 1988-91 में भाजपा के तत्कालीन अध्यक्ष लाल कृष्ण आडवाणी के विशेष सहायक रहे गोविंदाचार्य 1990 में आडवाणी द्वारा निकाली गई रथयात्रा के एक मुख्य योजनाकार माने जाते हैं। इस रथयात्रा ने राम जन्मभूमि आंदोलन को गति प्रदान की और बाद में भगवा पार्टी भारतीय राजनीति के मुख्य केंद्र में आ गई। गोविंदाचार्य ने पीटीआई-भाषा से कहा कि दिग्विजय सिंह और कमलनाथ जैसे कांग्रेस के नेताओं ने (राम) मंदिर निर्माण के समर्थन में बोला है, जो यह संकेत देता है कि विपक्ष के कई नेता इस मुद्दे के लोगों में वैचारिक एवं भावनात्मक महत्व को समझते हैं।

कभी भाजपा के कद्दावर महासचिव रहे गोविंदाचार्य ने एक सवाल के जवाब में कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिंदुत्व (की विचारधारा) को अपनाया और इसके बदले में लोगों ने उन्हें स्वीकार किया। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस का सोनिया गांधी और राहुल गांधी के तहत पतन हुआ है और लोगों ने उसे नापसंद कर दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा के आगे बढ़ने का बहुत हद तक श्रेय विपक्षी पार्टियों को जाता है। गोविंदाचार्य (77) ने कहा कि कांग्रेस को महात्मा गांधी के आदर्शों पर लौटना चाहिए। (पूर्व प्रधानमंत्री) इंदिरा गांधी 1977 में अपनी पार्टी को मिली करारी शिकस्त के बाद 1980 में सत्ता में लौटने पर हिंदुत्व भावनाओं के प्रति कहीं अधिक समझ रखती थीं।

1991-2000 के बीच भाजपा महासचिव (संगठन) रहे गोविंदाचार्य ने कहा, हिंदुत्व समर्थक या हिंदुत्व की विचारधारा पर चलने वाली कई पार्टियों के बीच भविष्य में सर्वोच्चता के लिए तथा इसका लाभ हासिल करने को लेकर प्रतस्पर्धा हो सकती है। वह तब से सक्रिय राजनीति से दूर हो गए और राष्ट्रवादी एवं स्वदेशी उद्देश्यों की हिमायती समूहों या संगठनों से संबद्ध हैं। गोविंदाचार्य ने कहा कि समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता, 1952-80 और 1980-2010 में राजनीति के केंद्र बिंदु रहें, लेकिन अब इस वर्चस्व को हिंदुत्व ने हासिल कर लिया है।

कुछ समूहों, खासतौर पर अल्पसंख्यकों द्वारा हिंदुत्व की आलोचना किए जाने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने इस विचाराधारा का बचाव करते हुए कहा कि यह गैर-विरोधात्मक, व्यापक और उपासना के सभी माध्यमों का सम्मान करती है। हालांकि, उन्होंने आगाह किया कि भविष्य में भी भाजपा का ही वर्चस्व रहेगा, ऐसा नहीं माना जा सकता है क्योंकि यह उसकी विचारधारा और मूल्य आधारित राजनीति के प्रति पार्टी की भावनात्मक प्रतिबद्धता पर निर्भर करेगा।



पालघर में भारी बारिश होने से सड़कों पर जलभराव में पानी में वाहन से जाते हुए लोग।

## बाजवा और दुलो के खिलाफ कार्रवाई के लिए सोनिया को चिट्ठी लिखूंगा: जाखड़

**चंडीगढ़।** पंजाब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने मंगलवार को कहा कि वह पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी को पत्र लिख कर पार्टी सांसदों प्रताप सिंह बाजवा एवं शमशेर सिंह दुलो के खिलाफ घोर अनुशासनहीनता के आरोप में कार्वाई की मांग करेंगे। हाल ही में दोनों सांसदों ने राज्य सरकार के खिलाफ जाते हुए राज्यपाल को एक ज्ञापन दिया था।

बाजवा एवं दुलो ने जहरीला शराब हादसे में प्रदेश की कांग्रेस सरकार को निशाना बनाते हुए राज्यपाल बी पी सिंह बदनोरे को एक ज्ञापन दिया था और अवैध शराब के कारोबार के मामले की जांच सीबीआई एवं प्रवर्तन निदेशालय से कराने की मांग की थी। इसके बाद जाखड़ का यह बयान आया है।

जाखड़ ने बताया कि ऐसे हादसे किसी भी व्यक्ति को इस बात की इजाजत नहीं देते हैं कि वह अनुशासनहीनता में शामिल हो। जाखड़ ने कहा कि यह समय पार्टी को बीमारी लगने से बचाने का है, यह समय कांग्रेस को बाजवा एवं दुलो जैसे छोटी सोच वाले लोगों से बचाने का है। जाखड़ ने कहा कि जिस थाली में खाते हैं उसी में छेद करते हैं और इसके लिए उन्हें कोई शर्म नहीं आती।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने यहां बयान जारी कर बताया, ये जिस थाली में खाते हैं, उसी में छेद करते हैं। वह राज्यसभा के दोनों सदस्यों के खिलाफ सख्त कार्वाई की मांग करेंगे जो अपनी अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं और हितों को साधने के लिए इस हादसे का इस्तेमाल कर रहे हैं।

जाखड़ ने कहा कि बाजवा और दुलो ने जो किया है उसे अब कत्तई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे लोग जो चुनाव लड़ने से भी डरते हैं वे अब पार्टी के लिए किसी काम के नहीं हैं। उन्होंने कहा कि पीठ में छुरा मारने वाले ऐसे लोगों को रास्ता दिखाया जाना चाहिए। अब बहुत हो गया और वह स्पष्ट रूप से इनके खिलाफ कार्वाई की मांग करने जा रहे हैं।

## राम मंदिर भूमि पूजन के लिए मुहूर्त निकालने वाले ज्योतिषी को मिली धमकी, सुरक्षा दी गई

**बेलगावी (कर्नाटक)।** अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के भूमि पूजन की शुभ तिथि निकालने वाले ज्योतिषियों में कथित तौर पर शामिल रहे यहां के एक संस्कृत विद्वान ने फोन पर धमकी मिलने की शिकायत की है जिसके बाद उन्हें सुरक्षा उपलब्ध कराई गई है। एनआर विजएंद्र शर्मा ने आरोप लगाया कि उन्हें राम मंदिर भूमि पूजन का मुहूर्त निकालने को लेकर फोन पर धमकी मिली है। उत्तरी कर्नाटक के जिला मुख्यालय नगर में शिकायत दर्ज होने के बाद 75 वर्षीय संस्कृत विद्वान के आवास पर एक कॉन्स्टेबल की तैनाती की गई है। मामले की जांच की जा रही है। शर्मा ने इस सप्ताह के शुरू में बताया कि राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य स्वामी गोविन्द देव गिरि ने भूमि पूजन की शुभ तिथि तय करने के लिए उनसे संपर्क किया था। वर्षों तक राम जन्मभूमि आंदोलन से जुड़े रहे शर्मा ने बताया कि उन्होंने भूमि पूजन के लिए चार तिथियां (29 जुलाई, 31 जुलाई, एक अगस्त और पांच अगस्त) बताई थीं।

# अयोध्या: मोदी के राज में पूरा हुआ भाजपा का एक और प्रमुख वादा

**भाषा।** नई दिल्ली

**भाजपा** को एक जमाने में अपने सहयोगियों को लुभाने के लिए एक बार अयोध्या में भगवान राम के भव्य मंदिर के निर्माण के विवादास्पद मुद्दे को पीछे छोड़ना पड़ा था, आज इसके निर्माण की शुरुआत अपने विरोधियों पर उसकी वैचारिक जीत के रूप में सामने आई है। यहां तक कि कई विपक्षी नेता भी इसका स्वागत कर रहे हैं। इत्तेफाक से जिस दिन मंदिर निर्माण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हिन्दुत्व के आंदोलन की अगुवाई करने वाले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत की उपस्थिति में शिलान्यास करेंगे उसी दिन जम्मू एवं कश्मीर से धारा 370 को निरस्त करने की पहली वर्षगांठ भी है। पांच अगस्त के दिन ही एक साल पहले धारा 370 को समाप्त कर भाजपा ने विचारधारा से जुड़े अपने एक अन्य प्रमुख वादे को पूरा किया था। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि बुधवार को होने वाले शिलान्यास में प्रमुख राजनीतिक उपस्थिति प्रधानमंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की रहने वाली है। दोनों ही इसके लिए उपयुक्त हैं क्योंकि दोनों हिन्दुत्व के प्रति अपनी अटल निष्ठा के लिए जाने जाते हैं। याद दिलाते चले कि भाजपा के राष्ट्रीय पदाधिकारी के नाते मोदी ने वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी की 1990 में हुई राम रथ यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी जबकि आदित्यनाथ के गुरु महंत अवैद्यनाथ ने 1984 में बने साधुओं और हिन्दू संगठनों के समूह की अगुवाई कर मंदिर आंदोलन में अहम योगदान दिया था।

मान्यता के अनुसार जहां भगवान राम का जन्म स्थान है वहां मंदिर निर्माण के पक्ष में साल 2019 में सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला देकर हिन्दू और मुस्लिम समूहों के बीच ऐतिहासिक विवाद का कानूनी पटाक्षेप किया वहीं मंदिर निर्माण की शुरुआत हिन्दूत्ववादी भावनाओं को आगे मजबूती देने का काम कर सकती है।

भाजपा के एक नेता ने कहा, हमारे लिए अयोध्या का मुद्दा बहुत पहले ही राजनीतिक मुद्दा नहीं रह गया था। यह हमारे लिए हमेशा से आस्था का मुद्दा रहा है। सभी आम चुनावों में हमारे घोषणा पत्रों में राम मंदिर का निर्माण और धारा 370 को समाप्त करने का वादा हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अब जबकि दोनों वादे पूरे हो गए है, जाहिर तौर पर हम इसकी चर्चा करेंगे। वैसे तो राम मंदिर निर्माण के लिए राम जन्मभूमि आंदोलन की संकल्पना 1984 में दिवगंत अशोक सिंघल के नेतृत्व में विश्व हिन्दू परिषद ने की थी और इसके लिए देश भर में साधुओं और हिन्दू संगठनों को एकजुट करने की शुरुआत हुई थी। तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष आडवाणी के नेतृत्व में 1990 में शुरू हुई राम रथ यात्रा के बाद से यह मुद्दा राजनीतिक हलकों में छाया रहा।

## क्विक न्यूज

### प्रधानमंत्री मोदी लोगों से छुआछूत के कलंक को मिटाने का संकल्प लेने को कहें : गहलोत

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मंगलवार को कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए एक अवसर है कि वह लोगों को छुआछूत का कलंक मिटाने व दलितो और आदिवासियो के साथ समानता का व्यवहार करने का आह्वान करें। गहलोत ने दो ट्वीट कर यह बात कही। एक ट्वीट में उन्होंने लिखा है, पांच अगस्त को होने वाला राम मंदिर शिलान्यास प्रधानमंत्री के लिए साहस दिखाने तथा लोगों को यह संकल्प लेने के लिए कहने का एक अवसर है कि मानवता पर लगे छुआछूत के कलंक को मिटाएं तथा दलितो, आदिवासियो और पिछड़ो के साथ समानता का व्यवहार करें। गहलोत के अनुसार, ऐसा करके हम मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों को पूरा कर सकते है और उनकी भावना पर खरे उतर सकते है। अयोध्या में राम मंदिर का शिलान्यास बुधवार को होना है।

### पटनीटॉप में जमीन अतिक्रमण

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर मे 11 स्थानो पर छापेमारी की, जिसमे पटनीटॉप विकास प्राधिकरण के कुछ पूर्व सीईओ के आवासीय परिसर भी शामिल है। अधिकारियो ने बताया कि उधमपुर जिले के पर्यटन केंद्र मे कथित भूमि अतिक्रमण और अवैध निर्माण के सिलसिले मे ए छापेमारी हुई है। सीबीआई ने जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय के निर्देशो और इसके बाद दर्ज प्राथमिकी के आधार पर प्रारंभिक जांच शुरू की थी। जम्मू, उधमपुर और कठुआ जिलो सहित 11 स्थानो पर नौकरशाहो के आधिकारिक एवं आवासीय परिसरो पर छापेमारी की गई। उन्होंने कहा कि पटनीटॉप विकास प्राधिकरण के कुछ पूर्व सीईओ के परिसरो पर भी छापेमारी हुई है।

### माकपा नेता राजैया की कोविड-19 की वजह से मृत्यु हुई

**हैदराबाद।** तेलंगाना में माकपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक सुन्नम राजैया की कोविड-19 की वजह से मृत्यु हो गई। वह 62 वर्ष के थे। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने उनके निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। माकपा के सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि राजैया की सोमवार देर रात विजयवाड़ा में अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। उन्होंने विधानसभा में तीन बार (1999, 2004 और 2014) में भद्राचलम सीट का का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने बताया कि उनके परिवार में पत्नी और चार बच्चे हैं। राजैया को आदिवासियों की समस्याएं उठाने के लिए याद किया जाता है। उन्होंने सादगी भरा जीवन जीया। कई मौकों पर उन्हें ऑटोरिक्शा या दोपहिया वाहन से राज्य विधानसभा आते देखा गया। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव, भाकपा के पूर्व महासचिव एस सुधाकर रेड्डी और कई अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं ने राजैया के निधन पर शोक व्यक्त किया।

### धुबरी में केएलओ के तीन संदिग्ध पकड़े गए, हथियार जब्त

**धुबरी (असम)।** असम के धुबरी जिले मे सुरक्षा बलो के संयुक्त अभियान में कामतापुर लिबरेशन ऑर्गेनाइजेशन (केएलओ) के तीन संदिग्ध आतंकियों को पकड़ा गया है। संदिग्ध केएलओ आतंकियों की गतिविधियो की सूचना पर कार्वाई करते हुए जिले मे बिलासीपाड़ा थानाक्षेत्र के हजारीपारा मे पुलिस और सेना ने सोमवार रात को संयुक्त अभियान शुरू किया। धुबरी के पुलिस अधीक्षक आनंद मिश्रा ने कहा कि एक मोटरसाइकिल पर फकीराग्राम से बिलासीपाड़ा आ रहे तीन लोगो को पकड़ लिया गया। मोटरसाइकिल पर कोई नंबर प्लेट नही थी। उन्होने बताया कि उनके पास से हथियार और कारतूस मिले है। पकड़े गए लोगो की पहचान उत्तम राय, सुदीप कोच तथा उमा कोच के रूप में हुई है। सभी चापर थाना क्षेत्र के दामोदरपुर गांव के रहने वाले है।

### त्रिपुरा के मुख्यमंत्री कोरोना वायरस से संक्रमित नहीं

**अगरतला।** त्रिपुरा के मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब की मंगलवार को आई रिपोर्ट मे उनके कोरोना वायरस से संक्रमित ना होने की पुष्टि हुई है लेकिन उनके परिवार के दो सदस्य हालांकि कोरोना वायरस से संक्रमित है। देब ने अगले सात दिनो के लिए पृथक-वास मे रहने का फैसला किया है। उन्होंने सोमवार देर रात ट्वीट किया, मेरे परिवार के दो सदस्यों के कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। कोई अन्य सदस्य संक्रमित नही है। देब ने बताया कि दोनो संक्रमित सदस्य घर पर ही पृथक-वास मे है। मुख्यमंत्री ने मंगलवार सुबह ट्वीट किया, कोविड-19 की जांच मे मेरे संक्रमित ना होने की पुष्टि हुई है। अगले सात दिन तक मै पृथक-वास मे रहूंगा और अन्य दिशा-निर्देशो का पालन करूंगा। मै घर से ही काम करूंगा। मै त्रिपुरा के लोगो का उनकी शुभकामनाओ और दुआओ के लिए शुक्रिया करता हूं। कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी और हम इसे एक साथ जीतेंगे। सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास को रोगाणुमुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि देब के एक सुरक्षा कर्मी के कुछ दिन पहले संक्रमित होने की पुष्टि हुई थी।



श्रीनगर में अनुच्छेद 370 हटाने की वर्षगांठ पर सुरक्षा के मद्देनजर दो दिनों के लिए लगाए गए कर्फ्यू में तैनात सीआरपीएफ के वाहन

## भूमि पूजन कार्यक्रम के लिए गुजरात के सात धार्मिक नेता आमंत्रित

**भाषा।** अहमदाबाद

**अयोध्या** में राम मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन समारोह में गुजरात के सात धर्मगुरुओं को आमंत्रित किया गया है। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उनमें से पांच सोमवार को यहां से लखनऊ जाने वाली उड़ान से गए और बुधवार को होने वाले कार्यक्रम के लिए अयोध्या पहुंच चुके हैं। उन्होंने बताया कि स्थानीय विहिप नेताओं ने अहमदाबाद हवाई अड्डे पर उनका अभिनंदन किया।

आमंत्रित किए गए धार्मिक नेताओं में आणंद जिले के सरसा गुरुगाड़ी के अविचलदासजी महाराज, राजकोट के स्वामी परमात्मानंदजी महाराज, प्रणामी सम्प्रदाय के आचार्य कृष्णमणि महाराज, अहमदाबाद के संत सवैयानाथ धाम के शंभूनाथ टुंडिया, छरोदी गुरुकुल के माधवप्रियदासजी स्वामी, बीएपीएस स्वामीनारायण संप्रदाय के महंत स्वामीजी और विश्व हिंदू परिषद, अहमदाबाद के अखिलेश्वर दासजी महाराज शामिल हैं।

गुजरात विहिप के प्रवक्ता हितेंद्र सिंह राजपूत ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट ने अयोध्या में भव्य भूमि पूजन समारोह के लिए इन सभी को आमंत्रित किया है। उन्होंने बताया कि सात आमंत्रितों में से केवल बीएपीएस स्वामीनारायण संप्रदाय के महंत स्वामी अपनी आयु संबंधी समस्याओं के कारण नहीं जा रहे हैं, जबकि अखिलेश्वर दासजी कल वहां पहुंचेंगे। अन्य सभी सोमवार को लखनऊ होते हुए अयोध्या पहुंच चुके हैं। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने सोमवार को कहा कि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के लिए भूमि पूजन समारोह में 175 प्रतिष्ठित अतिथियों को आमंत्रित किया गया है।

## कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया कोरोना वायरस से संक्रमित, अस्पताल में भर्ती

**भाषा।** बेंगलुरू

**कर्नाटक** के पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने मंगलवार को बताया कि वह कोरोना वायरस से संक्रमित हैं और डॉक्टरों की सलाह पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सिद्धरमैया को मणिपाल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल ने एक बयान में कहा कि राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता (71) का इलाज जारी है और उनकी हालत अब स्थिर है।

सिद्धरमैया ने ट्वीट किया, कोरोना वायरस से संक्रमित होने के बाद डॉक्टरों की सलाह पर एहतियाती तौर पर मैं अस्पताल में भर्ती हुआ हूं। मेरे सम्पर्क में आए सभी लोगों से मैं पृथक-वास में जाने का आग्रह करता हूं। सिद्धरमैया के बेटे और विधायक यतींद्र सिद्धरमैया ने कहा कि उनके पिता को सोमवार सुबह से ही बुखार था और रात को उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने ट्वीट किया, एंटीजन जांच के बाद उनके कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई।

मणिपाल अस्पताल ने एक बयान में कहा कि सिद्धरमैया को बुखार के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था और एंटीजन जांच के बाद उनके कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई। बयान में कहा, वह ठीक हैं और उनकी हालत अब स्थिर है। डॉक्टरों की एक टीम उनका इलाज कर रही है।

मुख्यमंत्री बी. एस. एदियुरप्पा के संक्रमित होने के बाद से उनका भी इसी अस्पताल में इलाज हो रहा है। एदियुरप्पा को रविवार रात वहां भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों का कहना है कि उनकी हालत अब स्थिर है। वहीं राज्य के चिकित्सा शिक्षा मंत्री के. सुधाकर ने ट्वीट कर सिद्धरमैया के जल्द ठीक होने की कामना की और कहा कि वह मणिपाल अस्पातल के डॉक्टरों के सम्पर्क में हैं। सुधाकर ने कहा, उनकी (सिद्धारमैया) हालत स्थिर है और घबराने की कोई बात नहीं है। पूर्व प्रधानमंत्री एच. डी. देवेगौड़ा, पूर्व मुख्यमंत्री एच. डी. कुमारस्वामी, राज्य कांग्रेस प्रमुख डी. के. शिवकुमार सहित कई अन्य प्रमुख राजनेताओं ने सिद्धरमैया के जल्द ठीक होने की कामना की है।

## मप्र के उपचुनाव क्षेत्र में पांच लाख लड्डू बांटेगी भाजपा, कांग्रेस ने जताई आपत्ति

**भाषा।** इंदौर

**अयोध्या** में बुधवार को राम मंदिर शिलान्यास के मौके पर मध्यप्रदेश में सत्तारूढ़ भाजपा ने इंदौर जिले के सांवेर विधानसभा क्षेत्र में घर-घर जाकर करीब पांच लाख लड्डुओं का प्रसाद बांटने की घोषणा की है। अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित इस क्षेत्र में उपचुनाव होने वाले हैं। उधर, प्रमुख विपक्षी कांग्रेस ने घर-घर लड्डू बांटे जाने से कोविड-19 का संक्रमण फैलने के खतरे का हवाला देते हुए प्रशासन से मांग की है कि चुनावी राजनीति से प्रेरित भाजपा के इस कार्यक्रम पर तत्काल रोक लगाई जाए।

भाजपा की जिला इकाई के अध्यक्ष राजेश सोनकर ने मंगलवार को संवाददाताओं को बताया, अयोध्या में भगवान राम की जन्मभूमि पर उनके भव्य मंदिर के शिलान्यास कार्यक्रम को हम महोत्सव की तरह मनाएंगे। इसके तहत सांवेर क्षेत्र के 252 गांवों में विभिन्न धार्मिक आयोजनों के साथ ही लोगों के घर-घर जाकर प्रसाद के रूप में करीब पांच लाख लड्डू बांटे जाएंगे। सोनकर ने दावा किया, लड्डू वितरण कार्यक्रम की विशेषता यह होगी कि सांवेर क्षेत्र के हर परिवार की भागीदारी के बावजूद इसमें कोविड-19 से बचाव के दिशा-निर्देशों का राई के दाने के बराबर भी उल्लंघन नहीं होगा।

गौरतलब है कि राज्य के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट को सांवेर क्षेत्र के आगामी उपचुनावों में भाजपा का टिकट मिलना तय माना जा रहा है, जबकि पूर्व लोकसभा सांसद प्रेमचंद बौरासी गुड्डू कांग्रेस खेमे से उम्मीदवारी के तगड़े दावेदार हैं। पखवाड़े भर में सिलावट और गुड्डू, दोनों कोरोना वायरस संक्रमण की चपेट में आ चुके हैं। संक्रमित पाए जाने से पहले दोनों प्रतिस्पर्धी नेता आगामी उपचुनावों के मद्देनजर सांवेर क्षेत्र के सघन दौरे कर रहे थे।

इस बीच, भाजपा के लड्डू वितरण कार्यक्रम पर निशाना साधते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता नीलाभ शुक्ला ने कहा, भगवान राम में हमारी पूरी आस्था है। लेकिन भाजपा महज अपनी चुनावी राजनीति चमकाने के लिए कोरोना वायरस संक्रमण के खतरे को नजरअंदाज करते हुए सांवेर के लोगों की सेहत से खिलवाड़ करना चाहती है। उन्होंने कहा, हम इस खतरे के मद्देनजर जिला प्रशासन से मांग करते हैं कि वह भाजपा का घोषित लड्डू वितरण कार्यक्रम तत्काल रुकवाए।



बीकानेर में राम मन्दिर भूमि पूजन के अवसर पर रेत से भगवान राम की मूर्ति को बनाता हुआ कलाकार

# मोदी के आगमन के लिए तैयार है हनुमान गढ़ी मंदिर

**संवाददाता।** अयोध्या

**अयोध्या** में राम मंदिर के भूमि पूजन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन के मद्देनजर राम नगरी के प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर को सजाया गया है। प्रधानमंत्री बुधवार को सबसे पहले हनुमानगढ़ी मंदिर जाएंगे। ऐसा माना जाता है कि भगवान राम के दर्शन करने से पहले श्रद्धालु को हनुमान जी के दर्शन करने चाहिए।

मंदिर के पुजारी इस बात से उदास हैं कि वे कोविड-19 महामारी से संबंधित दिशानिर्देश के कारण प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात नहीं कर पाएंगे। हनुमानगढ़ी के महंत राजू दास ने बताया कि मंदिर में हम सभी लोगों ने प्रधानमंत्री को गदा, मुकुट, चांदी की ईंट, अंगवस्त्रम और एक पगड़ी भेंट करने की तैयारी की थी मगर कोविड-19 की वजह से अब यह संभव नहीं हो पाएगा, लिहाजा हमने मोदी को भेंट देने का कार्यक्रम निरस्त कर दिया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने सोमवार को हनुमानगढ़ी का दौरा किया था। अब प्रधानमंत्री बुधवार को यहां पूजा-अर्चना करेंगे लेकिन सभी पुजारी उनसे दूर रहेंगे। किसी को भी उनके नजदीक जाने की इजाजत नहीं होगी। प्रधानमंत्री यहां पांच-सात मिनट रुकेंगे।

महंत दास ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के दौरे की सभी तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं और अयोध्या में राम मंदिर के भूमि पूजन का कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। हनुमान गढ़ी के महत्व के बारे में उन्होंने बताया कि ऐसा माना जाता है कि भगवान हनुमान का आशीर्वाद लिए बगैर कोई भी काम पूरा नहीं होता। उन्होंने कहा कि हनुमानगढ़ी मंदिर में सभी वैदिक अनुष्ठान सोमवार को शुरू हो गए थे और वे भूमि पूजन तक जारी रहेंगे। गौरतलब है कि हनुमानगढ़ी उत्तर भारत के सबसे मशहूर हनुमान मंदिरों में से है। इस मंदिर में हनुमान जी की माता अंजनी की मूर्ति है जिनकी गोद में छोटे हनुमान जी बैठे हुए हैं।

इस मंदिर के बारे में महंत ने बताया कि लंका पर विजय प्राप्त करने के बाद जब भगवान राम अयोध्या लौटे थे तब उन्होंने हनुमान जी को रहने के लिए यह जगह दी थी। इसीलिए इसका नाम हनुमानगढ़ी या हनुमान कोट पड़ गया। ऐसा माना जाता है कि इसी जगह से हनुमान जी रामकोट की सुरक्षा करते थे। महंत राजू दास ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण होने से एक नए युग का सूत्रपात होगा। इससे सभी राम भक्त बेहद खुश हैं। एक अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम के मद्देनजर पूरी अयोध्या नगरी को सजाया गया है। कार्यक्रम में आमंत्रित किए गए अतिथियों का आगमन शुरू हो चुका है और मंगलवार शाम तक उनमें से ज्यादातर लोग यहां पहुंच जाएंगे।

## राममंदिर के शिलान्यास के अवसर पर अपने घरों में दीवाली मनाएं : रावत

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने पांच अगस्त को अयोध्या में राममंदिर निर्माण हेतु भूमिपूजन के अवसर पर प्रदेश की जनता से अपने घरों में दीपावली मनाने की अपील की। मुख्यमंत्री रावत ने यहां जारी एक संदेश में कहा कि पांच अगस्त को देश के लिए स्वर्णिम अवसर आ रहा है जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य एवं दिव्य मंदिर निर्माण हेतु भूमि एवं शिलापूजन के साथ आधारशिला रखेंगे। उन्होंने कहा कि अयोध्या में मर्यादा पुरूषोत्तम राम के मन्दिर निर्माण को लेकर कई युद्ध लड़े गए और सैकड़ों लोगों ने इसके लिए बलिदान दिया। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील की, हम इस अवसर पर अपने घरों में दीपावली मनाएं, दीप जलाएं। भगवान श्रीराम दुनिया के एकमात्र ऐसे चरित्र हैं जिन्हें मर्यादा पुरूषोत्तम के नाम से जाना जाता है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में बनने वाला राममंदिर करोड़ों लोगों की आस्था से जुड़ा है और भगवान श्रीराम सनातन संस्कृति, मानवता, नैतिकता, प्रेम व सदभाव के प्रतीक हैं।

# मप्र कांग्रेस राम मंदिर निर्माण के लिए चांदी की 11 ईंट भेजेगी : कमलनाथ

**भाषा।** भोपाल



**मध्य** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने मंगलवार को घोषणा की कि प्रदेश कांग्रेस अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए चांदी की 11 ईंटें भेजेगी। अयोध्या में भगवान राम के मंदिर का शिलान्यास पांच अगस्त को होने वाला है।

कमलनाथ ने यहां अपने सरकारी निवास पर राम दरबार सजाकर हनुमान चालीसा के पाठ का आयोजन करने के बाद मीडिया से कहा, हम राम मंदिर निर्माण के लिए प्रदेश की जनता की ओर से चाँदी की 11 ईंट :शिला: भेज रहे हैं। ए ईंट प्रदेश के नागरिकों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं के सहयोग से चंदा एकत्रित कर खरीदे गए हैं। उन्होंने कहा, हम राम मंदिर निर्माण का स्वागत करते हैं। कमलनाथ ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने वर्ष 1985 में इसकी शुरुआत की थी और वर्ष 1989 में उन्होंने इसका शिलान्यास किया था। उन्होंने दावा किया, राजीव गांधी जी के कारण ही राम मंदिर का सपना आज साकार हो रहा है। आज राजीव जी होते तो यह सब देखते। कमलनाथ ने कहा कि भारत की संस्कृति सभी को जोड़ने वाली है। यहाँ विभिन्न भाषाएं एवं विभिन्न धर्मों के लोग रहते है। यह हमारी पहचान है।

उन्होंने कहा, हम जब भी कुछ करते है, भाजपा के पेट में दर्द पता नहीं क्यों चालू हो जाता है। क्या धर्म पर उनका पेटेंट है, उनका ठेका है? उन्होंने (भाजपा) धर्म की एजेंसी ली हुई है क्या? मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि मैंने कुछ साल पहले छिन्दवाड़ा में हनुमान जी की मूर्ति स्थापित की। इसके अलावा, हमने अपनी पूर्व प्रदेश सरकार में गौशालाएँ बनवाई, राम वन गमन पथ पथ के निर्माण की बाधाएं दूर की और महाकाल व ओंकारेश्वर मंदिर के विकास की योजना बनाई। उन्होंने कहा, बस हम धर्म का उपयोग राजनीति के लिए नहीं करते हैं। हम इसे इवेंट नहीं बनाते हैं। हम सभी की सोच धार्मिक है लेकिन हम धर्म और राजनीति का गठजोड़ नहीं करते हैं। कमलनाथ ने कहा कि उन्होंने हनुमान चालीसा का पाठ कर देश-प्रदेश की खुशहाली की कामना की।

इससे पहले कमलनाथ ने अपने ट्विटर अकाउंट में भगवा कपड़े में अपनी तस्वीर भी पोस्ट की। इस बीच, मध्य प्रदेश कांग्रेस के मीडिया समन्वयक नरेन्द्र सलूजा ने बताया कि कमलनाथ के भोपाल स्थित निवास पर मंगलवार को प्रदेश की खुशहाली, समृद्धि, उन्नति व प्रदेशवासियों के स्वस्थ्य रहने की कामना को लेकर ग्यारह पंडितों द्वारा राम दरबार सजाकर हनुमान चालीसा के पाठ का आयोजन कमलनाथ की उपस्थिति में संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर मधुर भजनों द्वारा हनुमान जी की स्तुति एवं पूजन किया गया।

## कांग्रेस नेता मनीष तिवारी ने राम मंदिर के भूमि पूजन को लेकर देशवासियों को बधाई दी

**भाषा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मनीष तिवारी ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम से एक दिन पहले मंगलवार को कहा कि वह इस अवसर पर सभी देशवासियों और श्रद्धालुओं को बधाई देते हैं। उन्होंने एक वीडियो शेयर करते हुए ट्वीट किया, रघुपति राघव राजाराम,पतित पावन सीताराम, सीताराम सीताराम, भज प्यारे तू सीताराम ईश्वर अल्लाह तेरो नाम, सब को सन्मति दे भगवान। यह गांधी जी का प्रिय भजन था। कांग्रेस प्रवक्ता तिवारी ने कहा, अब अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन होने जा रहा है। इस अवसर मैं सभी देशवासियों और श्रद्धालुओं को कोटि कोटि बधाई देता हूं। गौरतलब है कि अयोध्या में बुधवार को राम मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित होगा जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शामिल होने का कार्यक्रम है।

## अयोध्या में राम मंदिर के शिलान्यास को लेकर मथुरा में भी उत्सव का माहौल

**भाषा।** मथुरा

**अयोध्या** में रामलला के भव्य मंदिर के शिलान्यास की खुशी श्रीकृष्ण की जन्मस्थली मथुरा में भी दिखाई दे रही है और पांच अगस्त को कृष्ण जन्मस्थान पर स्थित भगवान केशवदेव भगवान राम के रूप में ही दर्शन देंगे क्योंकि कान्हा के गांव में भी उस प्रकार के उल्लास का माहौल है जैसा कि अयोध्या में नजर आ रहा है। श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान ने इसकी जानकारी दी है।

संस्थान के सचिव कपिल शर्मा ने बताया कि यह तय किया गया है कि मथुरा में भी अयोध्या के समान ही राम मंदिर के शिलान्यास के समान अनेक प्रकार के आयोजन किए जाएंगे। श्रीकृष्ण की पुण्य जन्मभूमि ऐसे दिव्य अवसर की साक्षी-सहभागी बनेगी और जो भक्तजन अयोध्या धाम नहीं जा पाए हैं वे उस आनन्द को भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि पर ही प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि इसके लिए संपूर्ण कृष्ण जन्मभूमि मंदिर प्रांगण में केसरिया ध्वजा, बन्दनवार, तोरण आदि लगाए गए हैं और अयोध्या में आयोजित कार्यक्रमों के अनुरूप ही कृष्ण-जन्मभूमि पर भी तीन अगस्त से ही विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन आरंभ हो गया है, जो 5 अगस्त को आधारशिला पूजन के समापन तक चलेगा। शर्मा ने बताया, तीन अगस्त सोमवार को कृष्ण जन्मस्थान पर विराजित अति प्राचीन श्रीअन्नपूर्णेश्वर महादेव का भव्य पूजन-अभिषेक किया गया। इस मंदिर का हाल ही में सौन्दर्यकरण कराया गया है। इसी क्रम में आज (मंगलवार) भागवत-भवन स्थित श्रीराम मन्दिर के सम्मुख श्रीरामचरित मानस का अखण्ड पाठ आरंम्भ कर दिया गया है जो कल (5 अगस्त को) प्रातः 9 बजे सम्पूर्ण होगा। उन्होंने बताया, कल जिस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पुनीत मुहूर्त में श्रीराम मन्दिर आधार शिला-पूजन करेंगे, उस पुण्य घड़ी में श्रीकृष्ण-जन्मस्थान पर भव्य आरती का आयोजन किया जाएगा। भगवान की आरती के साथ ही संपूर्ण मंदिर परिसर में ढोल-नगाड़े, घण्टे-घड़ियाल, झांझ-मृदंग, मंजीरों की मधुर ध्वनि से गुंजायमान हो उठेगा। ऐसी मंगल ध्वनि और दीपों के अलौकिक प्रकाश से अयोध्या और मथुरा नगरी समभाव से भक्तों को कृत-कृत्य करेंगी।

पूर्णावतार-प्रेमावतार-रसावतार लीला पुरुषोत्तम, मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप में दर्शन देकर दोनों पुरियों के एकात्म भाव को प्रकट करेंगे। उन्होंने कहा, अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण का शुभारम्भ भारत की सनातन संस्कृति में निहित विश्व कल्याण के भाव को पुष्ट करेगा। देव-देवाधिदेव-महादेव भी जिस तिथि की प्रतीक्षा कर रहे थे, ऐसे दिव्य राम मंदिर के शिलान्यास की तिथि करोड़ों सनातन धर्मावलम्बियों के लिए परमानन्द का दिवस है।

## अयोध्या में भूमि पूजन: कर्नाटक में कई स्थानों पर निषेधाज्ञा लागू

**भाषा।** बेंगलुरु

**अयोध्या** में बुधवार को राम मंदिर के भूमि पूजन समारोह के मद्देनजर कर्नाटक में कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से राज्य में कई स्थानों पर निषेधाज्ञा लागू की गई है। जिन स्थानों पर सीआरपीसी की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू की गई है उनमें कलबुर्गी, कोडागु, धारवाड़ और मंगलुरु शामिल हैं।

कर्नाटक के गृह मंत्री बासवराज बोम्मई ने अयोध्या में भूमि पूजन से पहले मंगलवार को गृह विभाग और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा की। बैठक के बाद जारी एक वीडियो बयान में बोम्मई ने कहा कि जिला प्रशासनों- पुलिस उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों- को स्थानीय स्थिति के आधार पर धारा 144 लगाने के अधिकार दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने के बारे में निर्णय ले सकता है। साथ ही तालुक कार्यकारी मजिस्ट्रेटों या तहसीलदारों को अपने संबंधित मुख्यालय में कल पूरे दिन के लिए उपस्थित रहने के लिए कहा गया है। मंत्री ने कहा कि राम मंदिर के मुद्दे पर उच्चतम न्यायालय के फैसले का पालन करना प्रत्एक नागरिक का कर्तव्य और जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर और भूमि पूजन समारोह के संबंध में किसी भी विवादित बयान या अप्रिय घटनाओं के लिए कोई जगह नहीं होगी।

उन्होंने राज्य में शांति और व्यवस्था बनाए रखने का आह्वान करते हुए कहा कि कोविड-19 महामारी के कारण, भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार इस संबंध में कोई भी सार्वजनिक बैठक या कार्यक्रम की अनुमति नहीं होगी। बोम्मई ने कहा कि सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को क्षेत्र में रहने और संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त करने के लिए कहा गया है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों से कहा गया है कि वे सोशल मीडिया गतिविधियों को लेकर सतर्क रहें और जो भड़काने की गतिविधियों में लिप्त हैं उन लोगों के खिलाफ तत्काल कार्वाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि थाना स्तर पर शांति कमेटी की बैठकें होनी चाहिए, पूजा और उपासना स्थलों पर सुरक्षाकर्मियों की पर्याप्त तैनाती होनी चाहिए। संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले इलाकों में ड्रोन से निगरानी अधिकारियों को दिए गए अन्य निर्देशों में शामिल है।

मंत्री ने अधिकारियों को अतीत में सांप्रदायिक कृत्यों में शामिल लोगों और गुंडा अधिनियम के तहत गिरफ्तार किए गए लोगों को चेतावनी जारी करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि यदि जरूरी हो तो ऐसे व्यक्तियों को एहतियाती हिरासत में लिया जाना चाहिए और कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ गुंडा अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जाना चाहिए।

## अयोध्या में भूमि पूजन के दौरान कनार्टक के मंदिरों में विशेष पूजा व प्रार्थना के आयोजन का आदेश

**बेंगलुरू।** कर्नाटक सरकार ने कहा है कि बुधवार को राज्य के सभी मंदिरों में विशेष पूजा और प्रार्थना होगी। इसी दिन अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन होगा। कर्नाटक सरकार ने मंगलवार को एक परिपत्र जारी कर मंदिरों से अयोध्या में सफलतापूर्वक भूमि पूजन, राम मंदिर निर्माण का काम पूरा होने तथा देश के लोगों के कल्याण के लिए कोरोना वायरस के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए विशेष पूजा तथा प्रार्थना आयोजित करने को कहा है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास ने बुधवार को अयोध्या में होने वाले भूमि पूजन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आमंत्रित किया है। उच्चतम न्यायालय ने मंदिर निर्माण के लिए न्यास बनाने का आदेश दिया था। परिपत्र हिंदू धार्मिक संस्थान एवं धर्मार्थ दान विभाग ने जारी किया है।



इंदौर में मंगलवार को अयोध्या के राम मंदिर के ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह को चिह्नित करने के लिए लोगों के बीच वितरण के लिए पांच लाख 'लड्डू' तैयार करते कार्यकर्ता

## हार्दिक पटेल ने राम मंदिर के लिए 21 हजार रुपये दान देने की घोषणा की

**भाषा।** अहमदाबाद



**गुजरात** कांग्रेस के नेता हार्दिक पटेल ने मंगलवार को घोषणा की कि वह और उनका परिवार अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए 21 हजार रुपए का दान देगा। यहां जारी एक बयान में गुजरात की कांग्रेस इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष पटेल ने कहा कि हालांकि उन्हें धर्म में असीम विश्वास है लेकिन वे कट्टरपंथी नहीं हैं और उम्मीद करते हैं कि मंदिर देश में राम राज्य की शुरुआत करेगा। पटेल का यह बयान अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम की पूर्वसंध्या पर आया है। विपक्षी दल के 26 वर्षीय नेता ने कहा, में आशा करता हूं कि मंदिर भारत और गुजरात में राम राज्य लाएगा।



जबलपुर में मंगलवार को कोविड-19 पर एक जागरूकता अभियान के दौरान भगवान हनुमान के रूप में तैयार हुआ एक भक्त

## झारखंड की मिट्टी लेकर राम जन्मभूमि के लिए नौ पुजारियों का दल रवाना

**रांची।** अयोध्या स्थित राम जन्मभूमि पर बुधवार को होने वाले शिलापूजन कार्यक्रम के लिए मंगलवार को यहां से नौ पाहनों (आदिवासी पुजारियों) का दल झारखंड की मिट्टी और यहां की प्रमुख नदियों का जल लेकर रवाना हुआ। भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को यहां मेयर आशा लकड़ा के साथ नौ पाहनों के दल को अयोध्या के लिए विधिविधान के साथ रवाना किया। इस अवसर पर राज्य के प्रमुख पाहन जगलाल ने खुशी जताते हुए कहा कि भगवान राम समाज के सभी वर्गों के हैं और उनके भव्य मंदिर के शिलापूजन के अवसर पर राज्य के पाहनों को वहां शामिल होने का अवसर मिल रहा है जो उनके लिए गौरव का विषय है। इस अवसर पर मरांडी ने कहा कि अयोध्या में बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राम जन्मस्थली पर बनने वाले भव्य मंदिर का शिला पूजन करेंगे और उसमें राज्य के नौ पाहन शामिल होंगे जोकि राज्य के लिए गौरव का विषय है।

## मोदी का राम मंदिर का भूमि पूजन करना एक स्वर्णिम पल: शिवसेना

**भाषा।** मुंबई

**शिवसेना** ने मंगलवार को कहा कि अयोध्या में राम मंदिर के भूमि पूजन को लेकर पूरा देश उत्साहित है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इसकी नींव रखने से बड़ा स्वर्णिम पल और कोई नहीं हो सकता। शिवसेना ने अपने मुखपत्र सामना के सम्पादकीय में कहा कि देश में कोविड-19 संकट जारी है लेकिन भगवान राम के आर्शिवाद से वह भी खत्म हो जाएगा।

उसने कोरोना वायरस से संक्रमित केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कार्यक्रम में शामिल ना होने पर उसके थोड़ा फीका पड़ने की बात भी कही। शाह ने रविवार को ही कोरोना वायरस से अपने संक्रमित होने की जानकारी दी थी। शिवसेना ने कहा कि वह उनके जल्द ठीक होने की कामना करती है। साथ ही उसने कहा कि शाह के बीमार होने से राजस्थान में अशाके गहलोत सरकार पर मंडरा रहा खतरा कम नहीं हो जाता। गहलोत को इससे खुश होने की जरूरत नहीं है क्योंकि भाजपा नेता कहीं भी हों, वह अपनी राजनीति जारी रखेंगे। मराठी दैनिक पत्र ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी खुद अयोध्या जाकर भूमि पूजन करेंगे।

उसने कहा कि राम मंदिर निर्माण को लेकर एक लंबी लड़ाई लड़ने वाले भाजपा के वरिष्ठ नेता एल. के. अडवाणी और मुरली मनोहर जोशी दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए इसमें हिस्सा लेंगे। वह कोविड-19 के मद्देनजर अयोध्या नहीं जर रहे। इस अभियान से जुड़ी रहीं उमा भारती भी अयोध्या नहीं जाएंगी। शिवसेना ने कहा, देश भूमि पूजन कार्यक्रम को लेकर उत्साहित है। देश के प्रधानमंत्री के मंदिर की नींव रखने से बड़ा स्वर्णिम पल कोई नहीं हो सकता।

## राम मंदिर को लेकर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक सामग्री डालने से बचें लोग: पुणे पुलिस ने कहा

**भाषा।** पुणे

**अयोध्या** में राम मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन समारोह के एक दिन पहले पुणे ग्रामीण पुलिस ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर भड़काऊ भ्रामक और आपत्तिजनक सामग्री डालने वाले लोगों के खिलाफ कार्वाई करने की चेतावनी जारी की। बारामती संभाग के उप-संभागीय पुलिस अधिकारी नारायण शिरगांवकर ने अपने आदेश में कहा कि नागरिकों को ऐसे संदेश सोशल मीडिया पर डालने से बचना चाहिए जिनसे लोगों में भ्रम पैदा हो सकता है और कानून व्यवस्था की स्थिति पैदा हो सकती है। आदेश में कहा गया है कि लोगों को निर्देश दिया जाता है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और मैसेज ऐप पर आपत्तिजनक और गलत जानकारी नहीं डालें। महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम की धारा 68 के तहत यह आदेश जारी किया गया है।

# पेज एक का शेष

### अवधपुरी प्रभु...

लेकर के बाईपास तक, बिरला धर्मशाला, नागेश्वरनाथ, हनुमानगढ़ी, कनक भवन, श्री राम जन्मभूमि सहित अयोध्या के सभी मंदिर रोशनी से नहाए हुए हैं। पूरे शहर में रंग रोगन हो गया है। भव्य और दिव्य राम मंदिर निर्माण की शुरुआत आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वैदिक मंत्रोचार एवं पूजन अर्चन के बीच चांदी की ईंट से आधारशिला रखकर करेंगे। पूरी अयोध्या को सुरक्षा कवच में जकड़ दिया गया है। बिना प्रशासन की मंशा के राम नगरी अयोध्या में कोई भी प्रवेश नहीं कर सकता है। प्रधानमंत्री का उड़न खटोला साकेत महाविद्यालय में 11:30 बजे उतरेगा। साकेत महाविद्यालय से लेकर नया घाट अयोध्या तक अभेद्य सुरक्षा है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय ने पत्रकारों को बताया कि वैश्विक महामारी कोरोना के कारण मेहमानों की लिस्ट बहुत कम कर दी गई है जबकि राम जन्मभूमि आंदोलन से जुड़े और भगवान राम में आस्था रखने वाले करोड़ों लोग इस शिला पूजन में शामिल होना चाहते थे लेकिन अब मात्र 200 लोग शामिल होंगे। जिसमें से 135 अयोध्या और शेष देश के विभिन्न भागों से होंगे। हर अतिथि को चांदी का सिक्का मिलेगा, जिसमें राम दरबार, तीर्थ क्षेत्र का प्रतीक चिन्ह होगा। भूमिपूजन में शामिल अतिथियों को सिक्का श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट देगा।

### पीएम 32...

जाएगी और 12:00 बजे वैदिक विद्वानों द्वारा विधिवत मंत्रोच्चार के साथ अनुष्ठान प्रारंभ हो जाएगा 12:30 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस अनुष्ठान में बैठ जाएंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार मंदिर निर्माण की आधारशिला रखने के लिए वे एक पट्टिका का अनावरण करेंगे और इस मौके पर श्री राम जन्मभूमि मंदिर पर एक स्मारक डाक टिकट भी जारी करेंगे।

### अब काशी...

विनय कटियार आराम से बैठ जाएंगे, इस सवाल के जवाब में विनय कटियार ने कहा कि आराम से बैठने का तो कोई कारण नहीं है। अयोध्या के बाद हम मथुरा और काशी की ओर बढ़ेंगे। हम तय करेंगे कि कौन सा पहले शुरू किया जाए। हम आरएसएस से बात करेंगे। उन्होंने कहाकि हमने राम मंदिर आंदोलन के समय धर्म स्थान मुक्ति समिति का गठन किया था। इसमें अशोक सिंघल जी भी थे और कई लोग समिति में थे। समिति ने तभी तय किया था कि अयोध्या, मथुरा, काशी में मंदिर निर्माण करना है। अब इसमें अयोध्या को पहले इसलिए चुना गया क्योंकि वहां मस्जिद बना दी गई थी, जो गुलामी का प्रतीक थी। उन्होंने कहा कि 1528 से राम जन्म भूमि के लिए संघर्ष चल रहा था। इस दौरान साढ़े तीन लाख लोगों ने जान गंवाई। उन्होंने सवाल किया कि क्या दुनिया में ऐसा कोई स्थान है जहां अपने आराध्य के लिए इतना लंबा संघर्ष करना पड़ा हो?

### आदित्य ठाकरे...

चुकी है। इनमें राजपूत की बहन, उनकी मित्र चक्रवर्ती और सिने जगत से जुड़ी कुछ हस्तियां शामिल हैं। इस बीच, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के बेटे और राज्य सरकार में मंत्री आदित्य ठाकरे ने पहली बार चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि लोग उन पर और उनके परिवार पर कीचड़ उछाल रहे हैं। सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में आदित्य ठाकरे को लेकर सोशल मीडिया में कई गंभीर आरोप लगाए जा रहे थे। उन्होंने इस मामले में खुद के शामिल होने की सभी रिपोर्ट्स को खारिज किया और कहा कि मेरा सुशांत सिंह राजपूत की मौत से कोई संबंध नहीं है। किसी की मौत पर राजनीति नहीं की जानी चाहिए। मालूम हो कि महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता नारायण राणे ने बाकायदा प्रेस वार्ता कर दावा किया कि सुषांत और उनकी मैनेजर दिशा सालियान ने आत्महत्या नहीं की है, दोनों की हत्या हुई है। उन्होंने सवाल उठाया कि सुशांत की मौत के मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करने में 50 दिन क्यों लगाए। सरकार किसके दबाव में काम कर रही है और किसको बचाने के लिए मुंबई पुलिस की छवि को बर्बाद किया जा रहा है। नारायण राणे ने यह भी कहा कि 8 तारीख को हुई पार्टी में दिशा के साथ बलात्कार हुआ और फिर उसकी हत्या कर दी गई। उन्होंने कहा कि उन्हें यह जानकारी दिशा की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से पता चली है। रिपोर्ट में यह उल्लेख है कि दिशा के प्राइवेट पार्ट में चोट के निशान हैं। नारायण राणे ने यहां तक कहा कि सुशांत ने आत्महत्या नहीं की है बल्कि उसकी भी हत्या हुई है। सरकार जिस तरह मामले की जांच करवा रही है, उससे यह साफ लगता है कि किसी को बचाने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन विपक्ष चुप नहीं बैठेगा।

### यूपीएससी नतीजे...

अधिकारी 29 वर्षीय सिंह अभी फरीदाबाद में राष्ट्रीय सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर एवं नार्कोटिक्स अकादमी में पर्यवेक्षण पर हैं। उन्होंने छुट्टी लेकर इस परीक्षा की तैयारी की थी। यूपीएससी परीक्षा में दूसरा स्थान हासिल करने वाले 26 वर्षीय जतिन किशोर भारतीय आर्थिक सेवा (आईईएस) के 2018 बैच के अधिकारी हैं और अभी ग्रामीण विकास मंत्रालय में सहायक निदेशक हैं। किशोर ने कहा कि शिक्षा और पर्यावरण उनका मुख्य क्षेत्र होगा। वहीं, भारतीय राजस्व सेवा (आयकर) की अधिकारी वर्मा ने कहा कि वह बचपन से ही आईएएस अधिकारी बनना चाहती थीं। उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर की निवासी वर्मा को यूपीएससी की 2018 की परीक्षा में 489वीं रैंक हासिल हुई थी। वह महिला सशक्तिकरण और बच्चों से जुड़े विषयों और खासकर अपने गृह राज्य में काम करना चाहेंगीं। यूपीएससी के अनुसार कुल 829 प्रतिभागियों की भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस), भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस), भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) सहित अन्य सिविल सेवाओं के लिए अनुशंसा की गई है। कुल उत्तीर्ण प्रतिभागियों में 304 सामान्य श्रेणी, 78 आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस), 251 अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), 129 अनुसूचित जाति, 67 अनुसूचित जनजाति श्रेणी के हैं। बयान के अनुसार, 182 अन्य प्रतिभागियों को आरक्षित (रिजर्व) सूची में रखा गया है।

## अयोध्या भूमि पूजन: पूर्व न्यायाधीश हेगड़े ने शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व धार्मिक सद्भाव की अपील की

**भाषा।** बेंगलुरू

**अयोध्या** में राम मंदिर निर्माण के लिए बुधवार को होने वाले भूमि पूजन से पहले उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश एन. संतोष हेगड़े ने धार्मिक सद्भाव, शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व को बढ़ावा देने और विभिन्न धर्मों के प्रति सम्मान का आह्वान किया है।

यह पूछे जाने पर कि क्या मंदिर को राष्ट्रीय एकता, सामाजिक और सांप्रदायिक सद्भाव के प्रतीक के रूप में प्रचारित किया जाना चाहिए तो इसपर भारत के पूर्व सॉलिसिटर जनरल ने कहा , मंदिर का वह उद्देश्य बनाया जाना एक अच्छा विचार है, ताकि दुनिया में शांति कायम हो सके। हेगड़े ने कहा कि आज टकराव का सबसे खतरनाक कारण धर्म है। कर्नाटक के पूर्व लोकायुक्त ने मंगलवार को पीटीआई-भाषा से कहा, इसलिए, किसी ना किसी को शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व और विभिन्न धर्मों के प्रति सम्मान के लिए प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा, विभिन्न धर्मों के बीच सौहार्द विकसित करने के लिए या उसके एक संकेतक के रूप में भूमि पूजन को देखना एक अच्छा विचार है।

उच्चतम न्यायालय ने पिछले साल नवम्बर में राम मंदिर निर्माण को हरी झंडी दे दी थी और नई मस्जिद बनाने के लिए सुन्नी वक्फ बोर्ड को पांच एकड़ जमीन आवंटित करने का केंद्र को आदेश दिया था। उत्तर प्रदेश सरकार ने मस्जिद के निर्माण के लिए अयोध्या की सोहावल तहसील के धनीपुर गांव में पांच एकड़ ज़मीन आवंटित कर दी है।

## पूर्व टेनिस खिलाड़ी पुएर्टा ने कैस को डोपिंग पर झूठ बोलने की बात स्वीकार की

**ब्यूनर्स आयर्स।** संन्यास ले चुके टेनिस खिलाड़ी मारियानो पुएर्टा ने स्वीकार किया है कि दूसरी बार डोप परीक्षण में पॉजिटिव पाए जाने के बाद अपने निलंबन को कम करने के लिए उन्होंने खेल पंचाट (कैस) को झूठ बोला था।

## लुई कार्डिनल्स के सात खिलाड़ी, छह स्टाफ कोरोना वायरस पॉजिटिव

**न्यूयॉर्क।** सेंट लुई कार्डिनल्स के सात खिलाड़ी और स्टाफ के छह सदस्य कोरोना वायरस पॉजिटिव पाए गए है जिसके बाद मेजर लीग बेसबॉल (एमएलबी) ने डेटरॉयट में टीम की चार मैचों की श्रृंखला स्थगित कर दी है। यह श्रृंखला कोमेरिका पार्क में मंगलवार से गुरुवार तक खेली जानी थी।

## ब्राजील में लीग फाइनल में पहुंची टीमों ने वायरस नियमों की धज्जियां उड़ाई

**साओ पाउलो।** साओ पाउलो राज्य लीग फाइनल में इस हफ्ते हिस्सा लेने वाली दोनों टीमों पर कोरोना वायरस को फैलने से रोकने के लिए जारी स्वास्थ्य सिफारिशों की जानबूझकर अनदेखी करने का आरोप लगाया गया है। गत साओ पाउलो राज्य चैंपियन कोरिनथियांस ने सोमवार को दोबारा परीक्षण से इनकार कर दिया जबकि उसके चिर प्रतिद्वंद्वी पालमेइरास की मैचों के बाद खिलाड़ियों और स्टाफ को घर जाने की स्वीकृति देने के लिए आलोचना की गई।

## अमेरिकी महिला एमेच्योर चैंपियनशिप में अनिका वर्मा संयुक्त 55वें स्थान पर

**रॉकविले (अमेरिका)।** अनिका वर्मा अमेरिकी महिला एमेच्योर चैंपियनशिप में हिस्सा लेने वाली पहली भारतीय गोल्फर बनी। सोलह साल की अनिका की शुरुआत हालांकि प्रभावी नही रही और वह पहले दौर में तीन ओवर 75 के स्कोर से संयुक्त 55वें स्थान पर चल रही है।

## खेल पंचाट ने यूएई की अपील खारिज की

**लुसाने।** खेल पंचाट (कैस) ने यूएई के इन आरोपों को खारिज कर दिया है कि कतर ने 2019 एशियाई कप फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जीत के दौरान अयोग्य खिलाड़ी को मैदान पर उतारा था। कतर ने अबु धाबी मे सेमीफाइनल में 4-0 से जीत दर्ज की थी और बाद में पहली बार एशियाई कप का खिताब जीतने में सफल रहा।

## खांसने पर फुटबॉल खिलाड़ी को दिखाया जा सकता है लाल कार्ड

**ज्यूरिख।** फुटबॉल खिलाड़ी अगर किसी अन्य खिलाड़ी या मैच अधिकारी करीब जाकर जानबूझकर खांसता है जो उसे लाल कार्ड दिखाया जा सकता है। आईएफएबी ने कोरोना वायरस महामारी के बाद अपने दिशानिर्देशों को अपडेट करते हुए यह जानकारी दी।

# प्रायोजन से पीछे हट सकता है वीवो

भाषा। नई दिल्ली

भारत और चीन के बीच बढ़ते राजनयिक तनाव के बीच चीनी मोबाइल फोन कंपनी वीवो इस साल इंडियन प्रीमियर लीग के टाइटल प्रायोजन से पीछे हट सकती है और आपसी सहमति से अलग होने के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड से बातचीत चल रही है। इस एक साल को स्थगन अवधि के रूप में देखा जा सकता है और संबंध बेहतर होने पर बीसीसीआई 2021 से 2023 के बीच कंपनी के साथ तीन साल का नया अनुबंध कर सकता है। आईपीएल इस साल 19 सितंबर से 10 नवंबर के बीच यूएई में होगा। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, बीसीसीआई के पदाधिकारियों (अध्यक्ष सौरव गांगुली और सचिव जय शाह) और कंपनी के प्रतिनिधियों के बीच बातचीत चल रही है। ऐसी पूरी संभावना है कि इस साल टाइटल प्रायोजक वीवो नहीं होगा। दोनों देशों



## बोर्ड से चल रही बातचीत

की सेनाओं के बीच हिंसक झड़प के बाद बीसीसीआई ने कहा था कि वह करार की समीक्षा करेगा। संचालन परिषद ने रविवार को कहा था कि वीवो समेत उसके सभी प्रायोजक बरकरार रहेंगे। वीवो 2022 तक पांच साल के करार के लिए 440 करोड़ रूपए सालाना देता है। बोर्ड के अधिकारी ने बताया कि फैसला जब भी होगा, आपसी सहमति से होगा और बोर्ड बैंक गारंटी को भुनाने पर विचार नहीं कर रहा है। अलग अलग हालात में अगर प्रायोजक वादा पूरा नहीं कर पाता है तो बोर्ड बैंक गारंटी भुनाता है जो पहले भी किया गया है। लेकिन यहां दोनों पक्ष आपसी सहमति से समाधान तलाश रहे हैं। केंद्र सरकार के 60 चीनी एप और सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर प्रतिबंध लगाने के बाद चीनी प्रायोजकों को बरकरार रखने के बीसीसीआई के फैसले पर सवाल उठ रहे थे। यह संवेदनशील समय है और हमें एहतियात बरतनी होगी। एक बार हम कह दें कि प्रायोजन की समीक्षा करेंगे और फिर कुछ नहीं करें तो इससे चीनी कंपनियों के साथ संबंधों को लेकर सवाल उठेंगे। बीसीसीआई एक साल के प्रायोजन करार के लिए कई भारतीय कंपनियों से भी बात कर रहा है। इतने कम समय में इतनी बड़ी रकम (440 करोड़ रूपए) मिलना तो मुश्किल है और टूर्नामेंट भी विदेश में हो रहा है। खाली स्टेडियम में मैच होंगे। हम उस पर तब बात करेंगे जब वीवो आधिकारिक रूप से अलग हो जाएगा।

## आईपीएल के दौरान खिलाड़ियों की हर पांचवें दिन कोविड-19 जांच होगी

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में भाग लेने वाले खिलाड़ियों और सहयोगी सदस्यों को यूएई में अभ्यास शुरू करने से पहले कोविड-19 की जांच में पांच बार निगेटिव आना होगा और टूर्नामेंट शुरू होने के बाद उन्हे हर पांचवे दिन कोरोना वायरस जांच करानी होगी।

बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा कि सभी भारतीय खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ को भारत में अपनी संबंधित टीमों से जुड़ने के एक सप्ताह पहले 24 घंटे के अंतराल मे दो बार कोविड-19 आरटी-पीसीआर परीक्षण कराना होगा। इसके बाद खिलाड़ी (भारत में ही) 14 दिन तक पृथक्वास पर रहेंगे। जांच में किसी व्यक्ति का नतीजा अगर पॉजिटिव आता है तो वह 14 दिनों तक पृथक्वास में रहेगा। 19 सितंबर से शुरू होने वाली आईपीएल के लिए यूएई रवाना होने के लिए उसके पृथक्वास अवधि खत्म होने के बाद 24 घंटे के अंतराल मे दो बार कोविड-19 आरटी-पीसीआर जांच मे निगेटिव आना होगा। अधिकारी ने बताया, यूएई पहुंचने के बाद खिलाड़ियों और सहायक कर्मचारियों को एक सप्ताह तक पृथक्वास में रहने के दौरान तीन बार कोविड-19 जांच करानी होगी। तीनो बार निगेटिव आने के बाद वह जैविक रूप से सुरक्षित माहौल मे प्रवेश कर के अभ्यास शुरु कर सकते है। इस मामले मे टीमों से प्रतिक्रिया मिलने के आधार पर इस प्रोटोकॉल मे मामूली बदलाव किए जा सकते है लेकिन खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नही किया जाएगा। यूएई मे पहले सप्ताह के प्रवास के दौरान टीमों के खिलाडियो और अधिकारियों को होटल मे एक दूसरे से मिलने की अनुमति नही होगी। जांच में तीन बार निगेटिव आने के बाद ही उन्हें टूर्नामेंट के जैविक रूप से सुरक्षित माहौल में जाकर अभ्यास करने की अनुमति होगी। विदेशी खिलाड़ियों के सीधे यूएई पहुंचने के बारे मे पूछे जाने पर उन्होंने कहा, सभी विदेशी खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ को भी यूएई के लिए उड़ान भरने से पहले कोविड-19 आरटी-पीसीआर जांच करानी होगी।

## बीसीसीआई महिला क्रिकेट के बारे में सोच रहा, विस्तृत ब्यौरा देने की जरूरतः अंजुम



**नई दिल्ली।** महिला टीम की पूर्व कप्तान अंजुम चोपड़ा का मानना है कि महिला क्रिकेट को लेकर भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के पास योजना है लेकिन बोर्ड को इससे जुड़े विचारों को ज्यादा विस्तार से बताने की जरूरत है। क्रिकेटर से सफल कमेंटेटर बनी चोपड़ा ने कहा कि बीसीसीआई महिला क्रिकेट की प्रगति के बारे में सोच रहा है। चोपड़ा ने कहा, ऐसा नहीं है कि बीसीसीआई महिला क्रिकेट के बारे में नहीं सोच रहा है। मुझे केवल यह लगता है कि उन्हें महिला क्रिकेट के बारे में विस्तृत ब्योरा देने की जरूरत है। मेरा दृढ़ विश्वास है कि वे महिला क्रिकेट के बारे में सोच रहे होंगे, लेकिन यह सब ऐसा ही होना चाहिए जैसे कि पुरूष किकेट के लिए विस्तृत ब्योरे में होता है। बीबीसीआई को उस वक्त आलोचना का समाना करना पड़ा जब उसने कोविड-19 महामारी के मद्देनजर सितंबर में महिला टीम के इंग्लैंड दौरे को रद्द कर दिया था। चोपड़ा ने कहा कि यह अच्छा नहीं था, लेकिन नवंबर में महिला आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) से भारतीय खिलाड़ियों को अगले साल होने वाले एकदिवसीय विश्व कप के लिए तैयारी का मौका मिलेगा। महिला क्रिकेट को सुर्खियों में देखना खुशी की बात है। उन्हें उस इंग्लैंड दौरे का हिस्सा होना चाहिए था और शुरुआत में मुझे यह अच्छा नहीं लगा था, लेकिन महिला आईपीएल भी विश्व कप की तैयारियों में मददगार होगी। क्रिकेट के किसी भी प्रारूप से तैयारी की जा सकती है।

### बिलिंग्स को नियमित तौर पर वनडे टीम में होना चाहिए : पनेसर

**नई दिल्ली।** बाएं हाथ के पूर्व स्पिनर मोंटी पनेसर ने इंग्लैंड की एकदिवसीय टीम में सैम बिलिंग्स को नियमित तौर पर जगह नहीं मिलने पर हैरानी जताते कहा कि आयरलैंड के खिलाफ प्रदर्शन को देखते हुए उनको शीर्ष छह में स्वत: जगह मिलनी चाहिए। इंग्लैंड के लिए 2015 में पदार्पण करने वाले 29 साल के बिलिंग्स ने अब तब महज 16 एक दिवसीय और 26 टी20 खेले हैं। जो डेनली के चोटिल होने के कारण टीम में शामिल किए गए बिलिंग्स ने आयरलैंड के खिलाफ पहले दो एक दिवसीय में 67 और 46 रन की नाबाद पारियां खेली। इंग्लैंड के लिए 50 टेस्ट और 26 एकदिवसीय खेलने वाले 38 साल के पनेसर ने स्पोर्ट्सटाइगर के कार्यक्रम क्रिकेट टॉक्स विद मोंटी पनेसर में कहा, बिलिंग्स जब भी एकदिवसीय टीम में रहते हुए क्रीज पर होते हैं तो वह काफी सहज दिखते है।

## आस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के बीच अक्टूबर में होने वाली टी20 श्रृंखला स्थगित

**मेलबर्न।** क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने मंगलवार को कहा कि उसने वेस्टइंडीज के खिलाफ अक्टूबर में होने वाली तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला को स्थगित कर दिया है। टी20 मैचों का आयोजन टाउन्सविल, केर्न्स और गोल्ड कोस्ट में क्रमशः चार, छह और नौ अक्टूबर को होना था। यह श्रृंखला टी20 विश्व कप की तैयारी के लिए आयोजित हो रही थी लेकिन इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट को पिछले महीने वैश्विक स्वास्थ्य संकट के कारण स्थगित कर दिया गया जिसके बाद दोनों देश के बोर्ड ने टी20 श्रृंखला को भी स्थगित करने का फैसला किया।

# धोनी जैसा कोई नहीं : रोहित

भाषा। नई दिल्ली

भारत के स्टार सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा का मानना है कि महेंद्र सिंह धोनी अपनी तरह के अकेले खिलाड़ी हैं। रोहित ने इस तरह दो बार के पूर्व विश्व कप विजेता कप्तान के साथ अपनी नेतृत्व शैली और धैर्य की तुलना को अधिक तवज्जो नहीं दी। भारतीय टीम से बाहर चल रहे बल्लेबाज सुरेश रैना ने सुपर ओवर पोडकास्ट में रोहित शर्मा को भारतीय क्रिकेट टीम का अगला महेंद्र सिंह धोनी कहा था। भारत की सीमित ओवरों की टीम के उप कप्तान और इंडियन प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियन्स की अगुआई करने वाले रोहित ने अपनी नेतृत्व क्षमता की तुलना धोनी से करने पर प्रतिक्रिया दी। एक प्रशंसक के सवाल के जवाब में रोहित ने कहा, हां, मैंने सुरेश रैना की टिप्पणी सुनी है। महेंद्र सिंह धोनी अपनी तरह के अकेले हैं और कोई भी उनकी तरह नहीं हो सकता और मेरा मानना है कि इस तरह तुलना नहीं की जा सकती, प्रत्एक व्यक्ति अलग होता है और उसके अपने मजबूत पक्ष और कमजोरियां होती हैं। रैना आईपीएल में रोहित की अगुआई में मुंबई इंडियन्स के चार आईपीएल खिताब जीतने के रिकॉर्ड से प्रभावित हैं जो धोनी की कप्तानी में चेन्नई सुपरकिंग्स के खिताबों से एक अधिक है। विराट कोहली की गैरमौजूदगी में रोहित की अगुआई में भारत ने 2018 में श्रीलंका में निदाहस ट्रॉफी टी20 टूर्नामेंट और 50 ओवरों के एशिया कप का खिताब जीता।

रोहित ने 10 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और 19 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत का नेतृत्व किया और इस दौरान क्रमशः आठ और 15 मैच जीते। रैना ने कहा, मैंने उसे देखा है, वह धैर्यवान रहता है, उसे दूसरों की बात सुनना पसंद है.... जब हमने बांग्लादेश में



एशिया कप जीता था तो मैं उसके नेतृत्व में खेला था। महेंद्र सिंह धोनी शानदार था। उसने (रोहित ने) धोनी से अधिक आईपीएल खिताब जीते हैं लेकिन दोनों में काफी समानता है। कप्तान के रूप में दोनों को दूसरों की बात सुनना पसंद है। रैना ने कहा, जब आपका कप्तान सुन रहा हो तो आप काफी समस्याओं का हल निकाल सकते हो। इसलिए मेरी नजर में वे दोनों शानदार हैं।

**MOULIN COMMERCIAL LIMITED**
CIN: L74899DL1982PLC067811; Ph. No:+91-124-4232222 E-mail: info@vinylgroup.com
Regd. Off: 1, Anand Gram, Aya Nagar, M G Road, New Delhi - 47
Corp. Off: 11th Floor, Vatika Tower, Tower -B, Golf Course Road, Sector-54, Gurgaon-122002, Haryana, India

**Extract of Standalone Financial Results for the Quarter and year ended on 31st March, 2020**

Amount in Lacs

| Particular | Quarter ended on 31.03.2020 Audited | Year ended on 31.03.2020 Audited | Quarter ended on 31.03.2019 Audited | Year ended on 31.03.2019 Audited |
|---|---|---|---|---|
| Total Income from Operations (net) | 25.31 | 89.13 | 20.75 | 66.97 |
| Net Profit/(Loss) for the period (before tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | (0.51) | 6.82 | (2.40) | 15.31 |
| Net Profit/(Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | (0.51) | 6.82 | (2.40) | 15.31 |
| Net Profit/(Loss) for the period | (0.38) | 4.70 | (2.05) | 11.05 |
| Total Comprehensive Income for the period [comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and other comprehensive income (after tax)] | | | | |
| Paid-up equity share capital [Face value Rs. 10 per share] | 57.30 | 57.30 | 57.30 | 57.30 |
| Reserves (excluding revaluation reserves as Shown in the Balance Sheet of previous Year) | | | | |
| Earnings per share - (after extraordinary items)- (of Rs. 10/- each) | (0.01) | 0.82 | (0.36) | 1.93 |
| Diluted earnings per share- (after exceptional items)- (of Rs. 10/- each) | (0.01) | 0.82 | (0.36) | 1.93 |

**Notes:** The above is an extract of the detailed format of the Standalone results for the three months and year ended on 31st March, 2020 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of SEBI (Lising and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Standalone Financial Results for the three months and year ended on 31st March, 2020 are available on the Stock Exchange website and the Company's website

For Moulin Commercial Limited
Sd/-
(Ashish Gupta)
Managing Director
DIN: 00115090

Dated: 31st July, 2020
Place: Delhi

## एनआरएआई ने राष्ट्रीय शिविर को अनिश्चित काल के लिए स्थगित किया

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय निशानेबाजी महासंघ (एनआरएआई) ने स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अपने ओलंपिक कोर ग्रुप के निशानेबाजों के लिए अनिवार्य राष्ट्रीय शिविर को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया। संचालन समिति द्वारा 14 जुलाई को लिए गए फैसले की समीक्षा करते हुए एनआरएआई ने कहा कि कोविड-19 महामारी के समय में उसके निशानेबाजों और कोचों का स्वास्थ्य और सुरक्षा सर्वोपरि हैं। एनआईएआई ने अगस्त के पहले सप्ताह में राष्ट्रीय शिविर आयोजित करने का फैसला किया था। संचालन समिति ने शिविर को तब तक स्थगित करने का निर्णय लिया है जब तक स्थिति यात्रा के लिए सुरक्षित और उपयुक्त ना हो।

# प्रतिभा खोज के लिए राज्य अपने स्तर पर खेलो इंडिया खेलों का आयोजन करें : रीजीजू

भाषा। नई दिल्ली

खेल मंत्री किरेन रीजीजू ने राज्यों से जमीनी स्तर से बड़ी संख्या में प्रतिभाओं को तलाशने के लिए अपने स्तर पर सक्रिय रूप से खेलों इंडिया खेलों को आयोजित करने की सलाह दी। रीजीजू ने कहा, खेलो इंडिया योजना के तहत राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली वार्षिक प्रतियोगिताओं, जैसे कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स एवं यूनिवर्सिटी गेम्स ने सभी राज्यों से खेल प्रतिभाओं की पहचान करने में मदद की है। यह हालांकि पर्याप्त नहीं है। खेल मंत्री ने खेलो इंडिया योजना की आम परिषद की पहली बैठक के दौरान कहा, जो



राज्य पहले से ही वार्षिक खेल प्रतियोगिताओं का संचालन करते हैं, वे खेलो इंडिया योजना के साथ जुड़ सकते हैं और केंद्र इन आयोजनों के संचालन में उनकी मदद करेगा। रीजीजू की अध्यक्षता में हुई बैठक में खेल सचिव रवि मितल, भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के महासचिव संदीप प्रधान और खेल मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। भारत को खेल महाशक्ति बनाने के लिए, हमें पांच-दस साल की उम्र में प्रतिभा को पहचानना होगा और भविष्य का चैंपियन बनने के लिए तैयार करना होगा। ओलंपिक के लिए एक एथलीट को तैयार करने में कम से कम आठ साल लगते हैं।

**PUBLIC NOTICE**
Be it known to all and everybody that SMT. KIRAN BATRA W/o Late Shri Jagdish Lal Batra R/o House No.101, F/7, First Floor, Lane No.5, Krishna Nagar, Safdarjung Enclave, New Delhi-110029, do hereby relinquish, debar and break all her social, family, economical or all kind of relation from her ex daughter-in-law Swati Batra (before marriage Swati Gupta D/o late Dr. Alok Gupta, now divorcee and her son(my grandson) Master Aditya Dev Batra alias Dev Batra (Minor DOB 02/03/2007). It is hereby declared that Swati Batra alias Swati Gupta and her Master Son Aditya Dev Batra alias Dev Batra shall have no relations whatsoever with my family and my son Deepak Batra. My Family shall not be responsible for any kind of act done by Swati Batra alias Swati Gupta and her minor son Aditya Dev Batra.
Kiran Batra email: kiranbatra63@gmail.com
Deepak Agnihotri (Advocate)

**PUBLIC NOTICE**
Public at large is hereby informed that my clients Sh. Nand Kishor Soni S/o Late Sh. Babu Lal Soni and Lalita Soni Resident of H. No. 3372, Gali No. 2, Christian Colony, near Karol Bagh Police Station, Karol Bagh, New Delhi-110005 have disowned their elder son Shiva Soni and his wife Kavisha Soni from all their movable and immovable property. As under influence of his in-laws his behavior has changed towards my clients and he is not under control of my clients. If any person deals with them shall do so at his/her own risk and cost and my clients shall not be responsible in any manner.
Mohit Singh Gulia, Advocate
Ch. No. 185-B, Patiala House Courts, New Delhi-01, M: 8826869251

# मानसून से अर्थव्यवस्था में सुधार के संकेत

## बुरा दौर बीता, कृषि क्षेत्र कोविड-19 से प्रभावित अर्थतंत्र को उबारने में मदद करेगा : रिपोर्ट

भाषा। नई दिल्ली

भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बुरा दौर अब संभवतः बीत चुका है। वित्त मंत्रालय की मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में यह निष्कर्ष निकाला गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि बेहतर मानसून की संभावना को देखते हुए कृषि क्षेत्र कोरोना वायरस से प्रभावित अर्थव्यवस्था को उबारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। आर्थिक मामलों के विभाग की ओर से जारी



जुलाई की वृहद आर्थिक रिपोर्ट में कहा गया है कि अप्रैल के संकट के बाद भारत अब पुनरोद्धार की राह पर है। इसमें सरकार और केंद्रीय बैंक की नीतियों से समर्थन मिला है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत अनलॉक के चरण में हैं। इससे पता चलता है कि अर्थव्यवस्था का बुरा समय बीत गया है। हालांकि, कोविड-19 के बढ़ते मामलों और विभिन्न राज्यों में बारी-बारी से लग रहे लॉकडाउन से जोखिम कायम है। रिपोर्ट कहती है कि कोविड-19 के मामलों में बढ़ोतरी तथा इसकी वजह से राज्यों द्वारा कुछ-कुछ दिनों लिए लगाए जा रहे लॉकडाउन से सुधार की संभावनाएं कमजोर पड़ रही हैं। ऐसे में इसकी निरंतर निगरानी करने की जरूरत है। हालांकि, रिपोर्ट में कृषि क्षेत्र को लेकर भरोसा जताया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2020-21 में भारतीय अर्थव्यवस्था को कोविड-19 के झटकों से उबरने में कृषि क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि कृषि क्षेत्र को कोविड-19 की वजह से लागू लॉकडाउन से जल्दी और सही समय पर छूट दी गई, जिससे रबी फसलों की कटाई समय पर हो सकी। साथ ही खरीफ फसलों की बुवाई भी की जा सकी। रिपोर्ट कहती है कि गेहूं की रिकॉर्ड खरीद से किसानों के हाथों में 75,000 करोड़ रुपए गए हैं, जिससे ग्रामीण इलाकों में निजी उपभोग बढ़ाने में मदद मिलेगी।

## रुपया 75.4 प्रति डॉलर पर

घरेलू शेयर बाजारो मे तेजी के बावजूद मंगलवार को अंतर बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया तीन पैसे की गिरावट के साथ 75.04 रुपए प्रति डॉलर (अस्थाई) पर बंद हुआ।

**PUBLIC NOTICE**
This is for the information of general public that my client Kishan Chand S/o Sh. Ananat Ram R/o Plot no. 19, Block -A, Hastsal, Uttam Nagar, New Delhi-110059 have disowned his Son Sumit Kumar & his wife Deepika Mehra from all his moveable and immovable properties with immediate effect and severed all relations. Anybody dealing with them in any manner whatsoever will be doing so at his/her own cost, risk & responsibilities.
Mohinder Dhawan (Advocate)
Bar Room 3, Civil Side Tis Hazari, Delhi-54

**PUBLIC NOTICE**
I, Sunita Rani w/o Late Dharamvir Singh r/o D-51 Jhilmil Colony, Delhi-110095 do hereby announce that I have severed all relations and ties with my son Mr Ravi Shanker and daughter-in-law namely Mm Usha d/o Hemchand on account of their conduct and behaviour with me 1 have disowned them and as such am one dealing with them shall deal with them at his/her own costs, risks, and consequences and I shall not be liable for any of act/conduct of my son and daughter in law in any manner whatsoever. Henceforth my son or his wife will have no share or right or title or interest in any of my immovable or movable properties.
Delhi Sd/-
Dated 29.07 2020 HEMANT GUPTA

# सेंसेक्स 748 अंक उछला

भाषा। मुंबई

शेयर बाजारों में मंगलवार को चार कारोबारी सत्रों की गिरावट का सिलसिला थम गया। वैश्विक बाजारों के सकारात्मक संकेतों के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में जबर्दस्त लिवाली से सेंसेक्स ने 748 अंक की ऊंची छलांग लगाई। विदेशी कोषों के प्रवाह से भी बाजार धारणा मजबूत हुई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 748.31 अंक या 2.03 प्रतिशत की बढ़त के साथ 37,687.91 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 203.65 अंक या 1.87 प्रतिशत के लाभ से 11,095.25

## रिलायंस, एचडीएफसी में लिवाली से शेयर बाजार में गिरावट पर लगा ब्रेक

अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर सबसे अधिक 7.10 प्रतिशत चढ़ गया। इस तरह की खबरें आई हैं कि कंपनी फ्यूचर ग्रुप की खुदरा संपत्तियों के अधिग्रहण सौदे के करीब है। एचडीएफसी बैंक का शेयर 3.94 प्रतिशत के लाभ में रहा। रिजर्व बैंक ने शशिधर जगदीशन को तीन साल के लिए बैंक का प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ)




नियुक्त करने को मंजूरी दे दी है। वह आदित्य पुरी का स्थान लेंगे, जो इस साल अक्टूबर में सेवानिवृत्त हो रहे हैं। मारुति, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी, आईसीआईसीआई बैंक और बजाज फाइनेंस के शेयर भी लाभ में रहे। वहीं दूसरी ओर टेक महिंद्रा, इंडसइंड बैंक, एचसीएल टेक, अल्ट्राटेक सीमेंट और इन्फोसिस के शेयर 2.75 प्रतिशत टूट गए।

**शुद्धिपत्र**
**ICICI Bank**
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई लिमिटेड, तृतीय तल, प्लॅट नंबर 23, शाल टावर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली–110005

ऋण खाता नंबर एलबीडीईएल00002378631 तथा कर्जदार नाम मोहम्मद अली हसन/नर्गिस परवीन के संबंध में दिनांक 14 मार्च, 2020 को युगमार्ग (अंग्रेजी) तथा पायनियर (हिन्दी) में प्रकाशित सरफासी ऐक्ट की धारा 13(2) के तहत भौतिक कब्जा की सरफासी सूचना। हम यह उल्लेख करने के इच्छुक हैं कि उक्त प्रकाशन में असावधानीवश और बिना इरादा एक टंकण त्रुटि हो गई है तथा भौतिक कब्जा की तिथि 11 मार्च, 2020 के स्थान पर 11 जनवरी, 2020 वर्णित की गई है।
हम अतएव, आपसे उसको 11 जनवरी, 2020 के स्थान पर 11 मार्च, 2020 के रूप में पढ़ने का अनुरोध करते हैं।
उक्त प्रकाशन मे वर्णित अन्य सभी विवरण पूर्ववत रहेगा।
दिनांकित : 05–08–2020 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली/एनसीआर आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

**आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली**

**ई–निविदा सूचना सं0 02/2020–21 (खुली)/उमुइं–I/एमसीएफ/आरबीएल**
उप मुख्य इंजीनियर–I, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली, भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु ई–निविदा आमंत्रित करते है। **क्रमसं. 1 कार्य का नाम** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली, के आवासीय परिसर में पुराने टाइप–II एवं टाइप–III के अवासों में अतिरिक्त शौचालय बनने हेतु। **निविदा सं. 03/2020–21 अनुमानित लागत (रू0)** 143550693.45 **अमानत राशि(रू0)** 867800.00 **निविदा खुलने की तिथि** 28.08.2020 **समापन अवधि** 12 माह ● निविदाकार निविदा बंद होने की दिनांक एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित निविदा जमा कर सकते है। ● निविदा प्रपत्र मूल्य एवं धरोहर राशि का भुगतान अलग–अलग केवल आईआरईपीएस पोर्टल पर उपलब्ध गेटवे भुगतान प्रक्रिया के द्वारा स्वीकार किया जायेगा। ● अधिक जानकारी के लिए, कृपया भारतीय रेलवे की आईआरईपीएस वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लॉग ऑन करें। **उप मुख्य इंजीनियर–I**

**ई–निविदा सूचना सं0 01/2020–21 (खुली)/उमुइं–II/एमसीएफ/आरबीएल**
उप मुख्य इंजीनियर–II, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली, भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित करते है। **क्रमसं. 1 कार्य का नाम** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली, के कारखाना परिसर में प्रवेश के लिये गेट नं0 2 प्रस्तावित। **निविदा सं. 02/2020–21 अनुमानित लागत (रू0)** 16716588.56 **निविदा राशि** 5000.00 **अमानत राशि (रू0)** 233600.00 **निविदा खुलने की तिथि** 31.08.2020 **समापन अवधि** 12 माह ● निविदाकार निविदा बंद होने की दिनांक एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित निविदा जमा कर सकते है। ● निविदा प्रपत्र मूल्य एवं धरोहर राशि का भुगतान अलग–अलग केवल आईआरईपीएस पोर्टल पर उपलब्ध गेटवे भुगतान प्रक्रिया के द्वारा स्वीकार किया जायेगा। ● अधिक जानकारी के लिए, कृपया भारतीय रेलवे की आईआरईपीएस वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लॉग ऑन करें। **उप मुख्य इंजीनियर–II**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**सांकेतिक कब्जे की सूचना**
**ICICI Home Finance** | **शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर –23, नई रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली–110005

जबकि
अधोहस्ताक्षरी ने वित्तिय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआइ होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थी जिसमें उक्त सूचना के प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्जदार/सह–कर्जदार/जमानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे है अतएव एतद् द्वारा कर्जदार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षर दाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है एतद् द्वारा विशेष रुप से कर्जदार एवं जनसाधारण को सम्पत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा सम्पत्ति के साथ केई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआइ होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्जदार/ सह–कर्जदार का नाम/ खाता क्र. | सम्पति का विवरण/ सांकेतिक कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अर्जुन दीक्षित/ रूपेश दीक्षित/ LBDEL00004857771/ LBDEL00004350148 | डीडीए निर्मित एमआईजी फ्लैट नंबर: सी– 13/एफ, द्वितीय तल, मुनिरका, दिल्ली/ 29 जुलाई, 2020 | फरवरी 22, 2020 ₹ 27,59,522/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | देवराकोंडा श्रीनिवास स्वर्ण/ LBDEL00004071475/ LBDEL00004123592 | फ्लैट नंबर– 004, ग्राउंड फ्लोर, टॉवर विक्टोरिया, ब्लॉक–बी, ग्रैंड ओमेक्स, प्लॉट नंबर– 01,02,03 में स्थित, सेक्टर –93 बी, नोएडा, उत्तर प्रदेश/ 30 जुलाई, 2020 | फरवरी 22, 2020 ₹ 57,23,264/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्जदार/सह–कर्जदार एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।
दिनांक: अगस्त 05, 2020 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान: दिल्ली/एनसीआर आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लि.

**सांकेतिक कब्जे की सूचना**
**ICICI Bank** | **शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर –23, शाल टॉवर, नई रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली– 110005

जबकि
अधोहस्ताक्षरी ने वित्तिय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थी जिसमें उक्त सूचना के प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्जदार/सह–कर्जदार/जमानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे है अतएव एतद् द्वारा कर्जदार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षर दाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है एतद् द्वारा विशेष रुप से कर्जदार एवं जनसाधारण को सम्पत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्जदार/ सह–कर्जदार का नाम/ खाता क्र. | सम्पति का विवरण/ सांकेतिक कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | भारत भूषण अरोरा/ हंस बाला अरोरा/ LBDEL00001902250 | डी –54, संपूर्ण पहली मंजिल, साकेत, नई दिल्ली/ 29 जुलाई, 2020 | नवम्बर 30, 2019 ₹. 37,57,842/- | दिल्ली एनसीआर |
| 2. | चंदर वाधवा/ वंदना वाधवा/ LBDEL00000796874 | प्लॉट नं ई– 022, दूसरी मंजिल, प्रीत विहार, नई दिल्ली/ 29 जुलाई, 2020 | जनवरी 30, 2020 ₹. 13,94,722/- | दिल्ली एनसीआर |
| 3. | ओम प्रकाश कुकरेजा/ पुष्पा रानी/ LBFDB00001153128 | दुकान नंबर जी– 19, डब्ल्यू– 2, वैशाली, सेक्टर–1, गाजियाबाद (अतिरिक्त इकाई के साथ 624 वर्ग फीट सुपर एरिया का एक क्षेत्र संलग्न करने के लिए अतिरिक्त 905 वर्ग फीट का सुपर एरिया खुला स्थान इस इकाई को घेरे हुए है/ 29 जुलाई 2020 | जनवरी 30, 2020 ₹. 12,24,774/- | दिल्ली एनसीआर |
| 4. | संदीप भटनागर/ ज्योति भटनागर/ LBNOD00001930242 | "अपार्टमेंट नंबर 1903, टॉवर– 10, ""लोटस बाउलवर्ड"", प्लॉट नंबर जीएच– 003 में स्थित है, सेक्टर 100, नोएडा")/ 30 जुलाई, 2020 | जुलाई 31, 2018 ₹. 14,26,141/- | दिल्ली एनसीआर |
| 5. | मिंटू भल्ला/ आरती भल्ला/ LBNOD00001673477 | प्लॉट नंबर– 26 ब्लॉक–ए , सेक्टर– 47 गौतमबुद्धनगर नोएडा उत्तर प्रदेश/ 30 जुलाई, 2020 | दिसंबर 31, 2019 ₹. 7,84,924/- | दिल्ली एनसीआर |
| 6. | के संजीव कुमार/ सोनिया जॉन/ LBBBS00004120390 | फ्रीहोल्ड निर्मित सम्पत्ति की छत के अधिकारों के साथ पूरी चौथी मंजिल नंबर बी– 24, स्टिल्ट फ्लोर पर एक कार पार्किंग की जगह के साथ, बागडोला द्वारका सेक्टर 8, नई दिल्ली/ 30 जुलाई, 2020 | अक्टूबर 31, 2019 ₹. 70,93,088/- | दिल्ली एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्जदार/सह–कर्जदार एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।
दिनांक: अगस्त 05, 2020 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान: दिल्ली/एनसीआर आईसीआईसीआई बैंक लि



काठमांडू में पारंपरिक गाय यात्रा महोत्सव में भाग लेने जाते एक परिवार के लोग

# शिक्षा क्षेत्र में अब तक का हुआ सबसे लंबा अवरोध: गुतारेस

**भाषा।** संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त** राष्ट्र महासचिव के शिक्षा पर संक्षिप्त नीतिगत बयान में कहा गया है कि कोविड-19 महामारी ने इतिहास में शिक्षा के क्षेत्र में अब तक का सबसे लंबा अवरोध पैदा किया है जिससे सभी देशों और महाद्वीपों के करीब 1.6 अरब छात्र प्रभावित हुए है, वहीं इसके अतिरिक्त 2.38 करोड़ बच्चे अगले साल स्कूल की पढ़ाई बीच में छोड़ सकते हैं।दस्तावेज जारी करते हुए संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने एक वक्तव्य में कहा, शिक्षा व्यक्तिगत विकास और समाज के भविष्य की कुंजी है। यह



अवसर खोलती है और असमानता को दूर करती है। यह ज्ञानवान, सहिष्णु समाज का मेरुदंड तथा सतत विकास का प्राथमिक संचालक होती है। कोविड-19 महामारी ने अब तक के इतिहास में शिक्षा के क्षेत्र में सबसे

● कोविड-19 महामारी से 1.6 अरब छात्रों की पढ़ाई प्रभावित

लंबा अवरोध पैदा किया है। उन्होंने कहा कि जुलाई के मध्य में 160 से अधिक देशों में स्कूल बंद कर दिए गए जिससे एक अरब से अधिक छात्र प्रभावित हुए और दुनियाभर में कम से कम चार करोड़ बच्चे अपने स्कूल के शुरुआती महत्वपूर्ण समय में शिक्षा प्राप्त नहीं कर सके। इसके अनुसार महामारी ने शिक्षा में असमानता को बढ़ाया है और लंबे समय तक स्कूलों के बंद रहने से पढ़ाई को हुए नुकसान से पिछले कुछ दशकों में हुई प्रगति के बेकार होने का खतरा है।दस्तावेज के अनुसार, इनके अतिरिक्त करीब 2.38 करोड़ बच्चे और युवा (प्रारंभिक से उच्च माध्यमिक तक) केवल महामारी के आर्थिक असर की वजह से अगले साल पढ़ाई छोड़ सकते हैं या उससे वंचित रह सकते हैं। गुतारेस ने कहा कि दुनिया के सामने असमानता का अस्थाई स्तर है और ऐसे में हमें शिक्षा की हमेशा से अधिक जरूरत है जो समानता प्रदान करती है। उन्होंने कहा, हमें भविष्य के लिहाज से समावेशी, लचीली और गुणवत्तापरक शिक्षा प्रणाली के लिए साहसिक कदम उठाने होंगे।

# स्पेन के पूर्व राजा के ठिकाने के बारे में पूछा जा रहा है सवाल, कहां हैं जुआन कार्लोस?

**एपी।** मैड्रिड

**स्पेन में** इस बात को लेकर मंगलवार को अटकलबाजियों का बाजार गर्म हो गया कि देश के पूर्व राजा जुआन कार्लोस कहां हैं। वित्तीय घोटाले की जांच के बीच एक दिन पहले ही उन्होंने कहा था कि वह देश छोड़ कर जा रहे हैं। शाही परिवार की वेबसाइट पर सोमवार को प्रकाशित एक पत्र से यह जानकारी मिली है जिसे जुआन कार्लोस ने अपने बेटे राजा फिलीप षष्टम को लिखा है। पत्र में उन्होंने कहा, मैं तुम्हें इस दौर में स्पेन से बाहर जाने के फैसले की जानकारी दे रहा हूं। उन्होंने कहा कि वह अपने निजी जीवन की कुछ खास घटनाओं की सार्वजनिक प्रतिक्रिया के तहत यह फैसला ले रहे हैं। उन्होंने पत्र में कहा है कि वह अपने बेटे के लिए मुश्किलें नहीं खड़ी करना चाहते हैं। जुआन

● पूर्व राजा को 1975 में तानाशाह फ्रांसिस्को फ्रैंकों की मौत के बाद स्पेन में शांतिपूर्ण तरीके से लोकतंत्र बहाल का श्रेय दिया जाता है

कार्लोस स्पेन और स्विट्जरलैंड में आधिकारिक जांच के दायरे में हैं। जांचकर्ता संभावित वित्तीय धोखाधड़ी की जांच कर रहे हैं। कार्लोस की इस घोषणा से स्पेन के ज्यादातर लोग अचंभित हैं। न तो शाही परिवार ने और न ही सरकार ने उनके ठिकाने की जानकारी दी है। समाचार पत्र एबीसी ने मंगलवार को बताया कि कार्लोस रविवार को स्पेन से जा चुके हैं और वह पड़ोसी देश पुर्तगाल के पोर्टो से हो कर डोमिनिकन रिपब्लिक गए हैं। वहीं ला वैनगार्डिया का कहना है कि कार्लोस अस्थाई तौर पर कैरिबियाई देश में थे। लेकिन अल कॉन्फिडेनशियल अखबार का कहना है कि वह पुर्तगाल में हो सकते हैं क्योंकि यहां उन्होंने अपना बचपन व्यतीत किया था या फिर वह फ्रांस या इटली में हो सकते हैं, जहां उनके परिवार के सदस्य और दोस्त हैं।पूर्व राजा को 1975 में तानाशाह फ्रांसिस्को फ्रैंकों की मौत के बाद स्पेन में शांतिपूर्ण तरीके से लोकतंत्र बहाल का श्रेय दिया जाता है।स्पेन में उच्चतम न्यायालय ने इस साल की शुरुआत में इस संबंध में जांच शुरू की थी। स्पेन के मीडिया में अलग से स्विट्जरलैंड की जांच के बयान छपे थे जिसमें यह आरोप लगाया गया था कि सऊदी अरब के दिवंगत शाह अब्दुल्ला ने जुआन कार्लोस को लाखों डॉलर दिए थे।

# राम मंदिर शिलान्यास समारोह का जश्न मनाएंगे भारतीय-अमेरिकी

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका के** मंदिरों ने अयोध्या में ऐतिहासिक राम मंदिर के शिलान्यास समारोह का जश्न मनाने के लिए विशेष कार्यक्रमों की घोषणा की है जिसके तहत एक झांकी ट्रक राम मंदिर की डिजिटल तस्वीरों को प्रदर्शित करते हुए मंगलवार को अमेरिकी कैपिटल हिल के चक्कर लगाएगा। हिंदू समुदाय के नेताओं ने यह जानकारी दी।

मंदिर के निर्माण के लिए भूमि पूजन समारोह अयोध्या की पावन नगरी में पांच अगस्त को होगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। अमेरिका भर के मंदिर विशेष पूजा एवं अर्चना करेंगे जबकि बड़ी संख्या में भारतीय-अमेरिकियों ने कहा कि वे राम मंदिर के भूमि पूजन का जश्न मनाने के लिए दीया जलाएंगे।वाशिंगटन डीसी के और



आस-पास के भारतीय-अमेरिकियों ने कहा कि श्री राम मंदिर पर बड़े एलईडी प्रदर्शनी के साथ एक झांकी ट्रक मंगलवार रात को कैपिटल हिल और व्हाइट हाउस के चक्कर लगाएगा।यहां समुदाय के नेताओं की ओर से जारी बयान में कहा गया, विश्व भर के एक अरब हिंदुओं के लिए पवित्र स्थल पर ऐतिहासिक मंदिर निर्माण की शुरुआत के उपलक्ष्य में अयोध्या श्री राम मंदिर झांकी ट्रक अमेरिकी कैपिटल हिल के चक्कर लगाएगा। हिंदू मंदिर कार्यकारी सम्मेलन और हिंदू मंदिर पुजारी सम्मेलन ने इस समारोह का आनंद लेने के लिए पूरे अमेरिका में डिजिटल रूप से सामूहिक राष्ट्रीय प्रार्थना करने का भी आह्वान किया है।इसी तरह न्यूयॉर्क शहर में भी, हिंदू समुदाय के नेताओं ने ऐतिहासिक अवसर का जश्न मनाने का फैसला किया है। प्रतिष्ठित टाइम्स स्क्वॉयर में विशाल होर्डिंग पर पांच अगस्त को भगवान राम की छवियां और अयोध्या के राम मंदिर के थ्री डी चित्र नजर आएंगे।

समुदाय के प्रमुख नेता एवं अमेरिका भारत जन मामला समिति के अध्यक्ष जगदीश सेवहानी ने कहा कि इस अवसर के लिए जिन प्रमुख होर्डिंग को लीज पर लिया गया है उनमें विशाल नैसडेक स्क्रीन और 15,000 वर्ग फीट का एलईडी डिसप्ले स्क्रीन शामिल है जिन्हें विश्व का सबड़े बड़ा लगातार चलने वाले बाहरी डिसप्ले माना जाता है।

# इजराइल: भारतीय दूतावास ने कोरोना पाबंदियों के बीच भारत के नागरिकों के लिए आवश्यक सहायता शुरू की

**भाषा।** बीरशेबा (इजराइल),

**इजराइल में** भारतीय दूतावास ने कोरोना वायरस महामारी के चलते लोगों की आवाजाही और एकत्र होने पर लगी पाबंदियों के बीच भारतीय समुदाय को आवश्यक दूतावास सेवाएं मुहैया करने के लिए उन तक पहुंचने की एक अनूठी पहल शुरू की है। भारतीय दूतावास के कर्मचारी सप्ताह में एक बार देश के विभिन्न हिस्सों की यात्रा करते हैं, ताकि दूतावास सहायता चाह रहे भारतीयों और भारतीय मूल के इजराइलियों को फौरी जरूरत वाले दस्तावेजों के लिए समस्या का सामना नहीं करना पड़े। इराजइल में भारत के राजदूत संजीव सिंगला ने कहा, कोविड-19 के मद्देनजर तिमाही लक्ष्यों को हासिल करने के लिए हमारे आंतरिक कार्य को बढ़ाने की खातिर नियमित दूतावास शिविर लगाए जा रहे हैं। हमें लगता है कि दूतावास सेवाएं उन लोगों के करीब और पूरे इजराइल में पहुंचाना बेहतर होगा, जिन्हें इस मुश्किल घड़ी में इसकी सख्त जरूरत है। उन्होंने बताया कि भारतीय दूतावास के कर्मचारियों ने पिछले दो हफ्तों में यरूशलम और बीरशेबा का दौरा किया है। कोविड-19 के मद्देनजर जारी सरकार के दिशानिर्देशों का पालन करते हुए ए सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। इन सेवाओं के प्रति भारतीय समुदाय में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है और उनमें से कई ने इस व्यक्तिगत संपर्क की सराहना की है जो एक मजबूत संबंध महसूस कराता है। उल्लेखनीय है कि इजराइल में कोरोना वायरस संक्रमण के अब तक 74,430 मामले सामने आए हैं जबकि इस महामारी से 546 लोगों की मौत हुई है।

## क्विक न्यूज

### 9/11 के हमले में क्षतिग्रस्त चर्च का निर्माण शुरू

**न्यूयॉर्क।** वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर 11 सितंबर, 2001 में हुए हमले में क्षतिग्रस्त हुए चर्च के स्थान पर ग्रीक ऑर्थोडॉक्स चर्च का निर्माण का फिर कार्य शुरू हो गया है। वित्तीय बाधाओ की वजह से पिछले तीन साल से इस चर्च का निर्माण रुका हुआ था।अमेरिका मे ग्रीक ऑर्थोडॉक्स चर्च के आर्चबिशप इलपीडोफोर्स ने निर्माणाधीन चर्च के गलियारे में खड़े होकर पवित्र जल का छिड़काव करते हुए वर्ल्ड ट्रेड सेंटर मे सेंट निकोलस ग्रीक ऑर्थोडॉक्स चर्च और राष्ट्रीय तीर्थस्थल के निर्माण के लिए प्रार्थना की।उन्होने कहा, हमने ईश्वर की आवाज सुनी और हम इस चर्च का निर्माण कर रहे है। उन्होंने कहा कि यह चर्च पहले वाले चर्च से भी ज्यादा भव्य होगा। इस चर्च की लागत 2013 मे 20 मिलियन डॉलर तय की गई थी जो कि अब बढ़कर 86 मिलियन डॉलर हो गई है।

### अमेरिका में भारतीय मूल की अनुसंधानकर्ता की हत्या

**ह्यूस्टन।** अमेरिका मे भारतीय मूल की एक अनुसंधानकर्ता की हत्या कर दी गई। घटना के वक्त वह जॉगिंग कर रही थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।पुलिस के मुताबिक शर्मिष्ठा सेन (43) टेक्सास के प्लानो शहर मे रहती थी। एक अगस्त को चिशोल्म ट्रेल पार्क के पास जॉगिंग करते समय उन पर अचानक से हमला किया गया और उनकी हत्या कर दी गई। डब्ल्यूएफएए डॉट कॉम की एक रिपोर्ट के अनुसार लीगेसी ड्राइव और मार्चमैन वे के पास क्रीक इलाके मे एक राहगीर ने उनके शव को देखा। फॉक्स4न्यूज की खबर के अनुसार शर्मिष्ठा फार्मासिस्ट और अनुसंधानकर्ता थी जो कैंसर रोगियों के लिए काम करती थी। उनके दो बेटे हैं। डल्लासन्यूज डॉट कॉम के अनुसार इस मामले मे एक संदिग्ध को लूटपाट के आरोपो मे गिरफ्तार कर लिया गया है।खबर के अनुसार उसकी पहचान 29 वर्षीय बकारी एबियोना मोनक्रीफ के तौर पर की गई है। फॉक्स4न्यूज डॉट कॉम की खबर के अनुसार एथलीट रही शर्मिष्ठा हर सुबह चिशोल्म ट्रेल मे दौड़ लगाती थी।

### पाक में कोरोना वायरस के 432 नए मामले सामने आए: मंत्रालय

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान मे पिछले 24 घंटे मे कोरोना वायरस के 432 नए मामले सामने आए जिसके बाद देश मे कुल संक्रमितो की तादाद 2,80,461 हो गई। राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि इस अवधि मे 15 मरीजो ने जानलेवा संक्रमण के कारण दम तोड़ा। मंत्रालय ने एक बयान मे बताया, पाकिस्तान मे 432 नए मामले सामने आए है जिससे कुल मामलो की संख्या 2,80,461 हो गई है। अबतक 2,49,397 लोग बीमारी से पूरी तरह से ठीक हो गए है जबकि,013 मरीजो की हालत नाजुक है। सिंध मे 121,705 मामले, पंजाब मे 93,336, खैबर-पख्तूनख्वा मे 34,253, इस्लामाबाद मे 15,095, बलोचिस्तान मे 11,777, गिलगित-बाल्तिस्तान मे 2,198 और पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले कश्मीर मे 2,097 मामले दर्ज किए गए।मंत्रालय के मुताबिक, पिछले 24 घंटे मे 10,690 नमूनो की जांच की गई और अब तक पूरे देश मे 2,031,955 नमूनो की जांच की जा चुकी है।

### चीन व हांगकांग में कोरोना वायरस संक्रमण के कुछ मामले

**बीजिंग।** चीन और हांगकांग मे मंगलवार को कोरोना वायरस संक्रमण के कुछ नए मामले सामने आए है और इसके साथ ही वायरस पर नियंत्रण के लिए नए एवं प्रभावी कदम उठाए जा रहे है। चीन मे संक्रमण के 36 नए मामले सामने आए है जबकि इससे एक दिन पहले यहां 43 मामले सामने आए थे। नए मामलो मे से शिनजियांग के उत्तर पश्चिम क्षेत्र मे 28 और लियोनिंग प्रांत मे दो मामले सामने आए है। वही छह मामले विदेश से आने वाले चीन के नागरिको से जुड़े है। हालांकि संक्रमण से किसी भी व्यक्ति के मरने की खबर नही है। चीन मे इस खतरनाक वायरस से अब तक 4,634 लोगो की जान गई है और 84,634 लोग संक्रमित हो चुके है। वही हांगकांग मे पिछले 24 घंटे मे 78 नए मामले सामने आए है। करीब दो सप्ताह मे ऐसा हुआ है जब दहाई संख्या मे मामले सामने आए है। यहां सार्वजनिक स्थलो पर मास्क पहनने, रेस्त्रां के भीतर बैठकर खाना खाने पर रोक लगाने के साथ ही जांच बढ़ाने जैसे कदम उठाए गए है।

### सिंगापुर में कोविड-19 के 295 नए मरीज सामने आए

**सिंगापुर।** सिंगापुर मे मंगलवार को कोरोना वायरस से 295 और लोगो के संक्रमित होने की पुष्टि हुई, जिनमें अधिकतर प्रवासी कामगार है जो डॉर्मिट्री मे रहते है। इसके साथ ही सिंगापुर मे कुल कोविड-19 मरीजो की संख्या 53,346 हो गई है। नए संक्रमितो मे दो मरीज समुदायिक इलाके मे रहते है जबकि सात मामले ऐसे है जो विदेश मे संक्रमित हुए। शेष संक्रमित विदेशी कामगार है और भीड़भाड वाली डॉर्मिट्री मे रहते है जो यहां पर संक्रमण के केंद्र के रूप मे उभरे है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने दैनिक प्राथमिक जानकारी मे बताया कि दो समुदायिक स्तर के मामलो मे एक मरीज सिंगापुर का नगारिक है जबकि दूसरा कार्य पास (विदेशी) धारक है। मंत्रालय ने बताया कि जो सात आयातित मामले है उन्हे सिंगापुर आने के बाद घर मे ही पृथक रहने का निर्देश दिया गया था।

# 'अमेरिका कोविड-19 के खिलाफ बहुत अच्छा कर रहा है, भारत में जबर्दस्त समस्या'

**भाषा।** वाशिंगटन

**राष्ट्रपति डोनाल्ड** ट्रंप ने कहा कि बड़े देशों की तुलना में, अमेरिका कोविड-19 वैश्विक महामारी के खिलाफ बहुत अच्छा कर रहा है जबकि भारत इस बीमारी से लड़ने में जबर्दस्त समस्या का सामना कर रहा है और चीन में भी संक्रमण के मामलों में जबर्दस्त उछाल देखने को मिल रहा है।भारत में एक दिन में 52,050 मामले सामने आने के बाद देश में कोविड-19 के मरीजों की संख्या 18,55,745 हो गई। वहीं, चीन ने मंगलवार को देश में संक्रमण के 36 नए माामले सामने की जानकारी दी जो एक दिन पहले के 43 मामलों की तुलना में कम थे। देश में 29 जुलाई को तीन महीने में पहली बार कोविड-19 के 100 से अधिक मामले सामने आए थे जिसके बाद यहां संक्रमण के दूसरे दौर को लेकर भय उत्पन्न हो गया था।ट्रंप ने सोमवार को यहां प्रेस वार्ता में संवाददाताओं से कहा, मुझे लगता है कि हम बहुत अच्छा कर रहे हैं। मेरे विचार में हमने किसी भी राष्ट्र जितना अच्छा किया है। अगर आप सचमुच देखें कि क्या कुछ चल रहा है, खासकर इन नए मामलों के सामने आने और उन देशों के संबंध में, जिनके बारे में बात की जा रही थी कि उन्होंने इसे नियंत्रित कर लिया है। उन्होंने कहा कि बड़े देशों की तुलना में, अमेरिका कोरोना वायरस के खिलाफ लड़ाई में बहुत अच्छा कर रहा है।उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा, यह न भूलें कि हम भारत और चीन के अलावा कई देशों से बहुत बड़े हैं। चीन में बड़े पैमाने पर संक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं। भारत में जबर्दस्त समस्या है। अन्य देशों में समस्याएं हैं। ट्रंप ने कहा, और मैंने ए सब शाम की खबरों में गौर किया है। किसी भी खबर में, मैं दूसरे देशों के बारे में नहीं पढ़ता हूं।



कोलंबो में अपनी पार्टी समर्थकों को चुनाव सामग्री देते पूर्व प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे

# टिकटॉक के बिक्री मुनाफे का एक बड़ा हिस्सा अमेरिका को मिलना चाहिए: ट्रंप



व्हाइट हाउस में कैबिनेट बैठक के दौरान अपनी आदेशों को दिखाते ट्रंप

**एजेंसी।** वाशिंगटन

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रंप ने मांग की है कि लोकप्रिय चीनी ऐप टिकटॉक के बिक्री मुनाफे का एक बड़ा हिस्सा अमेरिका को मिलना चाहिए। उन्होंने कहा है कि टिकटॉक 15 सितंबर तक या तो किसी अमेरिकी कंपनी को अपना कारोबार बेच दे या फिर अमेरिका में अपना कारोबार बंद कर दे।

अमेरिका में टिकटॉक को 15 सितंबर तक कारोबार समेटने की चेतावनी देने के कुछ घंटे बाद ट्रंप सोमवार को व्हाइट हाउस में संवाददाताओं से बात कर रहे थे। प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट, टिकटॉक की मूल कंपनी बाइटडांस से इसका अमेरिकी कारोबार खरीदने के लिए बात कर रही है। हालांकि, राष्ट्रपति 100 प्रतिशत खरीद के पक्ष में हैं, न कि 30 प्रतिशत खरीद के पक्ष में जैसी अभी खबर आ रही है।

ट्रंप ने कहा, अमेरिका को उस कीमत का एक बहुत बड़ा हिस्सा मिलना चाहिए क्योंकि हम इसे संभव बना रहे हैं। हमारे बिना, जैसा आप जानते हैं, मैं कहता हूं कि यह मालिक और किराएदार जैसा है। और पट्टे के बिना किराएदार की कोई अहमियत नहीं होती। उन्होंने कहा, यह बड़ी सफलता प्राप्त करने के लिए हम इसे संभव बनाते हैं। टिकटॉक एक बड़ी सफलता है। लेकिन इसका एक बड़ा हिस्सा इस देश में होना चाहिए। यह बिक्री से आएगा, हां। संख्या कुछ भी हो, यह बिक्री से आएगी। इससे पहले, ट्रंप ने कहा कि अगर माइक्रोसॉफ्ट या कोई अन्य अमेरिकी कंपनी इसे नहीं खरीद पाती है तो टिकटॉक को 15 सितंबर को बंद कर दिया जाएगा। उचित सौदे पर काम करिए। राष्ट्रपति ने इस मामले पर माइक्रोसॉफ्ट के भारतीय मूल के सीईओ सत्य नडेला से भी बात की। माइक्रोसॉफ्ट ने रविवार को एक बयान में कहा कि नडेला और ट्रंप के बीच बातचीत के बाद कंपनी अमेरिका में टिकटॉक का कारोबार खरीदने की संभावना पर चर्चा जारी रखने को तैयार है। इसने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट खरीद की बात को आगे बढ़ाने के लिए टिकटॉक की मूल कंपनी बाइटडांस से बात कर रही है और इस चर्चा को किसी भी तरह 15 सितंबर तक पूरा कर लेगी।भारत द्वारा टिकटॉक सहित चीन के दर्जनों ऐप पर रोक लगाए जाने के बाद अमेरिका में भी राष्ट्रीय बहस शुरू हो गई है और चीनी ऐप के खिलाफ ऐसा ही कदम उठाए जाने की मांग जोर पकड़ती जा रही है। भारत ने जून में टिकटॉक, यूसी ब्राउजर सहित चीन के 59 ऐप पर रोक लगा दी थी और कहा था कि ए ऐप देश की संप्रभुता, अखंडता और सुरक्षा के लिए हानिकारक हैं। ट्रंप ने कहा कि टिकटॉक का अमेरिकी कारोबार अमेरिकी कंपनी द्वारा खरीदा जाना चाहिए क्योंकि हम सुरक्षा संबंधी कोई समस्या नहीं चाहते। राष्ट्रपति ने एक सवाल के जवाब में कहा, इसे (टिकटॉक के अमेरिकी कारोबार) खरीदने को लेकर माइक्रोसॉफ्ट ही नहीं, अन्य कंपनियों में भी उत्साह है।

# नेवेदा ने डाक मतदान का किया फैसला ट्रंप ने मुकदमा करने की ठानी

**एपी।** कार्सन सिटी

**नेवेदा के** गवर्नर स्टीव सिसोलक ने कोरोना वायरस के मद्देनजर नवम्बर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले मतदाताओं को लंबी-लंबी कतारों से बचाने के लिए डाक से मतदान की व्यवस्था सुनश्चित करने को एक विधेयक पर सोमवार को हस्ताक्षर किए।अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प लगातार इस कदम की आलोचना कर रहे हैं और उन्होंने इसे रोकने के लिए मुकदमा करने की धमकी भी दी है।डेमोक्रेट सिसोलक ने कहा, इस विधेयक के जरिए चुनाव अधिकारियों को इन अभूतपूर्व परिस्थितियों में सुलभ, सुरक्षित चुनाव कराने में मदद मिलेगी। नेवेदा के आलावा सात राज्य पहले ही कोरोना वायरस के मद्देनजर मतदाताओं को डाक मतपत्र भेजने की योजना बना चुके हैं। ट्रंप का दावा है कि डाक मतदान से चुनाव की अखंडता प्रभावित हो सकती है हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसा होने की आशंका बहुत ही कम है।इसके तहत कोविड-19 महामारी के दौरान अमेरिकी नागरिक मतदान करने के लिए मतदान केंद्रों तक जाने और कतारों में लगने से बचने के लिए डाक से मतदान का विकल्प चुन सकते हैं।ट्रम्प ने हालांकि इस कदम की काफी आलोचना की है।व्हाइट हाउस में दोबारा पहुंचने की जद्दोजहद में लगे ट्रम्प ने दलील दी कि डाक से मतदान (मेल-इन वोटिंग) से चुनाव में गड़बड़ी हो सकती है।ट्रम्प ने सोमवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा था कि उन्होंने मंगलवार को नेवेदा के खिलाफ मुकदमा करने का फैसला किया है।उन्होंने डाक मतपत्र को अमेरिका के लिए एक बड़ी शर्मनाक बात करार दिया।


ट्रेंड बाजार

## इरफान को 'डैड' नाम से याद रखेंगी राधिका मदन




**लोकप्रिय** अभिनेता इरफान का निधन हुए तीन माह से अधिक हो चुका है। अभिनेत्री राधिका मदन ने उनके साथ उनकी अंतिम फिल्म में सहकलाकार के रूप में काम किया था। उनके साथ काम करने के संस्मरणों का ध्यान करते हुए उन्हें कई रोचक बातें याद आती हैं। फिल्म 'अंग्रेजी मीडियम' में उनके साथ सेट पर हुए अनुभव के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि वो फिल्म में उन्हें पापा या डैड ही कह कर पुकारा करती थीं फिल्म में इरफान राधिका के पिता की भूमिका निभा रहे थे। राधिका ने बताया, 'मैंने उन्हें कभी सर या कुछ और नहीं कहा, मैं तो उन्हें पापा या डैड कहकर ही पुकारा करती थी। वो केवल मुस्कुरा दिया करते थे। मुझे याद है कि जब मैं पहली बार उन्हें मिली और डैड कहा तो उन्होंने अजीब सा अनुभव करने के स्थान पर मुझे गले से लगा लिया। मैं उन्हें डैड के रूप में ही याद रखूंगी।'

## कहीं नहीं जा रही अदिति राव हैदरी



**अभिनेत्री** अदिति राव हैदरी का कहना है कि 'मुझे अक्सर ये बताया जाता है कि अब मैं दक्षिण भारत में अपने कॅरियर पर ध्यान दे रही हूं और ये कि मैंने मुंबई को एक प्रकार से अलविदा कह दिया है। लेकिन मैं बता दूं कि मैं कहीं नहीं जा रही। मुझे स्क्रिप्ट और अवसर हर जगह ले जाते हैं यदि कहानी रोचक है तो मैं किसी फिल्म को मना क्यों करूं? मेरे अनुसार हम उस पीढ़ी के लोग हैं जो फिल्म में रोल की लंबाई के स्थान पर इसके तत्वपूर्ण होने को अधिक महत्व देते हैं।'

## ईशा गुप्ता ने कहा दयालु होना अच्छी बात



**बॉलिवुड** अभिनेत्री ईशा गुप्ता ने सोशल मीडिया पर कुछ ज्ञान की बातें साझा की हैं और बताया है कि दयालु होना एक श्रेष्ठ गुण होता है। ईशा ने इंस्टाग्राम पर अपना एक मोनोक्रोम चित्र पोस्ट करते हुए लिखा। इस चित्र में ईशा को एक स्वेटशर्ट पहने देखा जा सकता है जिसपर 'कूल' लिखा है। इस फोटो में उन्होंने आईलाइनर लगाया हुआ है और बाल खोल रखे हैं। नीचे एक कैप्शन में लिखा है, 'दयालु होना अच्छा होता है।'

ईशा गुप्ता ने पिछले महीने ही बताया था कि कोविड-19 संबंधी लॉकडाउन के दौरान मानसिक रूप से वो बहुत अस्थिर रही थीं।

## सिंगर ब्रांडी आठ साल बाद लाईं नया एलबम

**हॉलिवुड** गायिका ब्रांडी ने बी7 नामक अपना नया एलबम जारी किया है और ये उन्होंने आठ साल बाद किया है।

15 गानों का ये एलबम ब्रांडी द्वारा सहलेखन और निर्माण से संभव हुआ है। इसमें उन्हें सहयोग दिया है चांस द रैपर, डैनियल सीज़र ने और साथ ही उनकी बेटी सियरे ने भी इसमें सहयोग दिया है।



उनके पूर्व के लेबल कैमिलियॉन इंटरटेन्मेंट के साथ पांच साल चली कानूनी लड़ाई के बाद ये संभव हुआ है। ब्रांडी ने रोलिंग स्टोन को बताया कि अब उन्हें रिकॉर्ड की रिलीज़ के लिए जरूरी स्वतंत्रता मिल चुकी है।

ब्रांडी ने बताया, 'मैंने इस प्रोजेक्ट में सबकुछ दांव पर लगा दिया था। मेरे लिए ये स्वतंत्रता का एक गहन अनुभव था कि मैं अब अपने दिल की भीतरी आवाज के अनुसार जो चाहूं लिख सकती हूं। मैंने अपने दिल से कई बोझ भी इस दौरान उतार फेंके हैं। अब मैं संगीत से मुक्ति और मरहम का काम ले सकती हूं।'

# 'संगीत रचनात्मक कार्य है, इसमें कोई नियम नहीं चलते'

**संगीतकार भारत गोयल ने हाल ही में अपना एक गाना 'कमली...' रिलीज़ किया है। पायनियर संवाददाता शालिनी सक्सेना से एक विशेष बातचीत में उन्होंने पोर्टफोलियो के विविधतापूर्ण होने का कारण बताया। उन्होंने ये भी बताया कि संगीत में उनकी डिग्री से क्या उन्हें अपनी कॅरियर यात्रा में किसी प्रकार की सहायता मिली है?**



**❖ आपका नया गाना 'कमली..' किस बारे में है?**

इस गाने की अवधारणा, विचार, निर्माण तथा रिलीज़ लॉकडाउन के दौरान ही की गई थी। मैंने अपना एक यूट्यूब चैनल बनाया और फिर 'बिलीव डिजिटल' के साथ वितरण का समझौता किया। ये मेरा तीसरा गाना है। पहला गाना एक प्रार्थना जैसा था, दूसरा रोमांटिक और तीसरा गाना ये है 'कमली' ये नृत्य के लिए तैयार किया गया गाना है। इसके अलावा ये पहली बार है कि जब मैं निकिता गांधी के साथ काम कर रहा हूं। जबकि हम पहले अपने पारस्परिक मित्रों के साथ काम कर चुके थे।

**❖ लॉकडाउन के दौरान इस गाने को कंपोज़ करना कितना कठिन या सरल था?**

ये तो प्रोजेक्ट अर्थात गाने के प्रकार पर ही निर्भर करता है। गाना किसी कहानी पर आधारित है या वो फिल्म के लिए लिखा जा रहा है तो इसके लिए अनेक संगीतकारों की लाइव आवश्यकता होती है। इसे स्टूडियो में ही करना होता है और इसके बाद इसे रिकॉर्ड करना भी जरूरी हो जाता है। इसके लिए पूरी तैयारी की आवश्यकता होती है। लेकिन ऐसा करना लॉकडाउन में संभव नहीं होता। लेकिन कमली जैसे डांस नंबर के लिए डांस म्यूज़िक ही होना चाहिये और उसका निर्माण भी वैसा ही होना चाहिये। ये सॉटवेयर आधारित होता है। निकिता तो स्वयं ही निर्माता भी हैं और उसके पास रिकॉर्डिंग की व्यवस्था भी है। उसने गाना रिकॉर्ड करके मेरे पास वोकल्स भेज दिये और इस प्रकार हमारे बीच सहयोग सही ढंग से संपन्न हो गया।

**❖ आप किसी संगीत को कंपोज़ या बनाने में किन बातों का ध्यान रखते हैं?**

देखिये संगीत रचनात्मक क्षेत्र होता है। इसमें किसी प्रकार के नियम आदि नहीं होते। मेरे लिए संगीत अपनी भावनाओं के प्रकटीकरण का ही एक माध्यम है। जब मैं किसी गाने को प्रोड्यूस या कंपोज़ करता हूं तो मेरा एक ही उद्देश्य होता है कि जो भावना मैं गाने में पिरोने का प्रयास कर रहा हूं वो दर्शक इसे सुनते समय अनुभव करे। यदि मैं रोमांटिक गाना प्रस्तुत कर रहा हूं तो मैं चाहता हूं कि दर्शक भी गाने में उस रोमांस का अनुभव करे। संपूर्ण विचार ये है कि दर्शक हर तरह से गाने से जुड़ाव का अनुभव करे-उसके बोल, उसके स्वरों, निर्माण तथा संगीत आदि को आत्मसात करे।

**❖ श्रोता तो बहुत से होते हैं। आप सभी का ध्यान कैसे रख पाते हैं?**

हर व्यक्ति की रुचियां अलग होती हैं अत: आप सभी को संतुष्ट नहीं कर सकते। लेकिन हमारा प्रयास जितने अधिक से अधिक लोग संतुष्ट हो सकें, करना होता है। मेरी शक्ति ये है कि मैं विविधतापूर्ण स्टाइल्स तथा जॉनर्स कर चुका हूं। एक निर्माता होने के नाते ये एक महत्वपूर्ण गुण होता है कि हम बहुमुखी प्रतिभा के धनी बनें।

**❖ जब बात संगीत की आती है तो इसमें आपकी डिग्री का कितना महत्व रहता है?**

ये अत्यधिक महत्वपूर्ण है। मेरे जीवन के सर्वश्रेष्ठ निर्णयों में संगीत का अध्ययन रहा है। इसके कारण ही मैं हर प्लेटफॉर्म पर संगीत निर्माण क्षेत्र की जटिलताओं के बारे में गहराई से जान सका। इसके लिए अत्यधिक कौशल और अनुभव की आवश्यकता होती है जिसका मुझे सामना करना था।

**❖ आपका पोर्टफोलियो अत्यधिक विविधतापूर्ण है। क्या आपने सोच समझकर ही अपनी पहुंच को विस्तार दिया है?**

मैंने स्वयं को संयमित किया है। बहुमुखी प्रतिभा होने के कारण ही आप निर्माण, कंपोज़ तथा प्रयोग कर पाते हैं कंपोज़र के लिए कॅरियर में आगे बढ़ने के लिए ये आवश्यक है। यदि मैं एक ही जॉनर तक सीमित होकर रह जाऊं तो अनेक दर्शकों से वंचित रह जाऊंगा जिन तक मैं वर्तमान में पहुंच रखता हूं। यूट्यूब पर अपना चैनल बनाने का विचार इसलिये था क्योंकि इसमें आप प्रयोग और कंपोज़ दोनों ही कर सकते हैं और नेट पर ट्रेंड सेट कर सकते हैं।

**❖ अपनी जड़ों से जुड़े रहते हुए किसी प्रकार के नए प्रयोग न करना कितना महत्वपूर्ण होता है?**

संगीत में आप किसी नियम में बंध कर नहीं रह सकते। लेकिन प्रयोग करने की भी एक सीमा होती है और इसका ध्यान रखा जाना चाहिये। इसका ध्यान बना रहे तो अच्छा रहता है।

**❖ तकनीक के प्रयोग के दौरान उसे अपग्रेड करते रहने का कितना महत्व होता है?**

दो साल पहले मैंने एक वर्चुअल स्टूडियो वातावरण में उपकरणों की वास्तविक ध्वनि को बनाना प्रारंभ किया। मैंने इसकी कोडिंग और सैंपलिंग भी की। परिणामत: आज मेरे पास सैंपल्स की एक लाइब्रेरी है। इससे मेरे पास साउंड संकलित हो गईं और में लाभ की स्थिति में आ गया। आज केवल मेरे पास ही ये कोडिंग और सैंपल उपलब्ध हैं। आज मेरे पास जो तकनीकी ज्ञान है उसका वाणिज्यिक दोहन भी किया जा सकता है। मेरे पास जो उपकरण हैं वे सभी नवीनतम तकनीक पर आधारित हैं।

**❖ आप काम करने की प्रेरणा कहां से प्राप्त करते हैं?**

मैं 24गुणा7 संगीत में ही व्यस्त रहता हूं। रचनात्मक होने के लिए भी आपको पहले उपभोक्ता बनना पड़ता है ताकि आप जान सकें कि किस प्रकार का काम चल रहा है और किस प्रकार के काम की मांग है। मुझे दुनिया का हर तरह का संगीत सुनना पड़ता हैं मुझे बाहर चल रही कंटेंट के अनुसार स्वयं को अद्यतन रखना होता है। ऑन लाइन उपलब्ध रहना भी आज की आवश्यकता है।

**❖ क्या आप मानते हैं कि स्वतंत्र कलाकारों के लिए अधिक संभावनाएं हैं?**


स्वतंत्र कलाकारों के लिए ये सर्वश्रेष्ठ समय है। आजकल संगीत का उपभोग ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अधिक होता है। यही कारण है कि ओटीटी प्लेटफॉर्म पर कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने और नए प्रयोग करने का अवसर मिल जाता है।

**❖ आगे आपकी क्या योजनाएं हैं?**

मैं वर्तमान में अपने चौथे गाने पर फोकस कर रहा हूं। मैंने टी सीरीज़, टिप्स तथा टाइम्स म्यूज़िक कंपनी के साथ भी सहयोग करने का निर्णय किया है। मेरा एक गाना फिल्म चमन बहार में रिलीज़ हुआ है। मेरे पास फिल्मों के भी कुछ प्रोजेक्ट हैं साथ ही कुछ स्वतंत्र कार्य भी है।

## मुगले आजम का स्क्रीनप्ले ऑस्कर की लाइब्रेरी में पहुंचने के 60 साल पूरे

**भाषा। लंदन**




**भारतीय** सिनेमा की मशहूर कृति मुगले आजम का स्क्रीनप्ले हॉलीवुड में ऑस्कर की लाइब्रेरी को दिए जाने के 60 वर्ष इस सप्ताह पूरे हो रहे हैं।

फिल्म के निर्देशक के आसिफ के बेटे अकबर आसिफ ने फिल्म के स्क्रीनप्ले को ऑस्कर लाइब्रेरी को सौंप दिया था। अकबर लंदन में रहते और कारोबार करते हैं। अकबर ने कहा कि उन्होंने पृथ्वीराज कपूर, दिलीप कुमार और मधुबाला के अभिनय से सजी इस ऐतिहासिक फिल्म की वर्षगांठ के मौके पर एकेडमी अवार्ड्स को स्क्रीनप्ले दिया था। ऑस्कर की ऐतिहासिक मारग्रेट हैरिक लाइब्रेरी में स्क्रीनप्ले के तीन संस्करण उपलब्ध हैं जिनमें हिंदी (देवनागरी और रोमन में) तथा अंग्रेजी अनुवाद हैं।


आसिफ ने कहा, मुगले आजम की यात्रा हिंदी सिनेमा की अब तक की सबसे शानदार लेखक टीम के शब्दों से शुरू हुई थी और मैंने सोचा कि उन्हें सम्मान देने का सबसे अच्छा तरीका है कि उनके स्क्रीनप्ले को दुनिया की सबसे प्रतिष्ठित फिल्म लाइब्रेरी में स्थाई रूप से सुरक्षित रखा जाए।

उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि भावी पीढ़ियां मेरे दिवंगत पिता और उनकी लेखकों की शानदार टीम के कामकाज से सीख सकती हैं और प्रेरणा ले सकती हैं।

मुगले आजम पांच अगस्त, 1960 को भारत के सिनेमाघरों में प्रदर्शित हुई थी। उसका स्क्रीनप्ले तैयार करने वाली टीम में अमान, कमाल अमरोही, वजाहत मिर्जा, एहसान रिजवी और निर्देशक के आसिफ शामिल थे।

## सन राइज, मूथोन ने न्यूयॉर्क भारतीय फिल्म महोत्सव में जीते पुरस्कार

**भाषा। न्यूयॉर्क**



**राष्ट्रीय** पुरस्कार से सम्मानित डॉक्यूमेंटरी सन राइज और गीतू मोहनदास निर्देशित मूथोन ने 20वें न्यूयॉर्क भारतीय फिल्म महोत्सव में बड़े पुरस्कार जीते हैं। इस साल डिजिटल माध्यम से ही इस फिल्म महोत्सव का आयोजन किया गया।

इस फिल्म महोत्सव में भारतीय उपमहाद्वीप की 45 से अधिक फीचर, लघु डॉक्यूमेंटरी दिखाई गईं। डिजिटल महोत्सव की शुरुआत 24 जुलाई को हुई थी और यह 10 दिन तक चला।

इसमें असम, बंगाली, हरियाण्वी, हिंदी, अंग्रेजी, लद्दाखी, मैथिली, मलयालम, मराठी, नेपाली और तमिल भाषा की फिल्में दिखाई गईं। रविवार को पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया और इसमें फिल्म निर्माता, कलाकार तथा भारत और अमेरिका के कई अधिकारी मौजूद थे। सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंटरी (लघु) का पुरस्कार सौरव विष्णु निर्देशित टेलिंग पॉन्ड को दिया गया, जिसमें झारखंड के जादूगोड़ा के लोगों के स्वास्थ्य पर यूरेनियम खनन के प्रभाव को दिखाया गया है।

विभा बक्शी की सन राइज को सर्वश्रेष्ड डॉक्यूमेंटरी (फीचर) के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस फिल्म को 2019 में राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिल चुका है।

एनवाईएफएफ ने इस फिल्म को हरियाणा में पितृसत्तात्मक समाज के बारे में एक मजबूत डॉक्यूमेंटरी बताया जिसमें कुछ लोग समाज को बदलने के लिए काम करते हैं। मूथोन को सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार मिला है। इसके निर्देशक मोहनदास ने यह पुरस्कार स्वीकार किया। इसमें प्रेम और खोने की कहानी है। इसे लक्षद्वीप के शांत और सरस तटों से लेकर मुंबई की सड़कों पर भागमभाग भीड़ के बीच फिल्माया गया है। इस फिल्म का निर्माण भारतीय फिल्म निर्देशक और लेखक अनुराग कश्यप ने किया है। इसे पिछले साल टोरंटो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में दिखाया गया था।

## गायिका जसलीन रोयल ने कोरोना वायरस संक्रमण को शिकस्त दी



**मुंबई।** गायिका एवं संगीतकार जसलीन रॉयल ने कहा कि कोरोना वायरस संक्रमण की चेपट में आने और घर में पृथक-वास में रहने के बाद अब वह संक्रमण मुक्त हो गई हैं। जसलीन ने बताया कि उन्हें 17 जुलाई को लुधियाना से मुंबई जाना था और इस लिए उन्होंने अपनी जांच कराई थी और जांच में संक्रमण की पुष्टि होने के बाद वह घर में पृथक-वास में थीं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, मुझे हल्के लक्षण थे और मुझे घर पर रखा गया था।साथ ही सभी जरूरी एहतियात बरती गईं। कल फिर मैं जांच के लिए गई और मेरी रिपोर्ट ठीक आई है। खो गए हम कहां , नच दे ने सारे और लव यू जिंदगी जैसे गानों के लिए मशहूर जसलीन ने एक ऐसी सूची भी साझा की कि अगर कोई व्यक्ति संक्रमित हो जाता है जो उसे क्या करना चाहिए। उन्होंने लिखा, अगर आप कोरोना वायरस संक्रमण की चपेट में आते हैं तो क्या करना है: अपने संपर्क में आए सभी लोगों को इसकी सूचना दें, अधिकारियों ने साथ सहयोग करें और घबराएं नहीं.....। उन्होंने लिखा, आने वाले दस दिन में या जितनी जल्दी मैं ठीक हो जाती हूं, मैं प्लाज्मा दान देने की योजना बना रही हूं और गो कोरोना गो के साथ इसे समाप्त करती हूं।

## रंगमंच के दिग्गज इब्राहिम अल्काजी ने दुनिया को कहा अलविदा






**नई दिल्ली।** रंगमंच की दिग्गज हस्ती और विख्यात शिक्षक इब्राहिम अल्काजी का मंगलवार दोपहर को निधन हो गया। वह 94 साल के थे। अल्काजी के बेटे ने बताया कि उन्हें दिल का दौरा पड़ा था। अल्काजी राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय में सबसे लंबे समय तक निदेशक के पद पर रहे। उन्होंने गिरीश कर्नाड के तुगलक , धर्मवीर भारती के अंधायुग जैसे लोकप्रिय नाटकों का निर्माण किया। उन्होंने कलाकारों की कई पीढ़ियों को अभिनय की बारीकियां सिखाई। इन कलाकारों में नसीरुद्दीन शाह और ओम पुरी भी शामिल हैं। उनके बेटे फैसल अल्काजी ने बताया, एक जबरदस्त दिल के दौरे के बाद आज दो बजकर 45 मिनट पर पापा का निधन हो गया। उन्हें परसों एस्कोर्ट अस्पताल में भर्ती किया गया था।

## सुशांत की फिल्म देख भावुक हुए कार्तिक आर्यन


**सुशांत सिंह राजपूत** की अंतिम फिल्म देखना कार्तिक आर्यन के लिए सुखद अनुभव था। हाल ही में कार्तिक आर्यन ने सुशांत की फिल्म दिल बेचारा पुन: देखी, विशेषकर वो दृश्य जिसमें सुशांत थे और जिसे वो कभी नहीं भूल सकते। इंस्टाग्राम पर कार्तिक ने उस सीन का वीडियो पोस्ट किया। उस सीन में सुशांत आंखों में आंसू भरे हुए इशारों से ओके कह रहे हैं। कार्तिक ने कहा, 'दिल बेचारा का ये सीन बार बार देख रहा हूं।' कार्तिक की पोस्ट देखते ही सुशांत के प्रशंसकों ने सुशांत को ढेरों प्यार प्रेषित किया।

## नसीर ने की थी टीवी पर प्रीमियर की भविष्यवाणी



अभिनेता नसीरुद्दीन शाह ने कहा है कि 'मुझे विश्वास था कि ये एक दिन होगा ही। आगे उन्होंने कहा कि जब दूरदर्शन पर फिल्में नियमित दिखाई जाती थीं, तो मैंने सोचा था कि एक न एक दिन टीवी पर भी फिल्में प्रीमियर होंगी। महेश भट्ट की फिल्म 'जनम' टीवी पर प्रीमियर हुई थी और उसके बाद कई फिल्में टीवी पर प्रीमियर हुईं। ये सोचना मूर्खतापूर्ण है कि फिल्मी पैलेस यहां हमेशा रहने वाले हैं।

## आलिया को प्रिय हैं बिल्लियां



**अभिनेत्री** आलिया भट्ट को बिल्लियां प्रिय हैं। लॉकडाउन के दौरान वो बिल्लियों के पीछे ही पड़ी रहती हैं। हाल ही में इंस्टाग्राम पर उन्होंने अपनी एक काली बिल्ली की फोटो पोस्ट की जिसका नाम जुनीपर और एक सफेद बिल्ली जिसका नाम एडवर्ड था। उन्होंने इसका शीर्षक लिखा, 'जब सबकुछ असफल हो जाए तो आप भी बिल्लियों से खेलो।' उनकी इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कैमरामैन मानव मंगलानी ने लिखा, 'अच्छी फोटोज़, तुम मेरी टीम में आ सकती हो।' काम की बात करें तो आलिया को सड़क 2 में देखा जा सकेगा जो उनके पिता महेश भट्ट निर्देशित कर रहे हैं। फिल्म 1991 की इसी नाम की फिल्म की सीक्वेल है।

## समानता के लिए आगे आए रेनॉल्ड्स



**हॉलिवुड** स्टार रेनॉल्ड्स ने उन फिल्म निर्माताओं के सहयोग के लिए एक नई पहल की घोषणा की है जो नए और उन समुदायों से हों जिनका प्रतिनिधित्व नहीं हो सका है।

रेनॉल्ड्स ने ट्विटर पर इस पहल के बारे में 2 मिनट के एक वीडियो के माध्यम से बताया। इस वीडियो में डेडपूल के इस स्टार ने स्वीकार किया कि उनके सहयोग के बावजूद फिल्म उद्योग में कुछ वर्ग हैं जिनका प्रतिनिधित्व नहीं है। उन्होंने लिखा, 'फिल्म निर्माण एक सामूहिक कार्य है। लेकिन लंबे अरसे से इस समूह से अश्वेत नागरिकों तथा अन्य दरकिनार वर्गों को बाहर रखा जाता रहा है।'